kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-11 ❑ अंक-351 ❑ गुरुवार, 25 जनवरी 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



नियति के साथ साक्षात्कार और आधुनिकता के साथ साक्षात्कार के बाद, हमने 22 जनवरी, 2024 को देवत्व के साथ साक्षात्कार किया। राम मंदिर का निर्माण एक बहुत लंबी और दर्दनाक प्रक्रिया थी लेकिन इसे कानून के अनुसार हासिल किया गया और यह दर्शाता है कि देश कानून के शासन में विश्वास करता है। जगदीप धनखड़

डीआरडीओ की महत्वपूर्ण रक्षा प्रणालियों की झलक दिखाई देगी परेड में 11

मुख्यमंत्री ने मेधावी बालिकाओं को किया प्रोत्साहित 12

# अयोध्या में 10 करोड़ से तैयार होगा 'बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ब्रिज'

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❑ सीएम योगी के विजन अनुसार अवधपुरी को रेल कनेक्टिविटी के लिहाज से जल्द ही मिलेगी एक और सुविधा
- ❑ बाराबंकी-अकबरपुर रेल रूट पर बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ब्रिज के निर्माण का हुआ रास्ता साफ
- ❑ उत्तर प्रदेश सेतु निगम लिमिटेड ने शुरू की तैयारी, ईपीसी माध्यम से निर्माण कार्य को किया जाएगा पूरा
- ❑ आईआईटी व एनआईआईटी की देखरेख में सभी सर्वे व टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन कार्यों को किया जाएगा पूर्ण



लखनऊ। अवधपुरी अति रुचिर बनाई, देवन्ह सुमन बृष्टि झरि लाई... तुलसीदास कृत श्री रामचरित मानस की इस चौपाई से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने एक और अध्याय जोड़ दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा अनुसार रेल कनेक्टिविटी के लिहाज से अयोध्या क्षेत्र में बाराबंकी-अकबरपुर रेल रूट पर बो 'स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ब्रिज के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। उत्तर प्रदेश सेतु निगम लिमिटेड ने तैयारी शुरू कर दी है और प्रक्रिया को कॉन्ट्रैक्टर्स व एजेंसी को आबद्ध कर पूरा किया जाएगा।

इस प्रक्रिया को इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) बेसिस पर पूरा किया जाएगा जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस ब्रिज के निर्माण पूर्व सर्वे व टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन समेत तमाम प्रक्रियाओं को आईआईटी व एनआईआईटी की देखरेख में पूर्ण किया जाएगा। इसका निर्माण छह महीने में पूरा किया जाएगा। इसके जरिए बाराबंकी-अकबरपुर रेलवे मार्ग पर एलसी नंबर-108ए पर आरओबी के बो स्ट्रिंग स्टील गार्डर रेलवे ब्रिज हिस्से का निर्माण सुनिश्चित होगा। सीएम योगी की मंशा अनुरूप, अयोध्या के समेकित विकास के दृष्टिगत एक ● शेष पेज 11 पर

# गणतंत्र दिवस परेड में भी नजर आएंगे रामलला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी दिल्ली में 26 जनवरी को निकलने वाली गणतंत्र दिवस परेड में भी इस साल रामलला नजर आएंगे। यूपी की झांकी में रामलला के बालरूप को शामिल किया गया है। रामलला का बालरूप राममंदिर के मॉडल पर नजर आएगा। इसके साथ ही अयोध्या में हुए दीपोत्सव को भी दर्शाया गया है। झांकी में प्रयागराज में लगने वाले कुंभ को भी शामिल किया गया है। झांकी में संगम की लहरें और साधु को वहां स्नान करते हुए दिखाया गया है। झांकी में कलश के साथ दो साधुओं को दिखाया जाएगा, जो प्रयागराज में होने वाले माघ मेले एवं 2025 में होने वाले महाकुंभ का प्रतीक हैं। इस बार उत्तर प्रदेश की झांकी 'विकसित भारत समृद्ध विरासत' की थीम पर आधारित है। इसमें प्रदेश के विभिन्न विरासत की झलक भी दिखाई जाएगी।




अयोध्या में दो दिन पहले ही रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ था। जिस प्रकार जन्मभूमि पर बने राममंदिर में रामलला के पांच साल के बालक के रूप को स्थापित किया गया है, उसी प्रकार यूपी की झांकी में भी रामलला के बाल रूप को रथ पर सबसे आगे दिखाया गया है। रामलला राम मंदिर जैसे मॉडल पर बने कमल के फूल पर उसी तरह से खड़े नजर आ रहे हैं जैसे राम मंदिर के गर्भगृह में उनकी मूर्ति खड़ी है। इस मूर्ति के भी बाएं हाथ में धनुष और दाहिए हाथ में बाण है।

- ❑ यूपी की झांकी में राम मंदिर और कुंभ शामिल
- ❑ झांकी के पीछे एलईडी स्क्रीन पर एक्सप्रेसवे के माध्यम से छह संचालित जबकि सात निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे को दर्शाया गया

इसके साथ ही झांकी में दुनिया के चौथे सबसे बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नोएडा एयरपोर्ट की है। झांकी के पीछे एलईडी स्क्रीन पर एक्सप्रेसवे के माध्यम से छह संचालित जबकि सात निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे को दर्शाया गया है। ट्रैक्टर पर साधुओं के बाद रैपिड रेल का माडल है। इसके पीछे ब्रह्मोस मिसाइल को दिखाया गया है। बुधवार को दिल्ली में परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान यूपी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

## संक्षेप

### डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किए गए हिमांशु कुमार

लखनऊ। मणिपुर हिंसा की जांच के लिए गठित एसआईटी में विशेष ड्यूटी पर भेजे गए 23वीं पीएसी मुरादाबाद के एसपी हिमांशु कुमार को अब डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वह वर्ष 2010 बैच के यूपी कैडर के आईपीएस हैं।

### कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का स्वागत, कांशीराम को भी मिले: मायावती

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने केंद्र सरकार द्वारा अति पिछड़ों को उनके संवैधानिक हक के लिए कड़ा संघर्ष करने वाले कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि दलितों के हक के लिए लड़ने वाले कांशीराम को भी भारत रत्न दिया जाना चाहिए।
मायावती ने बुधवार को देश में खासकर अति-पिछड़ों को उनके संवैधानिक हक के लिए आजीवन कड़ा संघर्ष करके उन्हें सामाजिक न्याय व समानता का जीवन दिलाने वाले जननायक कर्पूरी ठाकुर को 100वीं जयंती पर अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा है कि बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे देश के ऐसे महान व्यक्तित्व कर्पूरी ठाकुर को देर से ही सही अब भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत है। देश के इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए उनके परिवार व सभी अनुयाइयों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।
उन्होंने कहा कि इसी प्रकार दलितों व अन्य उपेक्षितों को आत्म-सम्मान के साथ जीने व उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए बसपा के जन्मदाता और संस्थापक कांशीराम का योगदान ऐतिहासिक व अविस्मरणीय है। इन्हें करोड़ों लोगों की चाहत के अनुसार भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करना जरूरी है।

### मोदी आज नवमतदाता सम्मेलनों को करेंगे वर्चुअल संबोधित

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को सुबह 11 बजे से सभी विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित दो-दो नव मतदाता सम्मेलनों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी के अनुसार प्रदेश में होने वाले 806 नव मतदाता सम्मेलनों को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों व भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों को कार्यक्रम में लगाया गया है। नव मतदाता सम्मेलनों में अधिक से अधिक संख्या में नव मतदाता एलईडी तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से जुड़ेंगे। अभियान प्रभारी और मोर्चा के प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल के अनुसार नमो नव मतदाता सम्मेलनों के आयोजन के लिए हर क्षेत्र में प्रभारी तय किए गए हैं। प्रदेश की टीम तथा जिला व विधानसभा स्तर पर भी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### पीईटी-2023 की अंतिम उत्तरकुंजी जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने प्रारंभिक अर्हता परीक्षा-2023 (पीईटी) की अंतिम उत्तरकुंजी बुधवार को जारी कर दी है। इसे अलग-अलग पालियों में हुई परीक्षा के आधार पर जारी किया गया है।

हर रामभक्त को रामलला का सुगम दर्शन कराना हमारा कर्तव्य : मुख्यमंत्री

# वीआईपी यात्री एक सप्ताह पूर्व अयोध्या आने की दें सूचना

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन की आकांक्षा लिए उमड़े हर श्रद्धालु के सहज, सुगम व संतोषपूर्ण दर्शन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव परिवहन और प्रमुख सचिव नगर विकास बेहतर समन्वय से श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए जरूरी प्रबंधन करें।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों व स्थानीय प्रशासन के साथ परिस्थितियों का जायजा लेने के बाद बुधवार को भी शासन के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अपील की है कि अयोध्याधाम में अपने आराध्य प्रभु श्रीरामलला के दर्शन की आकांक्षा लिए पूरे देश से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने से उत्पन्न अविस्मरणीय स्थिति के मद्देनज़र अति विशिष्ट, विशिष्ट और गणमान्य लोगों द्वारा अयोध्या आगमन का कार्यक्रम बनाने से एक सप्ताह पूर्व स्थानीय प्रशासन, श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अथवा राज्य सरकार को सूचित करना हितकर होगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के लिए एक होल्डिंग एरिया तैयार करें, जहां दर्शनार्थियों का बड़ा समूह एकत्रित हो सके। यहां से श्रद्धालुओं को धीरे-धीरे दर्शन के लिए छोड़ा जाना उचित होगा। यहां पर उनके सामान,जूता, चप्पल, मोबाइल आदि सामान की सुरक्षा के प्रबंध होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्याधाम में आस्था का जनसमुद्र देखा जा सकता है। पूरे देश से श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। हर कोई अपने आराध्य प्रभु के दर्शन का पुण्य लाभ चाहता है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन स्वाभाविक है। ऐसी परिस्थितियों में हर श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा व सुगम दर्शन की व्यवस्था करना हम सभी का कर्तव्य है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कतारबद्ध श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पर पेयजल की व्यवस्था कराएं। दिव्यांग अथवा अति बुजुर्ग श्रद्धालु के लिए जरूरत के अनुसार व्हीलचेयर के प्रबंध भी होने चाहिए। ठंड बहुत है, ऐसे में अलाव की व्यवस्था कराएं। भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर जूट मैटिंग कराएं। प्लास्टिक की कुर्सियां लगाएं ताकि बुजुर्ग एवं वृद्धजन विश्राम कर सकें। सभी घाटों सहित पूरे नगर में साफ-सफाई-स्वच्छता लगातार होती रहे। मशीनों से सफाई कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व 'गणतंत्र दिवस' है। उल्लासमय-उत्साहपूर्ण वातावरण में कतिपय अराजक तत्व माहौल को खराब करने का कुत्सित प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी गीत-संगीत, नारेबाजी अथवा किसी भी अन्य कृत्य से किसी ● शेष पेज 11 पर



### पड़ोसी जिलों से बनाए रखें संवाद : सीएम

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अयोध्या की सीमा से लगे जनपदों के साथ अयोध्या प्रशासन तथा शासन स्तर के अधिकारी अंतरराज्यीय संवाद, संपर्क बनाए रखें। किस दिशा से कितने श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, इसका आकलन करते हुए तदनुसार जरूरी प्रबंध किए जाएं।

### निर्देश

- ❑ कहा, कतारबद्ध कर सबको कराएं दर्शन, न लगे भीड़
- ❑ विशिष्ट, अतिविशिष्ट, गणमान्य जनों से मुख्यमंत्री की अपील, अयोध्या आने से पहले सूचित करना हितकर
- ❑ अयोध्या आने के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन अभी स्थगित
- ❑ मुख्यमंत्री का निर्देश अंतरराज्यीय, अंतर्जनपदीय संवाद-समन्वय बनाये रखें अधिकारी
- ❑ गणतंत्र दिवस पर अलर्ट रहे पुलिस, माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो करें कठोर करवाई
- ❑ मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रद्धालुओं के लिए तैयार होगा होल्डिंग एरिया, जहां होंगे सामानों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# ज्ञानवापी के सर्वे की रिपोर्ट सार्वजनिक होगी

हिन्दू पक्ष की मांग पर वाराणसी कोर्ट का आदेश

एजेंसी

वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद की तीन महीने तक चली एएसआई रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी। वाराणसी जिला जज की अदालत ने बुधवार को इस बारे में आदेश देते हुए कहा कि रिपोर्ट की कापी हिन्दू और मुस्लिम दोनों पक्षों को मिलेगी। एएसआई ने 18 दिसंबर को रिपोर्ट सील बंद लिफाफ़े में कोर्ट में दाखिल की थी। हिन्दू पक्ष ने उसी समय रिपोर्ट देने की मांग की थी लेकिन मुस्लिम पक्ष की आपत्ति और एएसआई टीम के चार हफ्ते तक रुकने के आग्रह पर रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं हो सकी थी।

हिन्दू पक्ष के वकीलों का कहना है कि अदालत ने रिपोर्ट देने का मौखिक आदेश दे दिया है। लिखित आदेश भी जल्द आ जाएगा। इसके बाद उनकी तरफ से रिपोर्ट की नकल के लिए प्रार्थना पत्र दिया जाएगा। माना जा रहा है कि प्रार्थना पत्र दाखिल होने के बाद कल तक रिपोर्ट दोनों पक्षों को मिल जाएगी। दोनों पक्षों में रिपोर्ट को लेकर सहमति बनने की बात भी कही जा रही है। हिन्दू पक्ष के वकील विष्णु जैन के अनुसार दोनों पक्षों को हार्ड कापी सौंपी जाएगी। हिन्दू पक्ष ने ही रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग की थी। इससे पहले बुधवार को ही एएसआई ने सर्वे की रिपोर्ट यहां की फास्ट ट्रैक कोर्ट में भी दाखिल की थी। 1991 से ज्ञानवापी का मूल विवाद यहीं पर चल रहा है। 18 दिसंबर को जब एएसआई ने रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करने का आग्रह करते हुए इसी कोर्ट का हवाला दिया था। एएसआई ने कहा था कि वहां भी रिपोर्ट दाखिल करनी है इसलिए सार्वजनिक अभी नहीं किया जाए। एएसआई के आग्रह पर ही अदालत ने रिपोर्ट के ● शेष पेज 11 पर



## पोस्टमार्टम में लापरवाही पर बदायूं के दो और डॉक्टर निलंबित

लखनऊ। बदायूं में पोस्टमार्टम में लापरवाही पर दो और डॉक्टरों पर गाज गिरी है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दोनों डॉक्टरों को निलंबित कर बरेली के अपर निदेशक चिकित्सा-स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के कार्यालय से संबद्ध करने के निर्देश दिए हैं। दोनों डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है।

मामला 10 नवंबर 2023 को बदायूं के थाना अलापुर के कुतरई गांव निवासी पूजा की मौत से जुड़ा है। पूजा के पिता गंगाचरण ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। सीएमओ ने दो चिकित्सकों डा. मोहम्मद उबेश एवं डा. मोहम्मद आरिफ हुसैन की संयुक्त कमेटी गठित की थी। उन्होंने शव का पोस्टमार्टम किया। आरोप है कि पोस्टमार्टम में सतर्कता नहीं बरती गई। घरवालों का कहना था कि पोस्टमार्टम के ● शेष पेज 11 पर

# मुसीबत में 'इंडिया' गठजोड़!

एजेंसी

- ❑ बंगाल में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी तृणमूल कांग्रेस : ममता
- ❑ आप पंजाब में सभी सीटों पर लड़ेगी लोकसभा चुनाव : मान

नई दिल्ली। वपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल राजनीतिक दलों के बीच 'सीट शेयरिंग' को लेकर कोई सर्वमान्य फॉर्मूला तय होता, इससे पहले ही गठबंधन में तगड़े झटके लगने लगे हैं। ताजा झटका गठबंधन की वरिष्ठ सहयोगी एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दिया है। ममता बनर्जी और भगवंत मान ने बुधवार को स्पष्ट कर दिया है कि लोकसभा चुनाव में टीएमसी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। किसी दल के साथ ममता बनर्जी, कोई गठबंधन नहीं करेंगी। उध पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि राज्य में आम आदमी पार्टी (आप) सभी सीटों पर अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। सुश्री बनर्जी ने वर्दमान जिले से रवाना होने से पहले संवाददाताओं से यह बात कही। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन के साथ हमारा कोई संबंध नहीं है और हम राज्य की 42 लोकसभा सीटों पर अपनी ताकत से चुनाव लड़ेंगे।

उन्होंने कहा मेरा कांग्रेस के साथ कोई रिश्ता नहीं है। हम अकेले लड़ेंगे और अखिल भारतीय स्तर पर चुनाव के बाद निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस राज्य में कांग्रेस को दो सीटें देना चाहती थी, लेकिन वे और सीटें चाहते थे, जो उनकी पार्टी को स्वीकार्य नहीं है। तृणमूल कांग्रेस नेता ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने वाली कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा उनकी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की भी आलोचना की। उन्होंने कहा उनका पश्चिम बंगाल आने का कार्यक्रम है, लेकिन उनमें (कांग्रेस) हमें सूचित करने का शिष्टाचार तक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस 300 सीटों तक लड़ सकती है और अन्य पार्टियां भी चुनाव लड़ें। बनर्जी के ● शेष पेज 11 पर

अवध शिल्पग्राम में उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर शुरू हुआ यूपी पर्व का तीन दिवसीय आयोजन

# ओडीओपी ने दिलायी यूपी को नयी पहचान यूपी : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के मध्यम, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग विभाग से अपेक्षा की है कि विश्वकर्मा योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में इण्टर्नशिप करने वाले कारीगरों और हस्तशिल्पियों को रोजगार के लिए पहले दो लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाए। जब यह ऋण समय सीमा के अन्दर अदा कर दिया जाए तो फिर उन्हें पांच लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को यहां अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित यूपी पर्व का शुभारम्भ करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को धरातल पर उतरने का एक सशक्त माध्यम बना है। वर्ष 2018 में आज ही के दिन हमारी सरकार ने एक जिला एक उत्पाद योजना का शुभारंभ किया था, जो आज उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान दिला रहा है। इस कार्यक्रम को शुरू करने का परिणाम है कि पहले की सरकारों में यूपी का निर्यात जहां 86 हजार करोड़ रुपये का था।

वहीं उत्तर प्रदेश दो लाख करोड़ रुपये का ओडीओपी निर्यात कर रहा है। वर्ष 2019 में विश्वकर्मा योजना शुरू हुई जो आज पीएम विश्वकर्मा योजना के नाम से पूरे देश में चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने ओडीओपी उत्पादों की ई-मार्केटिंग के लिए 'ओडीओपी मार्ट पोर्टल' की लॉन्चिंग भी की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सातवें स्थापना दिवस की बधाई दी और कहा कि नोएडा में पिछले वर्ष आयोजित हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से दुनिया ने उत्तर प्रदेश की क्षमता को देखा। उस ट्रेड शो में 500 से अधिक विदेशी बायर्स आए थे।

वर्ष 2017 से पहले थे वेतन के लाले

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के तीसरे स्थापना दिवस पर हमारी सरकार ने अप्रेंटिसशिप की नई स्कीम लागू की थी, जिससे लाखों युवा जुड़ रहे हैं। 2017 के पहले उत्तर प्रदेश की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, वेतन देने के लाले थे। पूरे प्रदेश में अव्यवस्था का तांडव था। प्रदेश के सामने पहचान का संकट था। यहां का युवा अपनी पहचान छुपाने के लिए मजबूर होता था। 2017 के बाद जब डबल इंजन की सरकार ने काम करना प्रारंभ किया तो सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण बना। आज उत्तर प्रदेश के नौजवानों, उद्यमियों और व्यापारियों को देश के अंदर अपनी पहचान छुपाने की जरूरत नहीं पड़ती है बल्कि गर्व से खुद को उत्तर प्रदेश का बताते हैं। पिछले सात वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के मामले में भी प्रदेश की स्थिति बेहतर हुई है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लखनऊ की रहने वाली वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव और कानुपर के नवीन तिवारी को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान सम्मानित किया। डॉ. ऋतु ने भारत के मार्स से ऑर्बिटर मिशन और चंद्रायन के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह इस मिशन की उप संचालन निदेशक भी थीं। डॉ. ऋतु 1997 से इसरो के लिए काम कर रही हैं। वहीं नवीन तिवारी ने दुनिया में सबसे बड़ा स्वतंत्र मोबाइल एडटेक प्लेटफॉर्म स्थापित किया है, जो उत्तर प्रदेश और भारत के स्थानीय व्यवसायों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय दर्शकों से जोड़ता है। उनका लॉक स्क्रीन सॉफ़्टवेयर वैश्विक स्तर पर 40 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन पर मौजूद है। उद्यमी नवीन ने भारत को विश्व मंच पर स्थापित करने के साथ ही 26 देशों में उपस्थिति दर्ज की है। साथ ही 3000 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया जबकि हजारों लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले हस्तशिल्पियों को टूल किट प्रदान किए गए। साथ ही संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के तहत गुजरात, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, हरियाणा, सिक्किम एवं गोवा के कलाकारों द्वारा ● शेष पेज 11 पर



### अब चीन नहीं ओडीओपी उत्पाद दे रहे गिफ्ट

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश का सातवां स्थापना दिवस हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि सप्तपुरियों में से एक अयोध्यापुरी में प्रभु राम 500 वर्षों के लंबे वनवास को तोड़ते हुए स्वयं अपने धाम में विराजमान हुए हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस का यह कार्यक्रम हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण हो जाता है।

# अंतिम पायदान तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार की योजनाओं का लाभ किस तरह से समाज के अंतिम पायदान तक बैठे व्यक्ति तक पहुंच रहा है, इसकी झलक उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर अवध शिल्प ग्राम में दिखाई दे रही है। 24 जनवरी से 26 जनवरी तक यहां आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग ने भी अपना स्टॉल लगाया है, जिसमे विभाग की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रदेश भर के जरूरतमंद वरिष्ठजनों से लेकर युवाओं और कन्याओं को लाभ पहुंचाने के लिए समाज कल्याण विभाग कई योजनाएं संचालित कर रहा है। इनमें वृद्धावस्था पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धाश्रम योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, अनुसूचित जाति अत्याचार उत्पीड़न सहायता योजना और छात्रवृति योजना शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2023-2024 में अब तक के



आंकड़ों पर गौर करें तो प्रत्येक आयु वर्ग के लाभार्थियों ने इन योजनाओं का लाभ उठाया है। खास बात यह है कि तकनीक का प्रयोग कर पारदर्शिता के साथ न सिर्फ योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, बल्कि अंतिम पायदान तक इसका लाभ दिलाने का प्रयास भी किया जा रहा है। वृद्धजनों को डीबीटी के माध्यम से आधार बेस्ड पेमेंट वर्तमान में वृद्धजनों के सम्मानजनक जीवनयापन के लिए 50.21 लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। वृद्धजनों को आधार बेस्ड पेमेंट डीबीटी के माध्यम से किया गया। यही नहीं वृद्ध जनों के लिए हर जिले में वृद्धाश्रम खोले गए हैं। वर्तमान में प्रदेश में 75 वृद्धाश्रम हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8000 वृद्धजनों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। वृद्धाश्रम में प्रति वृद्ध संवासी हेतु निःशुल्क आवास, भोजन, वस्त्र, औषधि, मनोरंजन, पर्सनल केयर की सामाग्री की पूर्ण सुविधा दी जा रही है। 20,000 आवेदकों को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ वित्तीय वर्ष 2023-24 में 20,000 आवेदकों को योजना का लाभ दिलाया गया है। योजना के तहत एकमुश्त आर्थिक सहायता 30 हजार रुपए

### यूपी दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग के स्टॉल पर दिखाई दे रही विविध योजनाओं की झलक

डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी द्वारा उपलब्ध करवाए गए खातों में प्रेषित की जा रही है।

साल-दर-साल मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में आवेदकों की संख्या बढ़ रही है। पात्र योजना के प्रति जागरूक हो रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश भर में 44,000 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ है। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का नया पोर्टल विकसित किया गया है। सीएम योगी की सरकार में अनुसूचित जाति के लोगों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उनके खिलाफ होने वाले अपराधों के खिलाफ न सिर्फ दोषियों को कड़ी सजा दिलाई गई बल्कि पीड़ितों को आर्थिक राहत भी दी गई।

# उप्र के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति खराब उपभोक्ता परिषद ने रोस्टर समाप्त करने की मांग की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति की रेटिंग में भी उप्र की बिजली कंपनियां फिसड्डी साबित हुई हैं। उप्र राज्य उपभोक्ता परिषद ने तत्काल रोस्टर सिस्टम समाप्त कर बिजली कंपनियों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उपभोक्ता परिषद का कहना है कि रोस्टर समाप्त करने से प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत बढ़ेगी और विद्युत आपूर्ति सुधरेगी। यह बता दें कि मध्य गुजरात बिजली कंपनी व उत्तर गुजरात बिजली कंपनी द्वारा 23.92 घंटा ग्रामीण विद्युत आपूर्ति का रिकॉर्ड बनाया गया है। वहीं देश में 19 बिजली कंपनियां औसत एवरेज से नीचे रही और 35 बिजली कंपनियां भारतीय औसत विद्युत आपूर्ति से ऊपर रही। पश्चिमांचल की ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति देश में सबसे ज्यादा खराब रही। रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड( आर0ई0सी )द्वारा द्वारा देश के सभी राज्यों की कंज्यूमर सर्विस रेटिंग जारी की गई। इसमें पूरे देश के 62 बिजली कंपनियों को शामिल किया



गया। सभी पैरामीटर को मिलाकर 100 नंबर निर्धारित किए गए। उसमें आवर्त ऑफ सप्लाई इंटरप्शन इंडेक्स और वितरण ट्रांसफार्मर फ़ेल होने पर ही केवल 45 नंबर निर्धारित किया गया। यानी की आपूर्ति के घंटे सबसे प्रमुख पैरामीटर माना गया। उत्तर प्रदेश के मामले में बात करें तो उत्तर प्रदेश में लगभग तीन करोड 30 लाख विद्युत उपभोक्ता है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में ही केवल 80 प्रतिशत कुल उपभोक्ता है। रेटिंग में भारतीय अधिकतम विद्युत आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्र के लिए जो सामने आई वह 23.92 घंटा है। इसी प्रकार भारतीय औसत विद्युत आपूर्ति ग्रामीण के लिए 21.26 घंटा और भारतीय न्यूनतम विद्युत आपूर्ति जो ग्रामीण के लिए सामने आई वह 15.17 घंटा रहा। सबसे बडा चौकने वाला मामला यह है कि उत्तर प्रदेश की कोई भी बिजली कंपनी ग्रामीण क्षेत्र में न तो भारतीय अधिकतम विद्युत आपूर्ति में स्थान बना पाई और न ही भारतीय औसत विद्युत आपूर्ति में अपना स्थान बना पाई जो अपने आप में चिंता का विषय है। सबसे चिंता की बात यह है कि उत्तर प्रदेश की पश्चिमांचल विद्युत वितरण कंपनी ग्रामीण क्षेत्र में देश की सबसे कम विद्युत आपूर्ति करने वाली बिजली कंपनी घोषित हुई और उसे भारतीय मिनिमम 15.17 घंटा विद्युत आपूर्ति ही कर पाई। वहीं मध्यांचल विद्युत वितरण कंपनी 17.61 घंटा दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम 18.57 घंटा, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम 19.11 घंटा, उत्तर प्रदेश की निजी घराने की नोएडा पावर कंपनी 19.16 घंटा ही विद्युत आपूर्ति कर पाई यानी कि न तो भारतीय अधिकतम में स्थान बना पाई, न ही भारतीय औसत में स्थान बना पाई। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि भारत में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष ऊर्जा की खबत लगभग 1327 यूनिट है।

# जो राम का नहीं ,वह किसी काम का नहीं : नन्दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हमलावर विपक्ष को मंत्री नन्दी ने दिया जवाब

लखनऊ। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद विपक्ष और अधिक हमलावर हो गया है। जिस पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने विपक्ष पर करारा प्रहार किया है। मंत्री नन्दी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं। मंत्री नन्दी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि हर गुजरते दिन के साथ यह एकदम स्पष्ट होता जा रहा है कि इंडी गठबंधन केवल और केवल नकारात्मकता व नफरत की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। जनता द्वारा सिरे से नकार दी गई पार्टियाँ अपने-अपने परिवार का राजनैतिक अस्तित्व बचाने को लेकर एकजुट हुई हैं। न कोई नेता, न कोई एजेण्डा, न कोई जनहित की बात। बस एक बात पर इन सबकी आम सहमति है और वह है हिन्दू आस्था पर चोट करना, सनातन को अपमानित करना और रामभक्तों की भावनाओं को ठेस पहुँचाना। मंत्री नन्दी ने आगे लिखा है ऐसा लगता है कि इस गठबंधन पर आसुरी शक्तियों का प्रभाव है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के सामूहिक बहिष्कार के बाद यह असलियत सबके सामने आ चुकी है। कांग्रेस, डीएमके, आरजेडी और समाजवादी पार्टी के नेताओं के आपत्तिजनक बयानों के बाद अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रामभक्तों को 'काफिर' कहा है। असल में पूरे देश में उत्साह, उत्सव, उल्लास और उमंग का माहौल देखकर इन नेताओं की रात की नींद गायब हो गयी है। इस तरह के बयान उसी बौखलाहट और बेचैनी का प्रमाण है। ‡अब पछताये होत का जब चिड़िया चुग गयी खेत।‡ जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं। जनता इन रामद्रोहियों को सबक सिखाने के लिए कमर कस चुकी है। प्रभु श्रीराम भव्यता के साथ अयोध्या धाम में विराजित हो चुके हैं। राम राज्य का शुभारम्भ हुआ है।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा पर अपना दल (एस) ने पीएम का जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को अपना दल (एस) के कैम्प कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को मरणोपरांत भारत रत्न देने की घोषणा पर आभार व्यक्त किया गया। संगोष्ठी में पार्टी के पदाधिकारियों ने प्रसंन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जी ने तीन साल पहले 7 जनवरी 2021 में जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देने की मांग की थी। इस बावत 24 जनवरी 2021 में पार्टी ने प्रदेश के सभी जनपदों में कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती के अवसर पर उन्हें भारत रत्न देने की मांग की थी। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जी सही मायने में पिछड़ों के मसीहा थे। उन्होंने



समाज के हर वर्ग के विकास के लिए चिंतन किया। भारतीय राजनीति में सादगी व ईमानदारी के मिसाल थे जननायक कर्पूरी ठाकुर। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एसपी कुरील ने कहा कि मंडल कमीशन लागू होने से पहले जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने बिहार में समाज के गरीब, वंचित तबके के विकास के लिए 26 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का महान कार्य किया। उन्होंने महिलाओं के विकास के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण, गरीब सवर्णों के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ईमानदारी व समाजिक न्याय की मिसाल कहे जाने वाले जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देने की घोषणा अत्यंत हर्ष का विषय है। इसके लिए हम अपनी पार्टी अपना दल एस की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर विधि मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद पटेल, राष्ट्रीय सचिव कार्यालय मुन्नर प्रजापति, लखनऊ जिलाध्यक्ष हरिओम पटेल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# युवा पीढ़ी एकजुट होकर बेहतर भविष्य के लिए हो चुकी है दृढ़ संकल्पित: रालोद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने बुधवार को अपने पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के दृढ़ संकल्प को नौजवनों से आत्मसात करने की बात कही है। उन्होंने अपने पोस्ट में युवा पीढ़ी को बेहतर भविष्य और देश के बेहतर कल के लिए संकल्पित करने का संदेश दिया है। रालोद ने लिखा कि 'एपीजे अब्दुल कलाम साहब ने कहा था कि दृढ़ संकल्प एक ऐसा गुण है जो हमें सफलता की ओर ले जाता है। आज इस देश की युवा पीढ़ी एकजुट होकर अपने बेहतर भविष्य और देश के बेहतर कल के लिए दृढ़ संकल्पित हो चुकी है, यक़ीनन हम सफलता के बहुत करीब हैं। बता दें कि लोकसभा चुनाव का जल्द ही बिगुल बजने वाला है। उससे पूर्व सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी तैयारी को लेकर दंभ भर रही हैं। विपक्षी दलों का गठबंधन भी लोकसभा चुनाव में जीत को आश्वास्त है।

हालांकि विपक्षी गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। ऐसे में राष्ट्रीय लोकदल का युवा पीढ़ी को एकजुट होकर संकिल्पत होने की बात कहां तक सटीक बैठती है यह आने वाले चुनाव नतीजों से स्पष्ट हो जाएगा।

# कुशीनगर में गोद ली हुई बच्ची की पिटाई का वीडियो वायरल, मामले में महिला गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना,कुशीनगर। कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के रहने वाले बशरुदीन और उसकी पत्नी आठ माह पहले मुहम्मद आलम के घर पहुंचे थे। बशरूद्दीन की कोई संतान नहीं होने पर उसने अपनी पीड़ा सुनाकर मान मनव्वल कर अफसाना की पांच साल की बेटी अमीना को गोद ले लिया था। करीब दो माह पहले बशरुदीन विदेश चला गया था। इसके बाद बशरुदीन की पत्नी अमीना को आए दिन प्रताड़ित करने लगी थी।इस दरम्यान प्रताड़ना का वीडियो बनाकर सोसल मीडिया पर वायरल गांव के लोगो ने कर दिया था। वायरल वीडियो में महिला अमीना को आंगन में सब्जी काटने वाले हंसिया (पहसुल) से पिटाई कर रही थी। किसी ने छत से छुपकर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। गरीबी के चलते 11 बच्चों की परवरिश नहीं कर



पाने की वजह से दूसरी महिला ने पांच वर्ष की बच्ची को आठ माह पहले गोद लिया था । वायरल वीडियो में महिला उस मासूम की बर्बर पिटाई करती नजर आ रही थी। वीडियो वायरल होने के बाद बच्ची की मां उसको अपने साथ ले गई थू। थाना कुबेरस्थान पुलिस ने पीड़ित बच्ची के बड़े पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी महिला को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेद दिया है।

गौरतलब हो की बिहार के पिपरहिया गांव का निवासी मुहम्मद आलम गन्ना क्रशर पर मजदूरी का काम करता है। उसके पास केवल पांच कट्ठा खेत है, जिसमें से दो कट्ठा बंधक है। उसकी नौ बेटियां और दो बेटे हैं।

उसने किसी तरह तीन बेटियों का विवाह कर दिया है। अन्य बच्चों की परवरिश के लिए मुहम्मद आलम और उसकी पत्नी अफसाना मजदूरी करते हैं। उनके बड़े भाई का रिश्तेदार कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के रहने वाले बशरुदीन और उसकी पत्नी आठ माह पहले मुहम्मद आलम के घर पहुंचे थे । हालाकी बशरूद्दीन की कोई संतान नहीं है। उसने अपनी पीड़ा सुनाकर मान मनव्वल कर अफसाना की पांच साल की बेटी अमीना को गोद ले लिया था। करीब दो माह पहले बशरुदीन विदेश चला गया था । इसके बाद बशरुदीन की पत्नी अमीना को आए दिन प्रताड़ित करने लगी थी।

ग्रामीणों ने उसके प्रताड़ना का वीडियो बनाकर सोसल मीडिया पर वायरल कर दिया था । वायरल वीडियो में महिला अमीना को आंगन में सब्जी काटने वाले हंसिया (पहसुल) से पिटाई कर रही थी। किसी ने छत से छुपकर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। ग्रामीणों ने अमीना को अपने पास रख लिया। उधर,वायरल हो रहे वीडियो को देखने के बाद मासूम बच्ची को लेने के लिए अफसाना घर से निकली थी। थोड़ी ही देर में वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस भी वहां पहुंच गई थी। इस मामले में पंचायतनामा (समझौता पत्र) बनाकर पुलिस ने अमीना को अफसाना को सौंप दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इसके बाद अमीना के बड़े पिता सुखल की तहरीर पर गंभीर चोट पहुंचाने की धारा में आरोपी महिला आसमा खातून पर केस दर्ज कर उसे बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# भारत रत्न की उपाधि मिलने पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

### स्व. कर्पूरी ठाकुर की मनाई गई 100 वीं जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। बिहार के पूर्व मुख्य मंत्री, जननायक स्व कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती अखिल भारतीय नाई महापंचायत जिला इकाई द्वारा नगरपालिक परिषद कुशीनगर अंतर्गत महन्थ अवैद्यनाथ नगर (सिसवा - महन्थ) स्थित रामलीला मैदान में मनाई गई। इस अवसर पर स्व. कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की गई और भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बुधवार को जयंती कार्यक्रम में स्व0 कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया गया। मुख्यअतिथि साहित्यकार रामनरेश शर्मा ने कहा कि महानायक बनना आसान है लेकिन जननायक बनना आसान नहीं। वह गरीब परिवार से निकले और पूरी ईमानदारी से दलितों, पिछड़ों, गरीबों को सामाजिक न्याय के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष करते रहे। उन्हें भारत सरकार द्वारा भारत रत्न से सम्मानित किया जाना



हम सभी के लिए गौरव की बात है। मुख्य वक्ता भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष गोबर्द्धन प्रसाद गोंड़ ने कहा कि जननायक कर्पुरी जी का सम्मान जन जन का सम्मान है। आरक्षण में कर्पूरी फार्मूला लागू कर सबको न्याय देने का कार्य किया। ऐसे महानायक को भारत रत्न देने का सम्मान मिलना सराहनीय है। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ठाकुर, पूर्व महा मन्त्री छात्र संघ बुद्ध स्नात्कोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर अशोक कुमार सिंह, सभासद पीएन सिंह, सभासद गिरिजेश सिंह, सभासद विजेंदर प्रताप सिंह, सभासद प्रतिनिधि अमेरिकन सिंह, सभासद प्रतिनिधि अजेन्द्र सिंह, सुशील वर्मा, सपासनौवर अंसारी ने भी संबोधित किया। सभी का स्वागत कसया नगर अध्यक्ष जटाशंकर शर्मा व युवा विंग संयोजक अभिषेक शर्मा ने किया। संचालन आयोजक हृदया नन्द शर्मा ने किया। इस अवसर पर संरक्षक महियुद्दीन, प्रधान राजेश शर्मा, सुरेश शर्मा, नंदलाल शर्मा, केदार सिंह, महेश पासवान, संजय सिंह, रौनक सिंह, खालिक अंसरी, अरुण, अमित, आदर्श पाण्डेय, अजय सिंह, जयराम सिंह, इसलाम सुरेश, परमहंस सिंह, मुक्तिनाथ पाण्डेय, रामप्रीत सिंह, सुरेश गोंड़, दुर्गेश सिंह, महेश सिंह, राम अवध सिंह, सत्य प्रकाश त्यागी, वीरेंद्र यादव, नंदलाल वर्मा, सुरेश सिंह, ब्रजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक मदन गोविन्द राव की भांजी सुनिष्ठा सिंह बनी एसडीएम

### युपी पीसीएस रिज़ल्ट के टॉप 20 में बनायी जगह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना,कुशीनगर! रामकोला के पूर्व विधायक मदन गोविन्द राव की भांजी सुनिष्ठा सिंह ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को जारी युपी पीसीएस 2023 के रिज़ल्ट में सोलहवाँ स्थान प्राप्त कर परिवार का मान बढ़ाया है,अब वो एसडीएम पद को सुशोभित करेंगी ! प्रदेश के बहराइच जनपद के कैसरगंज ( गुँथिया ) निवासी श्रीमती सुनन्दा सिंह एवं कुंवर विजयन्त सिंह जी की सुपुत्री सुनिष्ठा सिंह की प्रारंभिक शिक्षा बहराइच में होने के उपरांत लखनऊ से उच्चतर शिक्षा हासिल कर,वहीं से युपीएससी की तैयारी कर रही थी तथा 2021 में आईएएस का मेन्स भी क्वालिफ़ाई कर चुकी हैं,तथा



सिविल सर्विसेज़ के लिए लगातार प्रयासरत थी ! परिणाम घोषित होने के समय सुनिष्ठा सिंह के लखनऊ में होने के कारण बुधवार को पूर्व विधायक मदन गोविन्द राव के साथ माँ सुन्नदा सिंह एवं पिता कुंवर विजयन्त सिंह समेत परिवार के सदस्य एवं शुभचिंतकों ने लखनऊ पहुँच कर सुनिष्ठा सिंह की इस सफलता पर शुभकामनाएँ दिया है ! इधर रामकोला नगर में भी सुनिष्ठा सिंह की सफलता पर स्थानीय लोगों ने ख़ुशियाँ व्यक्त किया है !

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगो को करे प्रेरित : एडीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने कहा कि समाज में ऊंचाई हासिल करने के लिए गलतियों से सबक लेना होता है। हमसे किस स्तर पर क्या चूक हो गयी है ,उस पर विजय प्राप्त कर आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कहा पहले कुशीनगर का मतदान प्रतिशत 67 था। इसे बढ़ाकर 85 करने के लिए हरसंभव प्रयास करना होगा। एडीएम श्री मिश्र मतदाता दिवस के पूर्व संध्या पर बुधवार को पडरौना नगर मे स्थित हनुमान इंटर कालेज में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। एडीएम ने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदान भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट



डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके।

इसके पूर्व मतदाता दिवस 2024 लिखे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। कार्यक्रम में विद्यालय द्वारा बनाई गई रंगोली की सराहना अतिथियों ने की। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य शैलेंद्र दत्त शुक्ल ने कहा कि पूर्व में जनपद में स्वीप के कार्यक्रम में हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज महती भूमिका निभाया है और जो लकीर पूर्व में खींची गई थी, उससे बड़ी लकीर खींचने का संकल्प पूरा करना होगा। वोट प्रतिशत में जनपद कुशीनगर को प्रदेश के अव्वल जिला बनाने का कार्य किया जाएगा। विद्यालय के प्रबंधक मनोज शर्मा ने बताया कि गत वर्षो में विद्यालय मतदाता जागरूकता सहित सरकार के तमाम योजनाओं को छात्र-छात्राओं के माध्यम से जनमानस तक पहुंचाने

### हनुमान इंटर कालेज मे आयोजित मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

का कार्य किया है। समारोह को जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र सिंव समग्र शिक्षा अभियान के प्रभारी विष्णु प्रभाकर पांडे ने संबोधित किया । इस दौरान एसडीएम सदर महात्मा सिंह तहसीलदार सदर सुमित कुमार सिंह, प्रभारी राजस्व निरीक्षक निर्वाचन कार्यालय अरविंद कुमार, राजस्व निरीक्षक निर्वाचन कार्यालय राजेंद्र चौबे, वंशबहादुर यादव ,योगेंद्र गुप्ता नवीन पांडे, संतोष गुप्ता शीतल सिंह सहित अन्य राजस्व कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने किया, रंगोली का निर्माण करने वाले टीम सचिन मद्धेशिया और उनके समस्त सहयोगियों को अपर जिलाधिकारी ने सम्मानित किया।

# खेत में पानी लगा रहे किसान की निर्मम हत्या, मुक़दमा दर्ज

## ज़मीनी विवाद में हत्या की आशंका,काफ़ी समय से चल रहा था ज़मीनी विवाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रहीमाबाद/लखनऊ। खेत में पानी लगाने गये किसान पर 4 से 5 अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल अवस्था में सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गये। घटना से गांव में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में ट्रामा सेन्टर ले गये जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जमोलिया निवासी राजेश कुमार 45 पुत्र जगदेव का खेत गोसवा स्थित रेलवे फाटक पर के पास है। बुधवार सुबह करीब 5 बजे राजेश खेत मे पानी लगाने गया था। तभी करीब साढ़े 8 बजे काले रंग की थार चार पहिया वाहन यूपी 32 एमयू 2912 से 4-5 अज्ञात लोग पहुंच धारदार हथियार से हमलाकर किसान को लहूलुहान कर घायल अवस्था में सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गये। कूड़ाघर पर मजदूरी कर रहे ग्रामीण ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल अवस्था में उसे



उठाकर ट्रामा सेन्टर पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक राजेश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा रहीं हैं। मृतका राजेश के पिता ने थाने में दी गयी तहरीर में गोसवा निवासी राहुल पुत्र शिव प्रसाद व 4 से 5 अज्ञात लोगो पर हत्या का आरोप लगाकर मुक़्दमा दर्ज कराया है। वही ग्रामीणों की मानें तो पिछले काफी समय से जगदेव और रामदास के बीच ज़मीनी विवाद चल रहा है। रामदास जोकि नामज़द आरोपी राहुल के दादा है। करीब दो माह पूर्व भी लेखपाल ने गांव जाकर ज़मीन की पैमाइश की थी। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी सरस्वती, पुत्र रणजीत, अभिजीत, संजीत, पिता जगदेव हैं जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रहीमाबाद अजीत कुमार ने बताया कि मृत्तक के परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुक़्दमा दर्ज किया गया है। चारपहिया वाहन को कब्जे में लेने के साथ नामज़द वाहन चालक राहुल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### जमींनी विवाद ही तो नहीं बना हत्या का कारण

मृत्तक राजेश और आरोपी राहुल के परिवार के बीच काफ़ी समय से ज़मीनी विवाद चल रहा था। पूर्व में भी विवाद हुआ था फिर दोनों पक्षो के बीच सुलह समझौता करा दिया गया था लेकिन विवाद खत्म नही हुआ। करीब दो माह पूर्व भी लेखपाल ने गांव जाकर ज़मीन की पैमाइश की थी उसके बाद भी दोनो पक्ष कही न कही असंतुष्ट नज़र आ रहे थे-ग्रामीण।

# सभी धर्मों के जांबाजों से मिलकर तैयार हुई थी आज़ाद हिन्द फौज : पीके दत्ता



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। लखनऊ बंगीय नागरिक समाज के अध्यक्ष पीके दत्ता ने सुभाष जयंती समारोह के अवसर पर आये पत्रकारों से बात करते हुए जानकारी दी कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने अंग्रेजों को भारत से बाहर खदेड़ ने के लिए जिस आज़ाद हिन्द फौज की स्थापना की थी उसमें हिन्दू मुसलमान और सिक्ख सामिल थे । यहां तक की उन्होंने इनके अलग कमांडर बनाए थे। जिन्हें सहगल, ढिल्लन और शाहनवाज के नाम से पूरी दुनिया पहचानती है, सुभाष चन्द्र बोस ने जिस आज़ाद भारत का सपना देखा था वह अभी पूरा होना बाकी है पीके दत्ता ने बताया कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आज़ाद भारत में प्रत्येक बच्चे को सैनिक शिक्षा दिये जाने के पक्ष में थे ताकी देश के हर नागरिक को देश प्रेम के राष्ट्र निर्माण और अनुशासन का महत्व पता चल सके। दत्ता ने बताया कि आजादी की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक बंगाली समुदाय का योगदान हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण रहा । सुभाष जयंती समारोह में सुबह 11 बजे प्रारंभ होकर 5 बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर प्रदेश सरकार का कोई मंत्री अथवा प्रशासनिक अधिकारी तो सुभाष चौक पर नजर नहीं आया लेकिन राजधानी के अनेक संगठनों ने यह कमी पूरी कर दी। लखनऊ बंगीय नागरिक समाज के इस आयोजन में सुभाष बाबू को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए हिन्दू जागरण मंच के सदस्यों ने मिष्ठान वितरण किया और फारवर्ड ब्लाक से जुड़े सदस्यों ने पुष्प अर्पण कर के सुभाष बाबू की योगदान पर विचार व्यक्त किए इस मौके पर मौजूद रहे कायस्थ समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे आमोद श्रीवास्तव ने बताया कि आज के दिन इस स्थल से लाउडस्पीकर और माइक हटवाकर लखनऊ जिला प्रशासन ने सुभाष बाबू की जयंती समारोह का स्वरूप फीका कर दिया है ।

# मछली पालन और संरक्षण पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। मत्स्य पालन और संरक्षण की क्षमता विकास पर अनुसूचित जाति के किसानों के लिए एक अल्पकालिक तीन दिवसीय 23 से 25 जनवरी तक आवासीय प्रशिक्षण भाकृअनुप एनबीएफजीआर लखनऊ के एक्वाकल्चर रिसर्च एंड ट्रेनिंग यूनिट चिनहट में मंगलवार को प्रारंभ हुआ। जिसमें प्रतिभागियों के साथ एक परस्पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ यूके सरकार, निदेशक, भाकृअनुप- राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो लखनऊ और पूर्व एडीजी अंतर्देशीय मत्स्य पालन, भाकृअनुप, नई दिल्ली, डॉ एस रायजादा ने विषय पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एफएफपीओ, बाराबंकी के प्रतिनिधि दिवाकर सिंह, सीईओ, एस आर



गुप्ता और अफ़हाक खान उपस्थित रहे। डॉ यूके सरकार ने प्रत्येक किसान के साथ बातचीत की। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपनी आजीविका के उत्थान के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि संस्थान तकनीकी सहायता सहित उनके लाभ के लिए कमजोर वर्ग के किसानों के साथ हमेशा खड़ा रहेगा। कार्यक्रम के संयोजक, प्रधान वैज्ञानिक डॉ एस के सिंह, द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के तीस अनुसूचित जाति के किसान भाग ले रहे हैं जो कि एफएफपीओ के सदस्य भी हैं। इस अवसर पर सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी संजय सिंह सहित यूनिट के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्री राम जानकी परिवार समिति द्वारा आयोजित हुआ भव्य दीपोत्सव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ ।इस श्लोक के साथ प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर श्री राम जानकी परिवार सेवा समिति (रजि0) द्वारा आयोजित भव्य दीपोत्सव, आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चौक स्थित माँ गोमती के समीप कुड़िया घाट पर माँ गोमती की मूर्ति के पास आयोजन किया गया। जिसमे समिति के संरक्षको व पदाधिकारीयों, सदस्यो एवं समस्त राम भक्तो ने प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा की ख़ुशी मे दीपक प्रज्ज्वलित किया साथ ही श्री राम जानकी परिवार सेवा समिति द्वारा समस्त राम भक्तो को प्रभु श्री राम नाम का पटका पहनाया गया एवं पुरे घाट को भगवा झंडा लगवाकर भगवामय किया गया साथ ही समिति के पदाधिकारीयों द्वारा आये हुए अतिथियों को प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षको व पदाधिकारीयों, सदस्यो एवं सैकड़ो की संख्या मे रामभक्तो ने उपस्थित होकर सभी ने खूब ख़ुशी मनाई।इस अवसर पर समिति के संरक्षक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि युवाओं को भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए और अपने जीवन में भी त्याग और तपस्या को स्थान देना चाहिए। देश की सरकार सनातन संस्कृति को बहुत तेजी के साथ पूरे विश्व में बढ़ा रही है और हम सभी को इस पर गर्व होना चाहिए। वही संस्थापक हिमांशु गर्ग ने कहा की सनातन धर्म की आन बान और शान की तारीख बनी है ।

# भारतीय जन सेवा समिति ने राजाजीपुरम में किया विशाल तहरी भोज का आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में बुधवार को राजाजीपुरम में भारतीय जन सेवा समिति ने विशाल तहरी भोज का वितरण किया। तहरी भोज का शुभारंभ राम दरबार की पूजा अर्चना कर किया गया। आयोजक समिति के अध्यक्ष शैलेश बाजपेई शीलू के मुताबिक उन्होने रक्षामंत्री के सचिव राघवेंद्र शुक्ला पूर्व सांसद कुसुम राय, वरिष्ठ भाजपा नेता त्रिलोक अधिकारी, समिति के संरक्षक व भाजपा नेता संतोष श्रीवास्तव, व्यापारी नेता संदीप बंसल, पश्चिम मंडल के अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, पार्षद अजय दीक्षित, रजनी गुप्ता, पूर्व पार्षद शिवपाल सांवरिया, नागेंद्र सिंह व जितेंद्र उपाध्याय मिंटू समेत अन्य कई भाजपा नेता व व्यापारियों का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कुसुम गुप्ता, आशीष रतन द्विवेदी, मनोज धवन, गंगा प्रसाद शुक्ला, कल्पना सक्सेना, मीना चौबे, राजलक्ष्मी पांडेय, राम शंकर शुक्ला, रामेंद्र वर्मा, पिंकी शाक्या, द्वारिका रस्तोगी, मनोज पांडेय, सुमित मिश्रा, धीरू मिश्रा, शिव त्रिपाठी, विशाल मल्होत्रा, पुष्पा अग्रवाल व विनय गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों को मिल रहा लाभ: ब्लाक प्रमुख

## ब्लाक प्रमुख व वीडीओ ने चिल्ड्रन पार्क का फीता काट कर किया उद्‌घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निगोहां, लखनऊ। ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला ने कहा कि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जायेगा। केन्द्र सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के जीवन स्तर बेहतर करने की गारंटी दी है। ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला उतरावां में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में लोगों को ''हमारा संकल्प विकसित भारत'' की शपथ भी दिलवाई गई। साथ ही ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला व खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने साथ में उपस्थित कई गणमान्य जनों की मौजूदगी में एक चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन किया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत



ग्राम प्रधान भोलानाथ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सत्य प्रकाश वर्मा ने किया । इस मौके पर एडीओ पंचायत अशोक यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, नगराम पशु चिकित्साधिकारी सुनील कुमार, निगोहा मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेई, ग्राम पंचायत अधिकारी बंदना शर्मा व सुशांत शुक्ला समेत क्षेत्र के ग्राम प्रधान अशोक रावत, दिलीप रावत, विकास पटेल , बृजेश वर्मा , माता प्रसाद ,जब्बार हुसैन, सूर्य कुमार द्विवेदी, ललित शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक दीक्षित एवं प्रदीप सिंह, आशुतोष शुक्ला, विजय शर्मा समेत कई गणमान्यजन पहुंचे, ग्राम प्रधान भोलानाथ ने उपस्थित गणमान्य को अंगवस्त्र व बुके देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया । तत्पश्चात खिचड़ी भोज कराया गया ।

# गोसाईगंज में एकही रात में तीन दुकानों में चोरों ने साफ किए हाथ पुलिस के हाथ खाली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोसाईगंज। एक ही रात में कई दुकानों में अज्ञात चोरों द्वारा की गई चोरीयो से क्षेत्र में रात्रि गश्त व पुलिस सक्रियता की पोल खोलकर रख दी। क्षेत्र में लगातार चोरीयो का सिलसिला पीछे दो हफ्ते से चरम सीमा पर चल रहा है

गोसाईगंज पुलिस ने कई मामलो में पीड़ितों से तहरीर लेकर बिना मुकदमा दर्ज किए ही पीड़ित को चलता कर दिया है लेकिन सच तो यह है कि चोरो के पकड़ने के दावे कर रही गोसाईगंज पुलिस

के हाथ पूरी तरह खाली है। गोसाईगंज क्षेत्र के दुकानदार पुलिस के सुस्त रवैये से काफी नाराज हैं। केवल जनवरी माह में हुई करीब आधा दर्जन से अधिक चोरियों में किसी का भी खुलासा नही कर सकी। जानकारी के मुताबिक रज्जाक पुर गांव निवासी मनोज कुमार चांद सराय कस्बा सुल्तानपुर रोड पर हरिओम मोटर एजेंसी के नाम से दो पहिया गाड़ियों की एजेंसी चलाते है। पीड़ित के मुताबिक मंगलवार की रात अज्ञात चोरो ने उनके शोरूम के पीछे की खिड़की तोड़ कर अंदर घुसे। जिसके बाद चोरो ने शोरूम से एलईडी टीवी, पार्ट्स, व



57 हजार नकद चोरी कर लिये। बुधवार की सुबह शोरूम खोलने पर चोरी की घटना की जानकारी होंने पर पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। वहीं शोरूम से कुछ दूरी पर स्थित वर्मा इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में चोरों ने नकब लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित मोहित वर्मा ने बताया कि उसकी चांद सराय में वर्मा इलेक्ट्रॉनिक के नाम से गाड़ियों के पार्ट्स की दुकान है। मंगलवार की रात दुकान बंद कर वह अपने गांव कबीरपुर चला गया। बुधवार की सुबह जब दुकान खोला तो देखा कि चोरो के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर लाखों का सामान चोरो कर ले गए। बेली गांव निवासी आनंद सिंह ने बताया कि वह गोसाईंगंज के चांद सराय में ही ठेला व काउंटर लगा कर चाय की दुकान चलता है। वह रात में करीब नौ बजे दुकान बंद की थी। बुधवार की सुबह जब दुकान आया तो देखा कि काउंटर के सभी ताले टूटे थे।

जिससे भट्टी व गैस सिलेंडर गायब थे। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। कस्बा गोसाईंगंज के मातन टोला में मंगलवार को दिन में चोरो ने एक बंद मकान में घुस कर लाखो रुपये के जेवरात व नकदी चोरी कर ली। शाम को जब सब वापस आये तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा है।

पीड़ित ने तत्काल गोसाईंगंज पुलिस को सूचना दी। पीड़ित उपेंद्र सिंह के मुताबिक वह ओला में कार चलाता है। जिसके कारण सुबह वह घर से चला गया था। बच्चे कों स्कूल भेजने के बाद उसके पत्नी शिक्षामित्र होने के कारण अपने स्कूल चली गई थी । शाम को जब घर लौटी तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ था जिसे देख पत्नी ने घटना की जानकारी दी। पीड़ित ने घर पहुंच कर पुलिस को उंसके घर मे दिन में हुई चोरी की जानकारी दी। जनवरी में लगातार हो रही है ।

चोरिया नही हो रहे खुलासे... 13 जनवरी को गोसाईंगंज कोतवाली से महज कुछ ही दूरी पर शराब की 2 दुकानो में चोरी की घटना 14 जनवरी गंगागंज के पास ढाबे पर खड़े कंटेनर से 6 लाख का शैंपू चोरी 16 जनवरी को गगागंज बाजार में बैटरी की दो दुकानों का ताला तोड़ कर चोरी 19 जनवरी को गोसाईंगंज के रहमत नगर और गंगागंज में जियो टॉवर से लाखो की बैटरी चोरी 23 जनवरी को ओला ड्राईवर के घर दिन दिहाड़े खिड़की तोड़ लाखो की चोरी 24 जनवरी को गोसाईगंज में चाय की होटल से गैस सिलेंडर भट्टी और बर्तन चोरी 24 गोसाईगंज कस्बा चौकी से महज 100 मीटर दूरी पर होंडा मोटर साईकिल एजेंसी से लाखो की चोरी 24 जनवरी को इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर सेंध काट कर चोरी का प्रयास क्या बोले जिम्मेदार ,,,,,,, डीसीपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया की गोसाईगंज में कल हुई चोरियो में एक चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है अन्य चोरीयो में अतिरिक्त निरीक्षक गोसाईगंज को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

# रामलला अपने घर में विराजमान हैं, इससे बड़ी खुशी और क्या हो सकती है: डां. कौशलेंद्र कृष्ण शास्त्री

लखनऊ श्री मद् भगवद् फाउंडेशन द्वारा आयोजित संगीतमय भागवत सतरिख रोड चिनहट लखनऊ में हो रही कथा में छठवें दिन की कथा में कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता। इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है। और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है।कथा व्यास कौशलेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है। दूध का सार तत्व माखन है। उन्होंने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया।प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

# विद्युत लाइन से तार चोरी मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने पीजीआई से समेसी जा रही 33 केवी विद्युत लाइन से तार चोरी कर विद्युत लाइन को बाधित कर दिया अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस समेसी उपकेंद्र के अवर अभियंता आशीष कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 10 जनवरी को एसजीपीजीआई से आ रही 33 केवी विद्युत लाइन बाधित होने के कारण मैं अपने स्टाफ के साथ पेट्रोलिंग कर रहा था वही पुरसेनी शारदा नहर पुल के पास से मऊ तक 8 पोल का तार व एक पोल का क्रॉस आर्म अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है जिससे समेसी उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है और विभाग को विद्युत आपूर्ति करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया अवर अभियंता की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छान बीन की जा रही है।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जीता स्टार परफॉर्मर रैंक वन पुरस्कार

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण, वित्त मंत्रालय द्वारा बीती 20 नवंबर से 30 दिसंबर की अवधि के दौरान सभी वित्तीय संस्थानों हेतु आयोजित एनपीएस द गेम चेंजर अभियान में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को स्टार परफॉर्मर रैंक वन का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस सम्मान समारोह को 19 जनवरी को दिल्ली स्थित एक होटल में एक शानदार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता पीएफआरडीए के अध्यक्ष दीपक मोहंती द्वारा की गई। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक निधु सक्सेना की ओर से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य महाप्रबंधक बीना वहीद को इस सम्मान समारोह में पीएफआरडीए के अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। बैंक को रैंक 1 में विजेता के रूप में सम्मानित किया गया और कार्यपालक निदेशक सहित इसके शीर्ष कार्यनिष्पादन करने वाले कार्यपालकों और 10 क्षेत्रीय पदाधिकारियों को इस समारोह के दौरान पीएफआरडीए द्वारा सम्मानित किया गया।

# मोहनलालगंज से खाटू श्याम की पैदल यात्रा पर निकले तीन भक्त



मोहनलालगंज।श्री श्याम दीवाने मित्र मंडल सेवा समिति के तत्वावधान में मोहनलालगंज के कनकहा गांव से बुद्ववार को तीन भक्त निशान लेकर पैदल ही राजस्थान के खाटू में स्थित श्याम बाबा के दर्शन करने के लिए रवाना हुए।तीनो भक्त 800किलोमीटर की यात्रा साढे तीन हफ्तो में पूरी कर खाटू पहुंचकर बाबा श्याम को निशान अर्पित कर दर्शन करेगे।मोहनलालगंज के कनकहा गांव की श्री श्याम दीवाने मित्र मंडल सेवा समिति के अध्यक्ष निरभान सिहं व संगठनमंत्री आदित्यपाल,सुमेर यादव निशान लेकर बुद्ववार को पैदल ही राजस्थान के खाटू में स्थित बाबा श्याम के दर्शनो को रवाना हुयें।ग्रामीणो ने फूल माला पहनाकर व पुष्प यात्रा कर तीनो ही भक्त श्याम बाबा के पैदल दर्शनो को रवाना हुयें।मोहनलालगंज बस स्टाप पर भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अशोक तिवारी व सभासद हिमांशु तिवारी,वरिष्ठ पत्रकर मनोज यादव समेत दर्जनो लोगो ने खाटू श्याम बाबा की पैदल यात्रा पर निकले भक्त निरभान सिंह,आदित्यपाल,सुमेर यादव का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।जिसके बाद तीनो ही भक्त पैदल यात्रा पर रवाना हुये।समिति के अध्यक्ष निरभान सिंह ने बताया 800किलोमीटर की यात्रा साढे तीन हफ्तो में पूरी कर खाटू में बाबा श्याम को निशान अर्पित कर दर्शन करेगे।

# समेसी में दो क्रिकेट टीमों के बीच मार-पीट , राड से मारने व कार छतिग्रत करने का आरोप





नगराम , लखनऊ। बीते मंगलवार को समेसी के मजरा रसूल पुर में क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।? बुधवार को निगोहा निवासी सर्वेश शुक्ला ने नगराम थाना में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि बीते मंगलवार को रसूलपुर में क्रिकेट के दौरान फत्ते खेड़ा निवासी मोहित जो फत्ते खेड़ा टीम के कैप्टन है। आरोप है कि फत्ते खेड़ा टीम द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। बताया कि बुधवार को टूर्नामेंट समाप्त होने पर वह कुर्री सुदौली निवासी रिजवान हम दोनों अपने-अपने घर जा रहे थे, जैसे ही देवी खेड़ा पुलिया के समीप पहुंचे थे कि मोहित अज्ञात साथियों संग दो फोर व्हीलर से आ धमके आरोप है कि तभी लोहे की राड से कार समेत दोनों लोगों पर हमला कर दिया। जिससे कार छतिग्रत हो गई और हम लोगों को भी चोटें आई हैं। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# उप्र में पछुआ हवाओं से धूप हो रही बेअसर

लखनऊ। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के साथ लगातार चल रही पछुआ हवाओं से उत्तर प्रदेश में धुंध और शीतलहर बरकरार है। अधिकांश जनपदों का न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे चल रहा है जिससे धूप निकलने के बावजूद बेअसर साबित हो रही है। मौसम विभाग का कहना है कि फरवरी माह के पहले सप्ताह तक मौसम ऐसा ही बने रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बताया कि 2018 के बाद से जनवरी 2024 का महीना सबसे शुष्क रहा है। 25 जनवरी से उत्तर भारत की पहाड़ियों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है।


## विशेष रेलगाड़ियाँ–2024

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी :–

**04278/04277 गोमती नगर – अयोध्या धाम – गोमती नगर इंटरसिटी विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04278 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04277 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 05:10 | गोमती नगर | 20:55 | ---- |
| 07:45 | ---- | अयोध्या धाम | ---- | 17:40 |

चलने के दिन : 04278 गोमती नगर से दिनांक 31.01.2024 (बुधवार) को एवं 04277 अयोध्या धाम से दिनांक 01.02.2024 (गुरुवार) को।
ठहरावः बाराबंकी जं. , रूदौली, एवं अयोध्या कैंट स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

**04202/04201 प्रयागराज संगम – अयोध्या धाम – प्रयागराज संगम इंटरसिटी विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04202 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04201 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 13:15 | प्रयागराज संगम | 12:05 | ---- |
| 17:30 | ---- | अयोध्या धाम | ---- | 07:50 |

चलने के दिन : 04202 प्रयागराज संगम से दिनांक 30.01.2024 (मंगलवार) को एवं 04201 अयोध्या धाम से दिनांक 31.01.2024 (बुधवार) को।
ठहरावः प्रयागराज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर एवं अयोध्या कैंट स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

**04292/04291 वाराणसी – अयोध्या धाम – वाराणसी इंटरसिटी विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04292 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04291 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 06:15 | वाराणसी | 13:45 | ---- |
| 09:55 | ---- | अयोध्या धाम | ---- | 10:05 |

चलने के दिन : 04292 वाराणसी से दिनांक 30.01.2024 (मंगलवार) को एवं 04291 अयोध्या धाम से दिनांक 31.01.2024 (बुधवार) को।
ठहरावः जौनपुर जं. ,शाहगंज जं., अकबरपुर एवं दर्शन नगर स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें

# मतदाता जागरूक दिवस के अवसर पर निकाली गई मतदाता जागरूक रैली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोला गोकर्णनाथ-खीरी।मतदाता जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि तहसीलदार सुखवीर सिंह प्रधानाचार्य डॉ एल आर वर्मा प्रधानाचार्य बाबूराम सागर नोडल स्वीप डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली गोला नगर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी कृषक समाज इंटर कॉलेज में इसका समापन किया गया उसके उपरांत तहसील स्तरीय स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर स्लोगन निबंध भाषण वाद विवाद रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया तहसील के विद्या निकेतन विद्या मंदिर गांधी उत्तर माध्यमिक विद्यालय पब्लिक इंटर कॉलेज गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज के छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन किया प्रतियोगिता में विजय प्रतिभागियों को यूपी जिला अधिकारी रत्नाकर मिश्रा जी एवं तहसीलदार सुखबीर सिंह ने पुरस्कृत किया संचालन देवेंद्र सिंह ने किया।

# पिता की मौत का गम नहीं डिगा सका आनंद को, यूपीएससी परीक्षा में मिली 30वीं रैंक

**एजेंसी**

बांदा। अगर आप में कुछ कर दिखाने का हौसला है, तो दुनिया की कोई भी बाधा आपको सफल होने से नहीं रोक सकती है। जनपद बांदा निवासी आनंद सिंह राजपूत की कुछ इसी तरह की कहानी है। दरअसल आनंद सिंह राजपूत के इंटरव्यू से एक दिन पहले ही पिता की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी और यूपीएससी एक्जाम क्रैक करके अपने दिवंगत पिता को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर के अलीगंज चुंगी चौकी निवासी आनंद सिंह राजपूत यूपीपीसीएस 2023 की तैयारी कर रहा था। जिस दिन इंटरव्यू था, उसके एक दिन पहले ही पिता की हार्ट अटैक से मौत ने उसे हिला कर रख दिया। वह बाहर रहकर तैयारी कर रहा था। वह बताते हैं कि जब पिता की मौत की खबर मिली तो एक बार कदम डगमगाए। लेकिन मुझे पिता के वो सपने याद आए, जो मुझे बड़ा अफसर बनने का सपना संजोए हुए थे। पिता के सपने पूरे करने के इरादे से मैंने अपने आंखों से झर झर बह रहे आंसुओं को पोंछ डाला और हिम्मत करके इंटरव्यू देने पहुंच गया। इंटरव्यू देने के बाद घर वापस आया और दिवंगत पिता का अंतिम संस्कार किया। आज मुझे खुशी है कि मैं अपने पिता के सपनों को पूरा कर पाया। बेटे को पीसीएस परीक्षा में मिली 30 वीं रैंक से जहां पूरा परिवार खुश है। वहीं मां की आंखों में आंसू छलक रहे थे। वह रोते हुए बताती हैं कि आज मेरे बेटे ने अपने पिता का सपना पूरा किया है, लेकिन इस कामयाबी को देखने के लिए उनके पिता इस दुनिया में नहीं है। अगर आज वह जिंदा होते तो बहुत खुश होते, उनकी खुशी से हम सब की खुशी दोगुनी हो जाती। शहर के अतर्रा चुंगी निवासी शिक्षक रहे स्वर्गीय नंद कुमार सिंह और मां माया देवी अनुदेशक के पुत्र आनंद राजपूत की प्रारम्भिक शिक्षा शिशु मंदिर शास्त्री नगर और कक्षा 6 से 12 तक सरस्वती विद्या मंदिर शास्त्री नगर से हुई। अपने स्कूली दिनों से मेधावी रहे आनंद ने स्नातक अतर्रा डिग्री कॉलेज से पूरा किया। दिल्ली में रहकर प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी की। अपनी मेहनत और लगन तथा परिजनों और शिक्षकों के आशीर्वाद से आनंद को अपने दूसरे प्रयास में सफलता हाथ लगी है। माता-पिता ने हमेशा आगे बढ़ाने के लिए हिम्मत दी और फैसला बढ़ाया जिनके आशीर्वाद और अपनी मेहनत लगन से यह मुकाम हासिल करने में सफलता मिली और डिप्टी जेलर बन सके। आनंद ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुओं को दिया है। साथ ही यह सफलता कैसे मिली इसके लिए छात्रों को नसीहत भी दी है। उन्होंने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह प्रतिदिन समाचार पत्र का अध्ययन करें, इन्हें पढ़ने के बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करें बेसिक किताब पढ़ें, उन्हें रिपीट भी करते रहें। ऐसा करने से निश्चित ही सफलता मिलेगी।

# कर्पूरी ठाकुर का जन्मशती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

फतेहपुर। फतेहपुर के पटेल नगर चौराहा सिविल लाइन फतेहपुर में अति पिछड़ा समाज व सविता महासभा जनपद फतेहपुर के संयुक्त तत्त्वावधान में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सर्व समाज के गरीबो के मसीहा, सामाजिक न्याय के पुरोधा, गरीब की लाठी के नाम से प्रख्यात, शोषित वंचित समाज व महीलाओं को कर्पूरी फार्मूला के माध्यम से प्रतिनिधित्व दिलाने वाले बिहार राज्य के पूर्व मुख्य मंत्री जन-नायक कर्पूरी ठाकुर का जन्मशती समारोह सविता महासभा उ0 प्र0 के जिला अध्यक्ष राम शंकर सविता की अध्यक्षता में अत्यन्त ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यकम का संचालन अति पिछड़ा समाज के जिला अध्यक्ष व सविता महा सभा उ0 प्र0 के प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्धराज धाकड़ी द्वारा किया गया। कार्यकम का शुभारम्भ मु0 अतिथि माननीय सांसद केन्द्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र सिंह पटेल विधायक जहानाबाद, जय कुमार जैकी विधायक बिन्दकी व विकास कुमार गुप्त शाह अयाह जनपद फतेहपुर तथा प्रो0 मिथलेश सिंह सविता प्रदेश अध्यक्ष सविता महा सभा उ0 प्र0/ अति पिछड़ा शोषित वंचित कल्याण संगठन उ0 प्र0 द्वारा दीप प्रज्जवलन, भारत माता, सुभाष चन्द्र बोस व जन-नायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण / पुष्पार्चन के साथ किया गया। अति पिछड़ा समाज के जिला संरक्षक सतीश शिवहरे व आचार्य राजाराम प्रजापति द्वारा गायत्री मंत्र के साथ सविता वंदना व स्वस्तिवाचन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि / विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण व तिलक कर अंग वस्त्र प्रदान करते हुए जिला प्रभारी संत राम फौजी, अति पिछड़ा समाज के महा मंत्री सूरजदीन विश्वकर्मा व सविता महा सभा के महामंत्री बृजेश सेन उर्फ गुड्डू, जिला संगठन मंत्री विमल कुमार सविता, व युवा प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी सुरेन्द्र रहे।

## सपा विधायक की फ़ेसबुक आईडी से डाली गई दरोगा को मौत की पोस्ट, जांच बैठी

मेरठ। सरधना के सपा विधायक अतुल प्रधान की फ़ेसबुक आईडी से दरोगा की मौत की पोस्ट डालने से लखनऊ तक हड़कम्प मच गया। इस पूरे मामले पर जांच बैठ गई है। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने साइबर सेल से रिपोर्ट मांगी है। मेरठ कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में लूटी कार का पीछा करने पर बदमाशों ने हाईवे चौकी इंचार्ज मुन्नेश सिंह को गोली मार दी है। घायल मुन्नेश सिंह का गाजियाबाद के मैक्स अस्पताल में उपचार चल रहा है। सपा विधायक अतुल प्रधान ने बुधवार को अपने फ़ेसबुक अकाउंट पर एक पोस्ट डाली, जिसमें लिखा गया कि दरोगा के निधन होने का दुःखद समाचार मिला है। विधायक की इस फ़ेसबुक पोस्ट से पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। यह मामला लखनऊ तक भी पहुंच गया। वहां से मेरठ के पुलिस अधिकारियों से रिपोर्ट मांगने के बाद यहां के अधिकारी सक्रिय हो गए। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने इस बारे में साइबर सेल से रिपोर्ट मांगी है। साथ ही विधायक अतुल प्रधान से जवाब मांगने की बात कही है। उधर मैक्स अस्पताल से दरोगा मुन्नेश सिंह का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वे हॉस्पिटल कैंपस में घूम रहे हैं।

# मध्य वायु कमान ने किया भूतपूर्व सैनिक मिलन समारोह का आयोजन

**एजेंसी**

प्रयागराज। भूतपूर्व सैनिकों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझना एवं आवश्यक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यालय मध्य वायु कमान द्वारा प्रयागराज के तीनों सेनाओं के सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के साथ एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

गणतंत्र दिवस से पूर्व, सर्विस के प्रति भूतपूर्व सैनिकों की निःस्वार्थ समर्पण भावना एवं बलिदानों का सम्मान करने के लिए बुधवार को एयर मार्शल आर जी के कपूर, वायु अफसर कमांडिंग-इन-चीफ, मध्य वायु कमान एवं डॉ. सुनीता कपूर, अध्यक्ष, वायु सेना परिवार कल्याण संघ (क्षेत्रीय) ने भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों से वार्तालाप किया। इस दौरान उन्होंने सर्विस के प्रति भूतपूर्व सैनिकों द्वारा दिये गये योगदानों के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। रक्षा मंत्रालय के विंग कमाण्डर व मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी समीर गंगाखेडकर ने बताया कि समारोह के दौरान एयर मार्शल ने बताया कि ह्लसर्विस ऐट डोरङ्क की अवधारणा स्वरूप, मध्य वायु कमान के अधीन सभी स्टेशनों में 'स्पर्श' सर्विस सेंटर स्थापित किये गये हैं, जो प्रभावीपूर्ण तरीके से समस्याओं का निराकरण प्रदान कर रहे हैं।

## नगर निगम ने फैक्टरी में मारा छापा, 15 कुंतल प्लास्टिक जब्त कर लगाया 25 हजार का जुर्माना

गाजियाबाद। जनपद में प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम का अभियान बुधवार को भी जारी रहा। इसी के तहत टीम ने वसुंधरा जोन में एक प्लास्टिक फ़ैक्टरी में छापा मारकर 25 माइक्रोन से नीचे की 15 कुंतल प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की है। साथ ही 25 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला है। उधर, नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने लोगों से अपील की है कि वह प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें इससे हर नुकसान होता है। नगर निगम वसुंधरा जोन के प्रभारी सुनील राय, प्रवर्तन दल प्रभारी दीपक शरण में तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी मदन गोपाल के नेतृत्व में टीम ने सनराइज पैकिंग फैक्टरी स्टील कंपाउंड साहिबाबाद साइट फॉर इंडस्ट्रियल एरिया पहुंची। यहां पर एक फ़ैक्टरी में छापा मारकर 15 कुंतल प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त किया है। साथ ही 25 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। नगर आयुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, ईटीएफ टीम, वसुंधरा जोन की टीम, तथा पॉल्यूशन बोर्ड की टीम ने मिलकर संयुक्त रूप से कार्रवाई की है।

## कानपुर में आपत्तिजनक नारा लगाने पर दर्ज किए गए दो मामले

कानपुर । अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कानपुर में आपत्तिजनक और अभद्र वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दो मामलों में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों मामले छात्रों से जुड़े हैं। यह जानकारी देते हुए बुधवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने दी। उन्होंने जनता से अपील किया है कि किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट को सोशल मीडिया पर न डालें और न ही आगे बढ़ाएं। समाज में द्वेष उत्पन्न करने वाले पोस्ट को सोशल मीडिया में आगे न फारवर्ड करें। उन्होंने बताया कि सचेंडी थाना क्षेत्र में स्थित पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में प्राण प्रतिष्ठा के दिन छात्रों द्वारा धार्मिक नारा लगाने को लेकर छात्रावास के वार्डन के साथ मारपीट हुई थी। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। कालेज प्रशासन से भी वार्ता की जा रही है। वहीं दूसरा मामला जूही थाना क्षेत्र का है, जहां सोमवार को परमपुरवा इलाके में रहने वाले एक युवक ने सोशल मीडिया पर भगवान राम और सीताजी की फोटो लगाकर अश्लील और अभद्र संगीत लगाकर पोस्ट कर दिया।

## सर्वसमाज के बीच जाकर कार्यकर्ता बताएंगे बसपा सरकार की उपलब्धियां

मीरजापुर। नगर के मुंहकुचवा स्थित बहुजन समाज पार्टी कार्यालय पर बुधवार को मंडलस्तरीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व एमएलसी सुबोध राम की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. अशोक कुमार गौतम एवं प्रभारी वाराणसी-मीरजापुर मंडल इंदल राम ने बाबा भीमराव अंबेडकर एवं काशीराम के चित्र पर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ने कहा कि फरवरी के बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देशानुसार बसपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता सर्वसमाज के बीच जाकर बसपा सरकार की 2007 से 2012 की उपलब्धियों को बताएं। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले बसपा के मंडल, जिला, विधानसभा सेक्टर और बूथ के पदाधिकारियों के पास मात्र चार महीने का समय शेष है। इन चार महीनों में प्रत्येक विधानसभा की दो-दो सेक्टरों को लेकर मंडल और जिला प्रभारी के नेतृत्व में प्रतिदिन कैंपेन चलाना है। इस अवसर पर मीरजापुर मंडल प्रभारी गुड्डूराम, शशिभूषण, रामलाल पाल, जिलाध्यक्ष मीरजापुर राजकुमार भारती, सोनभद्र बी सागर, भदोही शिवनारायण गौतम आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

## निर्विरोध निर्वाचित अधिवक्ताओं को माल्यार्पण कर किया सम्मानित

पलियाकलां-खीरी। पालियां बार एसोसिएशन के चुनाव की गर्मा गर्मी के दौरान एकल नामांकन के चलते निर्विरोध निर्वाचित उपेंद्र राणा कोषाध्यक्ष, अखिलेश राणा एड.पुस्तकालय अध्यक्ष, कमाल इदरीसी अंकेक्षक के निर्वाचन पर माल्यार्पण कर मुँह मीठा करवाते हुये तीनों अधिवक्ता साथियों को सम्मनित किया गया। माल्यार्पण कर सम्मनित करते हुये शुभकामनाएं देने वाले अधिवक्ताओं में पूर्व अध्यक्ष श्रीश द्विवेदी,राजीव भार्गव, हेमन्त मानक,महेंद्र अवस्थी, रंजीत गुप्ता, रमेश दिवाकर,रूपेश निगम, विकास गुप्ता आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री ने दिव्यांगों को दी ट्राई साइकिल की सौगात

लखीमपुर-खीरी।यूपी दिवस के मौके पर केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम, एसपी, सीडीओ के साथ जीआईसी ग्राउंड में बड़ी संख्या में दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल वितरित की। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगों का कुशलक्षेम भी जाना।

# लापता नाबालिक लड़की का सुराग नहीं लगा सकी मैगलगंज पुलिस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखीमपुर-खीरी।जिले की मैगलगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 जनवरी 2024 को एक युवक द्वारा बहला-फुसला कर भगा कर ले नाबालिग लड़की का सुराग नहीं लगने पर आक्रोशित परिजनों ने पुलिस पर नाराजगी जताई है मैगलगंज पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाए हैं। मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक सप्ताह बीतने के बाद भी गायब नाबालिग लड़की का नही लगा सुराग, पुलिस के हाथ खाली। जानकारी के अनुसार मैगलगंज क्षेत्र के गांव निवासी 18 जनवरी 2024 को मैगलगंज पुलिस व उच्च अधिकारियों को लिखित प्रार्थना पत्र देकर विधिक कार्यवाही करने की गुहार लगाई थी फिलहाल काफी जद्दोजहद बाद मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री को गांव का ही व्यक्ति व उसके सहयोगियों द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाया गया,पीड़ित पिता के द्वारा काफी तलाश किया गया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले में धारा 363, 366 के तहत अपराध दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है, गौरतलब है कि एक सप्ताह बीतने के बाद भी पुलिस को कोई भी सुराग नहीं मिला। पीड़ित पिता का आरोप है एफआईआर दर्ज करने के बाद भी पुलिस बालिका की तलाश में तेजी नहीं दिखा रही है। धीरे-धीरे करके एक सप्ताह गुजर गया है। अभी तक पुलिस उसकी पुत्री को बरामद नहीं कर पाई है बराबर थाना के चक्कर काट रहा हूं लेकिन अभी तक कुछ नही हुआ पुलिस ने अभी तक आरोपी व उसके सहयोगियों को गिरफ्तार नहीं किया है। शिकायतकर्ता ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि पुलिस को निर्देशित करें कि जल्द से जल्द उसकी नाबालिग पुत्री को बरामद कराएं। साथ ही आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें।

**एक सप्ताह बाद भी पुलिस नहीं बरामद कर सकी नाबालिग किशोरी**

**नाबालिग लड़की बरामद नहीं होने पर पीड़ित पिता ने पुलिस पर उठाये सवाल**

**क्या बोले जिम्मेदार.....**

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले में प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था, पुलिस के द्वारा तलाश की जा रही है जल्द ही दोनों को बरामद कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी आरोपित बक्शे नही जाएंगे। (प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज,अजय कुमार सिंह)

# यूपी आज विकास के पथ पर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा: नीलकंठ तिवारी

वाराणसी। जिले में यूपी दिवस बुधवार को पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। काशी की पहचान बन चुके नमो घाट पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व धर्मार्थ कार्य राज्य मंत्री और शहर दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी शामिल हुए। पूर्व मंत्री ने लोगों को यूपी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि अनेकों संतो, महान विभूतियों, स्वतंत्रता सेनानियों की यूपी पावन जन्मभूमि व कर्मभूमि रही है। आध्यात्मिक गौरवशाली इतिहास से परिपूर्ण प्रदेश में भगवान श्री राम, भगवान श्रीकृष्ण, बाबा विश्वनाथ, संत कबीर,गुरु रैदास, सभी के पावन चरण समाएँ हैं। डॉ तिवारी ने कहा कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक इतिहास की भूमि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में रामलला के विराजमान होने से प्रदेश सहित समूचे देश में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। प्रभु श्री राम से प्रदेश के चहुँमुखी विकास और प्रदेशवासियों की उन्नति की कामना करता हूँ। इस बार उत्तर प्रदेश दिवस आयोजन की मुख्य थीम निवेश एवं रोजगार है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से उत्तर प्रदेश दिवस पूरे प्रदेश में पूरे गौरव के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस दिवस पर किसी एक प्रमुख जनकल्याणकारी योजना का शुभारंभ भी करते है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजों का चूले हिलाने वाला प्रदेश उत्तर प्रदेश ही है। 1857 की क्रांति की चिंगारी यूपी से ही फूटा और आखिरकार अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ा। उत्तर प्रदेश आज विकास के पथ पर बहुत तेजी से आगे बढ़ा है। कानून व्यवस्था सुदृण हुई है। गुंडे-माफिया देश छोड़ चुके हैं। उद्यमी उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए लालायित हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही उत्तर प्रदेश 3 ट्रिलियन डॉलर एवं भारत 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का देश बनेगा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने अतिथियों का स्वागत कर कहा कि उत्तर प्रदेश असीम संभावना वाला प्रदेश है। पूरे देश का सबसे अधिक जनसंख्या वाला प्रदेश है। आज उत्तर प्रदेश देश का प्रमुख पर्यटन का केंद्र बन गया है। विकास के पथ पर यह प्रदेश बहुत आगे निकल चुका है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

फतेहपुर। फतेहपुर के कलेक्ट्रेट में महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी0 इंदुमती ने राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके सम्पन्न हुआ। उन्होंने आये हुये छात्राओ/महिलाओं से राष्ट्रीय बालिका दिवस के सम्बंध में संवाद करके जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भूण के लिंग की जांच कराना कानूनी अपराध है, के प्रति महिलाओं को जागरूक होना है बेटी - बेटा पर भेद न रखा जाय और बेटियों की शिक्षा कराये बेटा से बेटी हर क्षेत्र में आगे है। प्रदेश में महिला/पुरूष का अनुपात सामान्य नही है, को ध्यान में रखा जाय, के लिए महिलाओं में बदलाव की आवश्यकता है। महिलाये बिना भेदभाव के बेटियों को शिक्षित करे तभी प्रदेश और देश विकसित होगा। उन्होंने कहा कि अधिनियम पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट 1994 प्रदेश में प्रभावी तरीके से वर्तमान में लागू है। गर्भस्थ शिशु/भूण के लिंग की जांच कराना कानूनी अपराध है। लिंग निर्धारण के लिए प्रेरित करने तथा अधिनियम के प्रावधानों/नियमों के उल्लंघन के लिए दण्ड का प्रावधान है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं ट्रेनिंग करने वाली नर्सो को प्रमाण पत्र देकर समान्नित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी,जिला सूचना अधिकारी, विभिन्न विद्यालय के छात्रायें, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहित स्वस्थ्य विभाग अनेक अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नौबस्ता में बंदर को गोली मारकर दफनाया, पुलिस ने शव निकलवाया

कानपुर। नौबस्ता थाना क्षेत्र में दबंगों ने एक बंदर को गोली मार दी और शव दफना दिया। मामले की जानकारी पर पुलिस ने बुधवार को मुकदमा दर्ज करते हुए शव को निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी आशुतोष कुमार पाण्डेय ने बताया कि वाई ब्लॉक के रहने वाले अंजनी मिश्रा ने बताया कि हमारे मोहल्ले के रहने वाले तीन दबंगों ने एक बंदर को गोली मार दी। इसके बाद उसके शव को दफना दिया। उन्होंने जब इसका विरोध किया तो उन्होंने अंजनी मिश्रा के साथ मारपीट की।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई-निविदाएँ एकल पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/वाराणसी/उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के अधीन प्रस्तावित व्यासनगर से ब्लॉक हट "K" के मध्य दोहरीकरण, जंघई जंक्शन को बाई पास करते हुए सरकोनी-जंघई-मड़ियाहू को जोड़ने वाली कॉर्ड लाइन, वाराणसी-पं. दीन दयाल उपाध्याय-तीसरी एवं चौथी लाइन, वाराणसी-शिवपुर-तीसरी लाइन, जफराबाद-शिवपुर (45.4 किमी) के मध्य तीसरी और चौथी लाइन एवं शिवपुर-वाराणसी (5.79 किमी) के मध्य चौथी लाइन के प्रस्तावित दोहरीकरण के संबंध में फाइनल लोकेशन सर्वे जैसे लेवलिंग, संरेखण, मिट्टी की जांच, योजना, एल सेक्शन, पुलों की जीएडी आदि, बिलों की मात्रा एवं डी पी आर बनाने सहित अन्य सहायक कार्य। | | |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 03 माह | कार्य की अनुमानित लागत | ₹101.35 लाख |
| धरोहर राशि | ₹2,00,700/- | | |
| ई-निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक **21.02.2024** को **11:30 बजे** तक आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक **21.02.2024** को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। | | |
| विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र **दिनांक 31.01.2024** से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक **07.02.2024** से दिनांक **21.02.2024** तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है। | | |

सं.: 25-टेंडर/उपमुइंजी/नि०/वाराणसी दिनांक: 23.01.2024 265/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत थीम पर आधारित रहा उत्तर प्रदेश दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में उत्तर प्रदेश दिवस-2024 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि व जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत मा. जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों,प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति व प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर विभिन्न विभागों यथा- सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की



अभिलेख प्रदर्शनी, बेसिक शिक्षा विभाग, जिला उद्यान विभाग, कृषि विभाग, पुलिस विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, जिला उद्यम एवं प्रोत्साहन विभाग द्वारा (एक जनपद एक उत्पाद) मूंज क्राफ्ट, स्वयं सहायता समूह, पंचायती राज, खादी ग्रामोद्योग, मत्स्य, पशुपालन, दुग्ध सहित अन्य कई विभागों द्वारा परिसर में प्रदर्शनी लगायी गयी। जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह ने उत्तर प्रदेश राज्य बनने की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी द्वारा प्रांगण में उपस्थित छात्र,छात्राओं एवं समस्त अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये उत्तर प्रदेश दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी।उन्होंने कहा कि भारत में 'विविधता में एकता' की संस्कृति को उत्तर प्रदेश अपने में समाहित किये हुए है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता में इतनी गहराई है कि कोई भी बाहर से आकर उत्तर प्रदेश का हो जाता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश दिवस मनाये जाने के महत्व को बताते हुये कहा कि आज की युवा पीढ़ी उस महान गौरवशाली समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को याद कर सके, इसलिये उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है।

उन्होंने कहा कि यदि हम सब को प्रगति के रास्ते पर अग्रसर होना है, तो हमें अपने इतिहास व संस्कृति को जानना बहुत ही जरूरी है। यह दिवस उसी इतिहास व संस्कृति को याद करने का दिन है।उन्होंने विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की।कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रतीक्षा पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उप निदेशक कृषि डा. एल बी यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र, एलडीएम गणेश यादव सहित अन्य अधिकारीगण, लाभार्थीगण एवं छात्र छात्राएं सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में उत्तर प्रदेश दिवस 2024 का हुआ भव्य आयोजन

### जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने फीता काटकर उत्तर प्रदेश दिवस का किया शुभारम्भ

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने दिलाई शपथ

अमेठी । कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई एवं मौजूद लोगों से आगामी सभी निर्वाचनों में बिना किसी लालच में आए, निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया। जिलाधिकारी ने शपथ दिलाते हुये कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन में प्रभावित हुये बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता, उपजिलाधिकारी गौरीगंज अभिनव कनौजिया, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रतीक्षा पाण्डेय, रामकेवल त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व जन सामान्य मौजूद रहे।

# इन्हौना पुलिस ने स्कूली छात्राओं को पढ़ाया जागरुकता का पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । थाना इन्हौना पुलिस द्वारा ल्लमिशन शक्तिङ्क अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरुक किया गया।थानाध्यक्ष कंचन सिंह द्वारा स्कूली छात्राओं को आवश्यक मोबाइल नम्बर के बारे में अवगत कराया गया है।पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी के निर्देशन में,अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण में ल्लमिशन शक्तिङ्क अभियान के तहत नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से बुधवार को थाना इन्हौना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओं,बालिकाओं को जागरुकता का पाठ पढ़ाया गया। थानाध्यक्ष कंचन सिंह ने स्कूली छात्राओं को 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित शासन की विभिन्न योजनाओं तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर व जागरूकता सम्बंधी पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

# एसपी ने गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया और पुलिस लाइन प्रांगण को साफ सुथरा रखने का निर्देश मातहतों को दिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में आगामी गणतंत्र दिवस की तैयारियों के दृष्टिगत परेड में शामिल विभिन्न टोलियों का निरीक्षण किया और गणतंत्र की मुख्य परेड का पूर्वाभ्यास की तैयारियों का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने परेड की तैयारी हेतु सभी संबन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश दिया एवं पुलिस लाइन में साफ सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अमेठी लल्लन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### पुलिस द्वारा की गई होटलों की चेकिंग

अमेठी,गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा होटल ढाबा आदि पर संदिग्धों की चेकिंग की गई और शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों से पूंछ तांछ की गई है।गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी के निर्देशन में जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले होटल, सराय, ढाबा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों की चेकिंग की गयी।

### अयोध्या में भरी भीड़ देख थम गए रोडवेज के पहिये

सुलतानपुर। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के ठीक दूसरे दिन आस्था का वो जनसैलाब वहां उमड़ा की श्रद्धालुओं की भीड़ थामे नहीं थमी। राम भक्तों की संख्या कई लाख के पार गई। ऐसे में अयोध्या परिक्षेत्र के मंडलायुक्त ने डीएम सुल्तानपुर को फोन लगाकर रोडवेज बसों को रोकने के निर्देश दिए। ऐसे में स्थिति ये हुई कि शाम से लेकर रात तक यात्री परेशान रहे। आपको बता दें कि डीएम के आदेश के बाद बसों के संचालन ठप होते ही यात्री व श्रद्धालु दोनों बेचैन दिखाई दिए। ट्रेने पहले से ही बंद थी ऐसे में लोग ई-रिक्शा के जरिए यात्रा करने को विवश हुए। यही नहीं जहां रोडवेज बसों के चक्के थमे हैं वही प्राइवेट वाहनों को भी बाकायदा कूरेभार के पास बैरिकेडिंग कर के रोका जा रहा है। यहां पहुंचने वाले वाहनों को देहली रूट से गुजारा जा रहा है। आपको बता दें कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद सोमवार की रात आठ बजे से अयोध्या के लिए चलाई गईं थी। लेकिन मंगलवार को डिपो से 50 बसों को संचालित किया गया। औसतन हर एक घंटे में तीन बसें भेजी गईं। बसों से तीन हजार से अधिक यात्री अयोध्या पहुंचे थे। वही परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नागेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना के मौखिक आदेश पर अयोध्या के लिए बसों के संचालन पर रोक लगा दी गई है।

# सीडीओ ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आज मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में आयोजित की गयी जागरूकता रैली को मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।इस अवसर पर पीसीपी एनडीटी अधिनियम-1994 के तहत रैली का आयोजन डिजिटल जेनरेशन अवर जेनरेशन की थीम पर किया गया जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह,उप नोडल अधिकारी पीसीपी एनडीटी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, डीपीसी आयुष्मान भारत, आशा एवं इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा आम जनमानस को कन्या भ्रूण हत्या को रोकने एवं लिंगानुपात में कमी लाने के उद्देश्य से जागरूक करने से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी।




इस दौरान जागरूकता रैली के समापन के उपरान्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं की शिक्षा, सर्वांगीण विकास एवं सशक्तीकरण से जुड़े मुददो,कन्या भ्रूण हत्या को रोकने हेतु जागरूकता, मुखबिर योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना सहित समस्त महिला सशक्तीकरण योजनाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी।

## बाइक सवार दो सगे भाइयों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत दूसरा गंभीर

सुल्तानपुर। अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर शाम बाइक सवार दो सगे भाइयों को ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनों भाई बुरी तरह घायल हुए हैं। दोनों को कोतवाली नगर पुलिस राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर आई जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित किया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोतवाली नगर के लालमणि हॉस्पिटल के निकट की है। जहां लोहरामऊ से मजदूरी करके बाइक से वापस लौट रहे कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा निवासी पिंटू पुत्र राम धनी व रमेश पुत्र राम धनी जैसे ही बाइक से लाल मणि हॉस्पिटल के पास पहुंचे थे कि एकाएक तेज रफ्तार ट्रक में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई सड़क पर दूर जा गिरे। दोनों का सिर फट गया और उन्हें गंभीर चोटें आई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली नगर पुलिस को दी। सूचना पर सिपाही रोहित कुमार मौके पर पहुंचा। दोनों घायल भाइयों को राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां पिंटू को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### जमीन कब्जा करने से रोकना पड़ा भारी, दबंगों ने लामबंद होकर परिवार को पीटा

सुलतानपुर। दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने से रोकना एक परिवार पर भारी पड़ा दबंगों ने लामबंद होकर पूरे परिवार की लाठी डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। दरअसल पूरा मामला धनपतगंज थाना क्षेत्र के बरसवां गांव का है जहां के रहने वाले आशुतोष शुक्ला ने धनपतगंज थाने में एक शिकयाती पत्र दिया है जिसमे उन्होंने आरोप लगाया है कि गांव के ही दबंग राकेश तिवारी और अंकीश तिवारी उनके घर के सामने खाली पड़ी जमीन पर कब्जा कर रहे थे तभी उनके परिजनों ने उन्हें कब्जा करने से रोका तो राकेश तिवारी और अंकीश तिवारी का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और दोनों दबंग लोग लाठी डंडों से लैस होकर उनके घर पर हमला कर दिया। जिसमे घर के रामलाल शुक्ला और वंदना शुक्ला को गंभीर छोटे पहुंची है आशुतोष शुक्ला ने बताया कि वह बिजली विभाग में संविदा कर्मी है दबंगों ने मारपीट करने के बाद शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है आशुतोष शुक्ला ने प्रशासन से अपने परिवार की जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

फतेहपुर में गोष्ठी का आयोजन

फतेहपुर। फतेहपुर में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाल कल्याण समिति फतेहपुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद साहू के द्वारा बालिकाओं के होने वाले अपराधों व उनके सामने आने वाली चुनौतियों व अधिकारों के संरक्षण के लिए जागरूक किया गया ■ बालिका दिवस के इतिहास पर चर्चा करते हुए कहा की 24 जनवरी 1966 को इंदिरा गांधी ने महिला प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी इसलिए 24 जनवरी को भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरुआत साल 2008 में महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से की गई थी क्योंकि भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा था कि एक महिला देश की प्रधानमंत्री बन गई थी, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी बदलाव था। गोष्ठी में बाल कल्याण समिति के सदस्य गण श्री राम कृष्ण पाण्डेय ने बालिका शिक्षा के महत्व पर जोर डालते हुए कहा की पढ़ी लिखी बालिका परिवार के विकास की राह खोलती है बालिका के जन्म से लेकर के उसकी सुरक्षा पोषण व शिक्षा के लिए न सिर्फ परिवार बल्कि समाज को भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भव्य रूप से मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहाँपुर। शाहजहाँपुर में जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अटल बिहारी वाजपई ऑडिटोरियम में भव्य रूप से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया तथा मंथन आर्टस के कलाकरों ने स्वच्छता जागरूकता नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया लीड कान्वेंट स्कूल के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना ''मातु शारदे ऐसा वर दे'' ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर के बच्चों ने भी सास्कृतिक कार्यक्रम की सुन्दर प्रस्तुति की मंथन आर्टस के कलाकारो ने स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु वहतरीन नाटक की प्रस्तुति



कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विश्वकर्मा श्रमसम्मान योजना के लाभार्थियों को टूलकिट तथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लाभार्थियों को ऋण का प्रतीकात्मक चेक, आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरण किया। साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, पुलिस कर्मचारियों, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास, पंचायती राज, कौशल विकास, राजस्व विभाग, शिक्षकों, र्स्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होने 1950 से 2024 तक के उत्तर प्रदेश इतिहास पर प्रकाश डाला, जिलाधिकारी ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी विकास यात्रा में शिक्षा एवं स्वास्थ्य का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारियों के टीमवर्क का परिणाम है कि जनपद कई क्षेत्रों में प्रथम स्थान पर है। स्वच्छ भारत मिशन से अत्याधिक बदलाव आया है। जिलाधिकारी ने कहा कि उ0प्र0 में सभी क्षेत्रों में बदलाव हो रहा है। जिलाधिकारी ने उदाहरण देते हुये कहा कि यह विश्व स्तरीय ऑडिटोरियम भी नये उ0प्र0 का उदाहरण है।

# अमेठी में विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिये होगी आपदा मित्रों की तैनाती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार ने बताया कि आपदाओं के प्रभावी समन्वय हेतु तथा आमजन के मध्य आपदा के प्रति जन जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जनपद में सौ आपदा मित्रों को प्रशिक्षित करने की योजना बनाई गई है।यह योजना उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा राज्य आपदा मोचक बाल एसडीआरएफ के सहयोग से तैयार की गई है इसके अंतर्गत जनपद से चयनित आपदा मित्रों को लखनऊ स्थित राज्य आपदा मोचक बल केंद्र में प्रशिक्षण दिया जायेगा एवं प्रशिक्षण उपरांत उन्हें एक आपदा बचाव हेतु किट दी जायेगी जिसमें आपदा बचाव हेतु महत्वपूर्ण उपकरण रहेंगे इसके अतिरिक्त आपदा मित्रों को बीमा की सुविधा भी दी जायेगी

### इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन के लिये कलेक्ट्रेट में आपदा विशेषज्ञ से सम्पर्क करें

जिसके अंतर्गत आपदा की घटना में बचाव कार्य के दौरान मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। आपदा विशेषज्ञ आपदा मित्रों के चयन हेतु निर्धारित अर्हता न्यूनतम इंटर पास एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र होना चाहिये साथ ही अभ्यर्थी को जनपद का मूल निवासी होना अनिवार्य है यदि किसी के पास एनसीसी, स्काउट गाइड, भूतपूर्व सैनिक इत्यादि का पूर्व अनुभव है तो उसे प्राथमिकता दी जायेगी।इस संबंध में विशेष जानकारी के लिये आपदा प्रबंधन पटल कलेक्ट्रेट में आपदा विशेषज्ञ के मोबाइल नम्बर 7830318428 पर स्मपार्क किया जा सकता है।

# उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में उत्तर प्रदेश दिवस-2024 ''समृद्धि सांस्कृतिक विरासत'' समारोह का भव्य आयोजन विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी स्टॉल सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पं0 राम नरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित कर किया गया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ0 आर0ए0 वर्मा, जिलाध्यक्ष अपना दल अविनाश पटेल, जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। केशकुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज सुलतानपुर की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह का जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ0 आर0ए0 वर्मा का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। परियोजना निदेशक(डी0आर0डी0ए0) कृष्ण करूणाकर पाण्डेय द्वारा जिलाध्यक्ष अपना दल अविनाश पटेल का, डीसी मनरेगा अनवर शेख द्वारा मा0 अध्यक्ष नगर पालिका प्रवीन कुमार अग्रवाल, जिलाधिकारी महोदया का, जिला सूचना अधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी का, उप कृषि निदेशक द्वारा वरिष्ठ पत्रकार/इतिहासकार राजखन्ना का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। उत्तर प्रदेश दिवस 'समृद्धि सांस्कृतिक विरासत'' विषय पर आधारित संर्वांगीण विकास सेवा अकादमी बृजेश कुमार पाण्डेय व उनकी टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात गान्धर्भ संगीत समिति एवं उनकी टीम द्वारा देशभक्ति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश दिवस के इतिहास व सरकार द्वारा देश के विकास में किये जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर सभी जनपदवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी, उन्होंने उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता- खानपान, वेशभूषा, आचार विचार आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला। तत्पश्चात राजकीय इण्टर कालेज सुलतानपुर के छात्रों द्वारा नृत्य नाटक प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात उच्च प्राथमिक विद्यालय दूबेपुर, प्राथमिक विद्यालय निंदूरा वि0ख0 कूरेभार, प्रा0वि0 कटका खानपुर के छात्र/छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। परियोजना निदेशक(डी0आर0डी0ए0) कृष्ण करूणाकर पाण्डेय द्वारा सुलतानपुर के इतिहास के बारे में विस्तृत प्रकाश डालते हुए व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कुशभवनपुर से लेकर सुलतानपुर तक के इतिहास को प्रस्तुत किया। तत्पश्चात स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के बाद वरिष्ठ पत्रकार/ इतिहासकार राजखन्ना द्वारा वर्तमान उत्तर प्रदेश के इतिहास को ब्रिटिश काल से लेकर आज तक के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने वर्तमान उत्तर प्रदेश बनने की प्रक्रिया के इतिहास को प्रस्तुत किया।

## काली पट्टी बांध माध्यमिक शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के आह्वान पर बुधवार को माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों ने बांहों में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। नौ नवंबर 2023 के शासनादेश से प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत तदर्थ शिक्षकों की सेवा समाप्त करने पर आक्रोश जताया। साथ ही 18 सूत्रीय मांगपत्र मुख्यमंत्री को प्रेषित कर समस्याओं के समाधान की मांग की। जिले के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की बहाली, पुरानी पेंशन, चयन बोर्ड की धारा 12, 18 और 21 को लागू करने, वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, एनपीएस कटौती में पारदर्शिता, बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन पारिश्रमिक सीबीएसई के समान, अवशेष देयकों का भुगतान, स्थानांतरण प्रक्रिया सरल बनाने, सामूहिक बीमा आरंभ किए जाने की मांग की। इस दौरान नगर के एएस जुबिली इंटर कॉलेज में जिलामंत्री डॉ. रमाशंकर शुक्ल, प्रधानाचार्य राधाकांत त्रिपाठी, नरेंद्र श्रीवास्तव, भूपेश सिंह, पंकज श्रीवास्तव, राकेश यादव, राजेश श्रीवास्तव, पूनम उपाध्याय, मणिशंकर यादव, आरपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# मौसम विभाग के अलर्ट के बावजूद 6 डिग्री तापमान में स्कूल गए बच्चे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। बुधवार सुबह तापमान 6 डिग्री पहुंच गया। रात से ही जिला कोहरे की चादर ओढ़े हुए है। आलम ये है कि हाईवे पर घंटों जाम की स्थिति रही। वाहनों के पहिए थम गए। लेकिन इस कड़ाके की ठंड में बच्चे स्कूल जाने को बाध्य रहे।

### कोहरे से हाईवे पर वाहनों पर लगा ब्रेक

आपको बता दें कि यहां कल ही मौसम सुबह से काफी सर्द था लेकिन अक्सर करके रैलियों के मौके पर अवकाश करने वाला प्रशासन ठंड में इस बात को भूल गया। रात दस बजे के बाद से ही कोहरा शुरू हो गया जो देर रात हल्के



फुआरों में बदल गया। ये स्थिति सुबह तक रही लेकिन उसमें प्रशासनिक संवेदनहीनता का दंश झेलते हुए बच्चे स्कूल जाने को बाध्य हुए। क्या सरकारी क्या गैर सरकारी सभी शिक्षन संस्थान सुबह 10 बजे खुले तो कांपते हुए बच्चे स्कूल जाते दिखाई दिए। हैरत इस बात पर है कि उस जगह मानव के बच्चों के साथ लापरवाही बरती जा रही जहां की सांसद पशु प्रेमी कहलाती हैं। उधर मौसम की मार ऐसी कि अयोध्या प्रयागराज राजमार्ग पर गाड़ियों के पहिए थम गए। कई किमी लंबा जाम घंटों लगा रहा। बेतरतीब वाहन हाईवे पर खड़े देखे गए। जिसमें एंबुलेंस तक फंसी रही। पुलिस को जाम खुलवाने में पसीने बहाने पड़ गए।

# शहर में ट्रैफिक जाम में मिलेगी राहत स्ट्रीट वेंडर्स को मिला नया ठिकाना



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिले में अब दिल्ली, लखनऊ, इंदौर की तरह स्ट्रीट फूड का मजा ले सकेंगे। लखनऊ की चटोरी गली,इंदौर की खाऊ गली के तर्ज पर गोण्डा में भी फूड स्ट्रीट विकसित की जाएगी।

जनपद गोण्डा में पहली बार मॉडल वेंडिंग जोन बनने जा रहा है। खास बात यह है कि एक नहीं बल्कि तीन जगहों पर यह मॉडल वेंडिंग जोन बनेंगे। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के प्रयासों से नगर पालिका क्षेत्र गोण्डा में तीन मॉडल वेंडिंग जोन स्थापित किए जाने की मंजूरी राज्य शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) से मिल गई है।यह तीनों वेंडिंग जोन शहर के ट्रैफिक समस्या वाले इलाकों में बनेंगे।

ऐसे में जिलाधिकारी की इस पहल से एक ओर जहां, शहर की एक बड़ी आबादी को अव्यवस्था के कारण होने वाले ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। वहीं,100 से ज्यादा शहरी पथ विक्रेताओं को अपने परिवारों के जीविकोपार्जन के लिए एक ठिकाना मिल सकेगा।बता दें, कि जनपद गोण्डा में अभी तक कोई मॉडल वेंडिंग जोन नहीं है।नगर पालिका गोण्डा की ओर से कुछ जगहों को चिन्हित करके उन्हें वेंडिंग जोन घोषित किया हुआ है लेकिन, यह प्रभावी नहीं हो पाए। इसका नतीजा है कि स्ट्रीट वेंडर्स से लेकर आम जनता तक को परेशानी उठानी पड़ती है।

### तीन स्थानो पर बनेंगे मॉडल वेंडिंग जोन

सिंचाई विभाग ऑफिसर्स फील्ड हॉस्टल से सिंचाई विभाग की बाउण्ड्री तक पहला मॉडल वेंडिंग जोन स्थापित होगा। यहां 40 स्ट्रीट वेंडर्स को स्थान मिल सकेगा। इसी तरह से, गांधी पार्क (मालवीय नगर) के मेन गेट से एलबीएस चौराहे की तरफ 34 स्ट्रीट वेंडर्स के लिए मॉडल वेंडिंग जोन बनेगा। तीसरा वेंडिंग जोन बस स्टॉप के पास नेकी की दीवार से जीआईसी गेट तक बहराइच रोड की पश्चिमी पटरी पर बनेगा।यहां 31 स्ट्रीट वेंडर्स को स्थापित किया जाएगा।उम्मीद जताई जा रही है कि अगले तीन से चार महीने में यह मॉडल वेंडिंग जोन पूरी तरह से काम करने लगेंगे।

### नगर पालिका करेगी स्ट्रीट वेंडर्स का चयन

दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी स्ट्रीट वेंडर्स को सहायता योजना के अन्तर्गत इन मॉडल वेंडिंग जोन को मंजूरी मिली है। इन मॉडल वेंडिंग जोन फूड जोन का संचालन एवं रख-रखाव वेन्डर मैनेजमेंट कमेटी द्वारा टीवीसी एवं नगर पालिका परिषद की देख-रेख में किया जायेगा।टाउन वेंडिंग कमेटी के अनुमोदन के अनुसार ही पथ विक्रेताओं को स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।यदि किसी कारणवश पथ विक्रेताओं में परिवर्तन होता है तो उसको टीवीसी एवं नगर पालिका से अनुमोदित कराया जाएगा।

# बिना प्रलोभन के करें मताधिकार का प्रयोग : मण्डलायुक्त



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने कमिश्नरेट के अधिकारियों, कर्मचारियों को शपथ दिलाई। शपथ दिलाते हुये उन्होंने कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट कर्मियों को दिलाई शपथ

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी कलेक्टरेट कर्मियो को मतदाता शपथ दिलाई उन्होंने सभी कर्मियों से कहा कि सभी लोग शपथ का पालन करें अन्य लोगों को भी वोट देने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर सीआरओ, एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट व अन्य सभी अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है मतदाता दिवस

कार्यक्रम के समापन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती है कि देश के सभी व्यस्क नागरिकों को वोट का समान अधिकार है। जिसके माध्यम से वो अपनी पंसद के उम्मीदवार को चुनाव में वोट दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता दिवस लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है।

### सार्वजनिक अवकाश के एक दिन पहले हुआ आयोजन

भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन पूरे देश में किया जाता है। इस बार 25 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 24 जनवरी को ही कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों को 24 जनवरी को मतदाता दिवस का आयोजन करने के निर्देश दिए थे।

### सभी कार्यालयों में दिलाई गयी शपथ

जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार सभी शासकीय कार्यालयों में मतदाता शपथ ली गई। सभी सरकारी कर्मचारियों ने मतदाता दिवस पर मतदाता शपथ लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर आयोजित हुई वृद्धाश्रम में संगोष्ठी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच। वृद्धाश्रम बहराइच (नगरौर) परिसर में बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश दिवस विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अथितियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जनहित में कराए जा रहे विकास कार्यों की चर्चा करते हुए प्रदेश को सम्पूर्ण भारत का गौरान्वित और महत्वपूर्ण प्रदेश बताया और प्रदेश के विकास में हर सम्भव प्रभावी सहयोग देने का वायदा भी किया। बहराइच नगर सन्निकट नगरौर स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि सुलह अधिकारी राकेश चंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थापना काल से लेकर अब तक प्रदेश लगातार उत्तरोत्तर विकास के पथ पर अग्रसर हैं यही कारण है कि उत्तर प्रदेश की ध्वजा पताका समूचे देश मे ही अपितु पूरे विश्व मे फैल रहा है।

सुलह अधिकारी ने कहा कि भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण और भगवान शिव समेत मध्यकाल के हिन्दू गौरव महाराजा सुहेलदेव की धरती उत्तर प्रदेश है यहां की धरती शस्य श्यामला व प्राकृतिक रूप से धनध्यान से परिपूर्ण है यहाँ का इतिहास भी सदैव विजयी और गौर्वांगित रहा है। आवाहन करते हुए उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने भगवान श्रीराम के विग्रह को अयोध्या में भव्य मंदिर में स्थापित कर साफ सन्देश दे दिया है कि युग परिवर्तन की नई बेला शुरू हो गई है अब हम सब उनके सहभागी बन कर जनपद, प्रदेश एवँ राष्ट्र को गौरवशाली बनाए। वरिष्ठ साहित्यकार सहित्य परिषद महामंत्री रमेश तिवारी ने कहा कि वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्ध महिलाएं एवं पुरुष हमारे समाज की शान एवं अभिमान हैं हमे इनके सुख दुख में पूरे मनोयोग से सहभाग कर आश्रम के उच्चीकरण में प्रभावी भूमिका अदा करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि रूल ऑफ लॉ सोसायटी अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि उत्तर प्रदेश के स्थापना काल से लेकर अब तक यहां पर मनीषियों व धर्मप्रवर्तकों का जन्म होता रहा है इसके साथ ही कवि, लेखक, चिकित्सक, वैज्ञानिक अपनी विशिष्ट सेवाएं समाज को अर्पित कर भारत मे उत्तर प्रदेश का मान सम्मान बढ़ा रहे हैं। उन्होंने आश्रम वासियों से आवाहन किया कि वे नशा से दूर रहकर समाज और प्रदेश को नशा उन्मूलन का एक प्रभावी संदेश दें। जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त ने उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा वृद्ध एवं अशक्त समाज के लिए उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और योजनाओं से लाभान्वित होने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन वृद्धाश्रम प्रबंधक दिलीप कुमार द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वृद्धाश्रम व्यवस्था से जुड़े रिमी शुक्ल रीना मिश्र, भगवान प्रसाद, सुधाकर पाण्डेय, कृष्ण कुमार शुक्ल, राजन पाठक, सहजराम, आरती शुक्ल, दर्शनदीन भारती, संगीता द्विवेदी, पुष्पा व वृद्धजन उपस्थित थे।

# गैस सिलेंडर से लदी गाड़ी में लगी आग की मजिस्ट्रियल जांच होंगी डीएम ने दिए आदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिले में बीते दिनों कर्नलगंज थाना क्षेत्र के भभुआ पुलिस चौकी भूलियापुर मोड़ के पास गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में शार्ट सर्किट से लगे आग लगने के मामले में डीएम ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं।छः फरवरी तक पूरे मामले की जांच करके जिलाधिकारी को पूरे मामले की रिपोर्ट सौंपी जिलाधिकारी को पूरे मामले की रिपोर्ट सौंपी जाएगी।छः फरवरी तक कोई भी व्यक्ति पूरी घटना को लेकर के अपना बयान और साक्ष्य उपजिलाधिकारी करनैलगंज के न्यायालय पर उपस्थित होकर के दे सकता है।दरअसल बीते शुक्रवार 19 जनवरी को लखनऊ के गुडम्बा थाना क्षेत्र से 360 घरेलू और दस छोटे गैस सिलेंडर ट्रक में लादकर ट्रांसपोर्टर हिमांशु कैरियर द्वारा सूर्य भारत गैस एजेंसी गोंडा लाया जा रहा था।रास्ते में करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भूलियापुर मोड के पास पहुंचते ही ट्रक के केबिन में शार्ट सर्किट से आग लग गई थी।आग देखते ही देखते आग पूरी ट्रक में फैल गई, जिससे ट्रक में भी भीषण आग लग गई थी।ट्रक में लदे गैस सिलेंडर एक के बाद एक ब्लास्ट होने शुरू हो गए थे। ट्रक और गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाने के लिए चार से पांच फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर बुलाई गई थीं।वही गोंडा लखनऊ हाईवे को दो घंटे तक बंद करते हुए कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया था।इस हादसे में दो सौ से अधिक गैस सिलेंडर एक के बाद एक ब्लास्ट हुए थे। पूरा ट्रक आग लगने से जलकर राख हो गया था। गैस सिलेंडर में विस्फोट इतना तेज था कि गैस सिलेंडरों का अवशेष अगल-बगल के गांव में और खेतों में जाकर के पड़े हुए मिले थे।अब शासन द्वारा दिए गए आदेश पर गोंडा जिला अधिकारी नेहा शर्मा ने पूरे मामले में उप जिला अधिकारी करनैलगंज विशाल कुमार को मजिस्ट्रेट जांच अधिकारी नामित करते हुए पूरे मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं।छ :फरवरी तक पूरे मामले की जांच करके विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को दी जाएगी और फरवरी तक उप जिला अधिकारी करनैलगंज के न्यायालय पर सुबह दस बजे से शाम पाँच बजे तक कोई भी व्यक्ति इस पूरी घटना को लेकर के कोई साक्ष्य देकर या अपना बयान दर्ज करा सकता है।

### आतंक का पर्याय बने सांड को पकड़ कर भेजा गया गौशाला



जरवल बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर निराश्रित गोवंश को पकड़कर गौशाला में छोड़ने के अभियान के अंतर्गत आतंक का प्रयाय बन चुके सांड़ को ग्राम परसा में पकड़ने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। जरवल विकाश खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसा के पंचायत भवन के निकट डेढ़ वर्षों से आतंक का पर्याय बन चुके दुर्दांत सांड़ के हमले में अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं तथा विगत वर्ष गांव निवासी मंसाराम की इसी साड़ के हमले से मौत हो गई थी। बुधवार को ग्रामीणों के अथक प्रयास से खंड विकास अधिकारी जरवल एसपी पांडे के निर्देशन में कैटल कैचर वाहन से टीम का नेतृत्व कर रहे ग्राम पंचायत अधिकारी रामानंद तथा पशु चिकित्सक की टीम की मौजूदगी में अभियान चलाकर 4 घंटे के अथक परिश्रम के बाद पकड़ने में सफलता मिल पाई। इधर-उधर भागकर कैचर टीम को चकमा दे रहा सांड़ जब तालाब में चला गया तो रस्सा फंसाकर काबू कर नशे का इंजेक्शन लगाकर बेहोश कर सांड को पकड़ा गया।इस सांड के हमले में गांव के मंसाराम की 1 वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। आतंक का पर्याय बन चुके सांड को 500 से अधिक ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद पकड़े जाने पर क्षेत्र वासियों में हर्ष व्याप्त है।

### राम की भक्ति में झूमे नगर वासी



बहराइच । अयोध्या में श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में रामलीला समिति नानपारा के तत्वाधान में रामलीला चबूतरा पुरानी बाजार से एक भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण के लिए जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण जय श्री राम का उद्घोष करते हुए झूमते गाते नजर आए शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण राम दरबार की झांकी, शिव पार्वती की झांकी व राधा कृष्ण की झांकी रही। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे जिससे संपूर्ण नगर राममय नजर आ रहा था। रामलीला समिति नानपारा के संरक्षक श्रीनिवास गुप्ता की अध्यक्षता में रामलीला समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष चिरंजी लाल यज्ञसैनी, उपाध्यक्ष ऋषभ अग्रवाल,पंकज अग्रवाल,मोहित कसौधन,डॉक्टर शिव कृष्ण गुप्ता कोषाध्यक्ष शिवम गुप्ता छोटू, विपिन कुमार एवं रामलीला समिति के महामंत्री रजनीश रस्तोगी सत्या,मनीष पांडे सहित समिति के तमाम सदस्य उपलब्ध रहे।

# केडीसी के जिम्नेजियम हाल में समारोहपूर्वक मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

### विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया गया लाभान्वित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच । उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच के जिम्नेजियम हॉल में आयोजित समारोह का मुख्य अतिथि सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर की श्रीमती अनुपमा जायसवाल, नानपारा के राम निवास वर्मा, नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रा.वि. डीहा, कम्पोजिट विद्यालय यादवपुर, उ.प्रा.वि. मकोलिया खास, प्रा.वि. अजीजपुर व गुरू कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागतगीत, देश भक्तिगीत, योगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एमएलसी, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक सदर व नानपारा एवं अन्य वक्ताओं ने मौजूद लोगों को उ.प्र. स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के महत्व का अन्दाजा इस बात से लगाया जा सकता कि इसकी पावन धरती पर भगवान श्रीराम व गौतम बुद्ध ने जन्म लिया। भारत को अनेकों प्रधानमंत्री देने का गौरव भी उत्तर प्रदेश को हासिल है। वक्तागण ने कहा कि गंगा, यमुना, सरयू जैसी कई जीवन दायनी नदियॉ, धार्मिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान अयोध्या, काशी, मथुरा व प्रयागराज जैसे अनेकों तीर्थ स्थान भी उत्तर प्रदेश के ऑगन में हैं, जो हम सभी के लिए गौरव की बात है।

वक्तागण ने कहा कि देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ''सबका साथ-सबका विकास-सबका सम्मान'' के एजेण्डे पर कार्य करते हुए बिना भेदभाव के सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिल रहा है। गॉव, गरीब और किसान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता हैं। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। प्रदेश निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर है। वक्तागण ने कहा कि देश में उत्तर प्रदेश को अग्रणी प्रदेश का दर्ज़ा दिलाये जाने की दिशा में सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी प्रदेश का दर्ज़ा दिलाये जाने की दिशा में सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि कृषि प्रधान जनपद के किसान आज देश व प्रदेश स्तर पर सम्मान प्राप्त कर बहराइच का गौरव बढ़ा रहे हैं। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी जनपद में अनेकों कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। डीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए हम सब को मिलकर प्रयास करना होगा। समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश स्थापना से सम्बन्धित संकलिप अभिलेखों को प्रदर्शित किया गया तथा सूचना विभाग द्वारा प्रचार साहित्य का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लघु सिंचाई, मत्स्य पालन विभाग, कृषि के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग करने वाले प्रगतिशील कृषकों, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित व सम्मानित किया गया।

### वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का एलडीएम ने किया निरीक्षण



हुजूरपुर(बहराइच)। बुधवार को एलडीएम बहराइच ने हुजूरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत बसंतपुर में आयोजित वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएफएल प्रोजेक्ट के कर्मचारियों को अवश्यक दिशा निर्देश दिए।हुजूरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत बसंतपुर में आयोजित वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का एलडीएम जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। उन्होंने एवोक इंडिया के डिस्ट्रिक्ट काउंसलर रमेश कुमार मिश्रा को अवश्यक दिशा निर्देश दिए।एलडीएम ने प्रशिक्षण में कहा कि डिजिटल युग में साइबर क्राइम की घटनाएं बहुत तेज बढ़ रही है। इसके लिए लगातार रिजर्व बैंक एवं क्षेत्रीय बैंकों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ताकि सभी लोग जागरूक हो।साथ इस प्रकार की घटनाओं में कमी लाई जा सके। मंडल प्रमुख पवन पाठक ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,सुरक्षा बीमा,अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में जानकारी दी।इस मौके पर स्वयं सहायता समूह की कोमल, अर्चना,राधिका, मीना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।इस इसके साथ ही एलडीएम जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने पयागपुर ब्लाक के इन्द्रापुर में भी वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।बीएफ कल्पना मिश्रा को कार्य को गुणवत्ता पूर्व करने के निर्देश दिए हैं।

# परिणय सूत्र में बंधे 618 जोड़े



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिले में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए पांडाल सजाया गया।यहां 618 बेटियों का विवाह धूमधाम से कराया गया।इनमें से 39 बेटियों का निकाह भी हुआ।बीजेपी सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी संग कई जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने जोड़ों को आशीर्वाद दिया।बेटियों को उपयोगी सामग्री देकर विदा किया गया।

सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया और विनय कुमार द्विवेदी मेनन विधायक ने नव दंपती को आशीर्वाद दिया.

गोंडा फैजाबाद मार्ग बाईपास रॉयल पैराडाइज मैरिज लान के मैदान पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 618 बेटियों का विवाह कराया गया।जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी की देखरेख में विवाह संपन्न कराया गया है।वही मुख्य अतिथि ने वैवाहिक जोड़ों को दस हजार रूपये का सामान (डिनर सेट, साड़ी दो सेट, पैन्ट -शर्ट का कपड़ा एक सेट, ट्राली बैग, दीवाल घडी, प्रेशर कूकर, चांदी की पायल बिछिया) उपहार स्वरूप भेट करते हुए कहा कि धनाभाव के कारण अब किसी गरीब लड़की के हाथ पीले होने से नहीं बचेगें तथा 618 जोड़ों को सामूहिक विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।सके साथ ही सभी नवविवाहित जोड़ों को विवाहोपरांत उनके खाते में 35 हजार की धनराशि सरकार द्वारा दी जाती है बीजेपी सांसद कीर्ति वर्धन सिंह एवं विधायक मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने सभी जोड़ों को वैवाहिक जीवन की शुभ कामनायें देते हुए कहा कि यह योजना सरकार की बहुत अच्छी योजना है।अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए।विवाहित जोडों एवं उनके साथ आये रिश्तेदारों के लिए स्वादिष्ट भोजन एवं मिठाई व जलपान भी कराया गया है।

# तालाब की भूमि से दबंगों का नहीं हटा अवैध कब्जा जिम्मेदार मौन

### नोटिस की मियाद बीतने के बाद भी नही चेता प्रशासन अवैध कब्जा बरकरार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कर्नलगंज,गोण्डा। एक तरफ जहाँ सुप्रीम कोर्ट और सरकार का सख्त निर्देश है कि तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त कराकर उसे सुरक्षित रखा जाए।वहीं दूसरी तरफ तहसीलदार न्यायालय के आदेश के बावजूद तालाब से अवैध कब्जा नहीं हटवाया गया है।मामले में तहसीलदार के न्यायालय द्वारा बेदखली का आदेश भी पारित है और अवैध कब्जेदारों को जारी की गई नोटिस की अवधि बीत जाने के बाद भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जानबूझकर मामले का निस्तारण ना करके तालाब की भूमि से अवैध कब्जा नहीं हटवाया जा रहा और हीला हवाली की जा रही है।जिससे दबंग अवैध कब्जेदारों के हौंसले बुलंद हैं।मामला कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम शीशामऊ का है। यहाँ के निवासी व्यक्ति नंगा ने उच्चाधिकारियों को भेजे गये पत्र में कहा



है कि ग्राम स्थित गाटा सं. 712/0.049 हेक्टेयर भूमि तालाब (जलमग्न) के रूप में सरकारी अभिलेखों में दर्ज है,इस सरकारी भूमि को अवैध तरीके से पाटकर दबंग लोग कब्जा करके पक्का निर्माण कर लिये हैं।जिसके संबंध में तहसीलदार कर्नलगंज के न्यायालय पर अवैध कब्जेदारों के विरूद्ध धारा 67 उ0प्र0भू0 राजस्व संहिता 2006 के अन्तर्गत वाद सं0 टी 201808300506340 गांवसभा बनाम राजू वाद सं0 टी.201808300506341 गांव सभा बनाम सफीक व वाद सं.टी 201808300506338 गांव सभा बनाम अय्यूब के विरुद्ध जुर्माना अवधारित करते हुए बेदखली का आदेश पारित किया गया है। उपरोक्त के क्रम में अवैध कब्जेदारों को एक सप्ताह में अवैध कब्जा हटाने का नोटिस भी दिया जा चुका है जिसमें यह कहा गया था कि नोटिस के निर्धारित समयावधि में अवैध अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटवा दिया जायेगा। शिकायत कर्ता का कहना है कि मामले में तहसीलदार के अवैध कब्जेदारों को जारी की गई नोटिस की अवधि बीत जाने के बाद भी जिम्मेदार स्थानीय अधिकारियों द्वारा जानबूझकर तालाब की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने में हीला हवाली की जा रही है,जिससे दबंगों के हौंसले बुलंद है।उन्होंने उच्चाधिकारियों से जनहित में शीघ्र तालाब से अवैध कब्जा हटवाये जाने की मांग की है।मामले में उपजिलाधिकारी कर्नलगंज विशाल कुमार से दूरभाष के माध्यम से जानकारी करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

### अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

बहराइच । जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह ने बताया कि उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय ग्राम सिसवा तहसील मनकापुर जनपद गोण्डा के उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिको के तथा कोविड-19 की महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित बच्चों हेतु शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6 व 09 में उपलब्ध कुल 140 सीट 70 बालक एवं 70 बालिकाओं का अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आफ लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में श्रम विभाग एवं जिला सेवायोजन कार्यालय से प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे के बीच प्राप्त किये जा सकते है।उन्होनें बताया कि पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र समस्त वांछित अभिलेखों एवं तीन अतिरिक्त पासपोर्ट फोटो के साथ 02 फरवरी 2024 की सांय 05 बजे तक श्रम विभाग कार्यालय में जमा किये जा सकते है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 25 फरवरी 2024 को कक्षा 6 के लिए पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक कक्षा 09 के लिए पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। दिव्यांग छात्रों के लिए 40 मिनट अतिरिक्त समय दिये जायेगें। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रोबेशन कार्यालय के कमरा नम्बर 28 व 19 एवं सीयूजी नम्बर 7518024026 पर सम्पर्क कर सकते है।

# उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों द्वारा प्रस्तुत किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रम

## जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा आवास योजना के लाभार्थियों को प्रदान की चाबी एवं उत्कृष्ट कराने वालों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। उत्तर प्रदेश दिवस जनपद में गांधी प्रेक्षागृह पीलीभीत में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार,विधायक बरखेडा स्वामी प्रवक्तानन्द जी एव डीएम द्वारा फीता काटकर व दीप प्रजज्लित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा राज्यंमत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर गांधी प्रेक्षागृह में विभिन्न विद्यालयों के स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान बच्चों द्वारा मनमोहक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर राज्यमंत्री द्वारा यूपी दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया एवं 10 विद्यालयों के बच्चों को 1100-1100 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत का गायन किया गया।राज्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हम यूपी दिवस मना रहे है। उत्तर प्रदेश की धरती पर श्रीराम व श्रीकृष्ण ने जन्म लिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के आधार पर कार्य कर रही है, सभी पात्र व्यक्तियों को संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगो को विभिन्न योजनाओ से वंचित लोगो को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया गया है। लोगो को विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित किया गया है। उनकी आय में वृद्धि करने के लिए आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। जनपद की स्वयं सहायता समूह की महिलाओ द्वारा उद्योग स्थापित कर और बीसी सखी के रूप में आने आय में वृद्धि कर रही है। परिवार के साथ साथ जनपद और प्रदेश को नई ऊँचाईयों पर ले जा रही है।विधायक बरखेडा ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे उड़ान भर रही है। यूपी सरकार कन्या भ्रूण हत्या रोकने में सफल है। आज देश में बदलाव आ रहा है बेटिया किसी भी क्षेत्र में बेटो से पीछे नही है। पहले की अपेक्षा अब लोगो की सोच भी बदली है तथा बेटियों को हर क्षेत्र में छूट दी जा रही है तथा वे प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओ को आगे बढ़ाने में योगदान दिया जा रहा है।

कन्याओं को बेहतर सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री सुमंगला कन्या योजना लागू की गयी है। आज सरकार द्वारा प्रत्येक गरीब को पक्का घर देने का काम किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश औद्योगिक प्रदेश बनने के पथ पर अग्रसर है। बच्चो को अच्छी शिक्षा दिये जाने का कार्य किया जा रहा है। यूपी दिवस के अवसर पर डीएम ने अपने सम्बोधन में सभी को सम्बोधित करते हुये कहा कि यूपी की आज लगभग 23 लाख जनसंख्या निवास करती है।पूरे देश की जनसंख्या के अनुसार यूपी को प्रत्येक 6 व्यक्ति यहां का है। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 की धरती पर राम, कृष्ण जैसे महान पुरूषो ने जन्म लिया है।

उन्होंने कहा कि उ0प्र0 में सबसे अधिक एयार पोर्ट, एक्सप्रेस वे है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाये आगे बढ़ रही है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओ के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। महिलाएं विभिन्न क्षेत्रो में आत्मनिर्भर हो रही है। घर परिवार के साथ-साथ देश/प्रदेश को भी मजबूत कर रही है। इस जनपद के लोगो में प्रतिभाओ के लोग रहते है उन्हे सही दिशा देने की आवश्यकता है।उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर डीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश की गिनती देश के सबसे महत्वपूर्ण सूबे के रूप में की जाती है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष स्थापना दिवस को पूरे प्रदेश में तीन दिवस तक मनाया जायेगा।यूपी दिवस के अवसर पर मंत्री,विधायक,ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा मरौरी एव डीएम द्वारा सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले वाली आंगनबाडी कार्यकत्रियों को रू. 05-05 हजार व सहायिकाओं को रू. 2500-2500 चेक प्रदान कर, शहरी व ग्रामीण आवास योजनाओं के लाभार्थियों को चाबी प्रदान, उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूहों एवं खादी ग्रामोद्योग के लाभार्थियों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही मंत्री बरखेडा एवं जिलाधिकारी द्वारा स्टालों का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की है।

इसके साथ उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मत्स्य विभाग,सखी वन सेंटर , उद्यान विभाग,गन्ना विभाग, स्वास्थ्य विभाग उद्योग विभाग व स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की लोगों को जानकारी दी।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला पंचायत राज अधिकारी,जिला प्रोबेशन अधिकारी,खादी ग्रामोद्योग अधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण व जनप्रतिनिधिगण व पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

## फसल चरने पर दो महिलाओं में विवाद हुआ

पाटन, उन्नाव। अन्ना जानवरों द्वारा फसल चर जाने को लेकर देवरानी द्वारा जेठानी के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लगाकर लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। मारपीट की घटना में गम्भीर रुप से घायल जेठानी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उसरहा बेहटा मजरे कुतुबपुर में अन्ना जानवरों द्वारा शिव कुमारी पत्नी बिंदाप्रसाद के खेत मे खड़ी गेहूं की फसल चर लिए जाने पर देवरानी शिव कुमारी ने जेठानी मालती पत्नी गया प्रसाद पासी के ऊपर यह आरोप प्रत्यारोप लगाकर कहा कि तुमने हमारी फसल में अन्ना जानवरों को खदेड़ दिया यह कहकर गाली गलौज करने लगी आक्रोशित देवरानी ने जेठानी के ऊपर आक्रामक होकर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट की इस घटना में जेठानी का सर फट गया तथा शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोटें आयी।

पीड़िता द्वारा की गयी शिकायत पर पुलिस ने पीड़िता की डॉक्टरी कराकर कानूनी कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शिव प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि पीड़िता की डॉक्टरी करा ली गयी है कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## चेयरमैन को व्यापारी नेताओं ने स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



पूरनपुर।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय मंत्री विजयपाल विक्की,राजेंद्र खंडेलवाल राजू, मुजफ्फर हुसैन ,संदीप खंडेलवाल, बृजेश गुप्ता,हर्ष गुप्ता, टीटू खंडेलवाल ,डिंपल शर्मा विवेक तिवारी आदि लोगों उपस्थित थे।

## ब्लॉक परिसर में स्थित मंदिर में सुंदरकांड का हुआ भव्य आयोजन



पीलीभीत।अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मरौरी ब्लॉक स्थित मंदिर सुबह से पूजा-पाठ की गई। साथ ही सुंदरकांड का सामूहिक पाठ भी हुआ।मंदिरमें प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने एकसाथ शंख ध्वनि करभजन-कीर्तन किया तथा आरती उपरांतप्रसाद का वितरण किया। आकर्षक विद्युतसाज-सज्जा की गई है।मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा के नेतृत्व में प्रभुश्रीराम और वीर हनुमान कीविधि-विधान से पूजा अर्चना की गई।संध्या कर समय दीपोत्सव का आयोजन किया गया है।श्रद्धालुओं के बीच लड्डू वितरित दीप भी जलाएगए। इस दौरान ब्लॉक को खूबसूरत रूप से सजाया गया।इस मौके पर मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## जहानाबाद चेयरमेन पुत्र का हुआ सड़क हादसे में निधन मौके पर पहुंचे मंत्री

जहानाबाद।पीलीभीत पूर्व सांसद नैनीताल बहेड़ी लोकसभा एवं कैबिनेट मंत्री दर्ज़ा प्राप्त उत्तराखंड सरकार बलराज पासी ने अध्यक्ष नगर पंचायत जहानाबाद के सुपुत्र शिवा गुप्ता का मार्ग दुर्घटना में दुखद निधन हो जाने पर जहानाबाद पहुंचकर उनकी अंतिम यात्रा में सम्मिलित होकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। और शोकाकुल परिजनों से भेंटकर गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की व ढांढस बंधाया।साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान व शोक संतप्त परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## मौलाना मुफ्ती हुए सुपर्देखाक गमगीन हुआ पीलीभीत

पीलीभीत।मुफ्ती ए पीलीभीत मौलाना मासूम रजा खान हशमती का 22 जनवरी को इंतकाल हुआ 23 जनवरी को जनाजे को शहर के अंदर घुमाया गया हजारों अकीदत मांदो ने कांदा दिया मुफ्ती साहब के बेटे मौलाना मुफ्ती मेहरान रजा खान हशमती को पीलीभीत का मुफ्ती बनाया गया यह घोषणा मुफ्ती मासूम रजा खान के भाई मौलाना इदरीश रजा खान और मौलाना नासिर रजा खान नेकी मुफ्ती साहब बीमार होने पर उनके बेटे मौलाना मेहरान रजा खान नायाफ मुफ्ती काम देख रहे थे अब उन्हें मुफ्ती पीलीभीत बना या गया है।23 जनवरी को मुफ्ती साहब के जनाजे को जिला गोंडा सादुल्लाह नगर ले जाया गया हजारों की संख्या में अकिदत मंदो ने मुफ्ती साहब की चेहरे की जियारत की और कांड दिया मुफ्ती साहब के जनाजे में एक जन सैलाब दिखा जहां तक नजर जाती थी वह लोगों का जन सैलाब नजर आता था सादुल्लाह नगर में मुफ्ती साहब को रखा गया हैं।

## ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा के उपस्थिति में निकली भव्य शोभा यात्रा

### गरीब बेसहारा लोगों को ब्लॉक प्रमुख ने वितरण किए कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।जनपद में पूरा देश राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के तैयारी में जुटा हुआ है।वहीं हर शहर गांव गली नुक्कड़ पर राम के आगमन हेतु लोग चर्चा करते और जश्न मनाते देखे जा रहें। उत्साह में डूबे हुए पीलीभीत के लोग धूमधाम से विभिन्न शोभायात्रा और झाकियां निकाल रहें।भजन कीर्तन कर रहे है। लोग अपने इष्ट प्रभु श्रीराम के अयोध्या मंदिर में विराजमान होने के निमित्त तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।इसी क्रम में मंगलवार को मरौरी ब्लॉक के अंतर्गत स्थित गांव हिम्मतनगर में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की उपस्थिति में निकाली गई।भव्य राम शोभा यात्रामें राम भक्तों ने जमकर जय श्री राम के नारे लगाए।भव्य शोभायात्रा में आम जनमानस की भारी भीड़ रही।पूरे शोभायात्रा के दौरान विकास खंड मरौरी के दिग्गज बीजेपी नेताओं की उपस्थिति रही। लोगों ने एक स्वर में जय श्री राम का उद्घोष किया।इस अवसर पर भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं रामभक्त महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री कूर्परी ठाकुर की स्वर्ण जयंती मनायी गयी

उन्नाव। स्थानीय आंबेडकर पार्क में सविता महासभा के तत्वाधान में पिछडों के मसीहा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कूर्परी ठाकुर की स्वर्ण जयंती भव्यता के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जय प्रकाश आर्य ने की। कार्यक्रम का आयोजन अजय शंकर ठाकुर, अशोक सविता, अवधेश कुमार शर्मा द्वारा कराया गया। भारत सरकार द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर की स्वर्ण जयंती की पूर्व संध्या पर उनको भारत रत्न का सम्मान प्रदान किए जाने पर कोटि कोटि बधायी दी। मुख्य वक्ता आशुतोष शर्मा ने कर्पूरी के संस्करणों को याद कर उनके जीवन कृत्य पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रमुख रुप से अरुण सविता, दिलीप कुमार सविता, कल्लू, सविता, शिव शंकर सविता, राम दास वर्मा, मनोज कुमार शर्मा, जयचंद्र शर्मा, राहुल सिंह, राम सिंह सहित सैकडो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में चलाया गया मतदाता पंजीकरण अभियान

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। सरकार द्वारा चलाये जा रहे मतदाता पंजीकरण अभियान के तहत राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर क्षेत्र के ब्लाक परिसर में मतदाता शपथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर ब्लाक परिसर में ब्लाक प्रमुख मनोज कुमार ने उपस्थित कर्मचारियों, प्रधानों, व लोगों को मतदान करने व छूटे लोगों को मतदाता बनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर बीडीओ अनिल कुमार सिंह, ए डी ओ पंचायत हेमन्त कुमार, ग्राम विकास अधिकारी विवेक कुमार, विमल कुमार, अभय कुमार महेन्द्र कुमार अमित पटेल शैलेन्द्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## लोधेश्वर सोम सेवा संस्था ने अखिल विराट कवि सम्मेलन खिचड़ी भोज कबंल वितरण का किया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।रामनगर श्री लोधेश्वर सोम सेवा संस्था के द्वारा अखिल विराट कवि सम्मेलन खिचड़ी भोज कंबल वितरण का आयोजन किया गया बता दे विगत दिनों से श्री लोधेश्वर सोम सेवा संस्था लगातार गरीबों बेसहारा लोगों की यह संस्था मदद करती चली आ रही और लगातार इस हाडं कपाऊ ठंडी में उन गरीब बेसहारा लोगों की यह संस्था हर तरीके से मदद कर रही है जो वास्तविक रूप से इस कड़ाके की ठंड में ठिठुर रहे हैं श्री लोधेश्वर सोम सेवा संस्था उन गरीब बेसहारा लोगों दिव्यांग महिलाओं में कबंल वितरण करने का कार्य कर रही है एक ओर जहां इस शीतलहर की ठिठुरती ठंड में रजाइयों के सहारे लोग अपने घरों में सो जाते हैं ।लेकिन उनकी जिंदगी कैसे गुजरती होगी जो एक साधारण से चादर के सहारे अपनी सारी रात गुजारते हैं बता दे असहयों पर सब की दया नहीं होती उन्ही असहायो को श्री लोधेश्वर सोम सेवा संस्था के द्वारा हर एक तरीके से उनकी मदद करने का एक बड़ा प्रयास किया जा रहा है इस मौके पर विराट कवि सम्मेलन में मौजूद तमाम कवियों ने अपनी-अपनी कविताएं रखी कविताओं के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता रामबाबू द्विवेदी रहे रामबाबू द्विवेदी भाजपा नेता के श्री हाथों मौजूद कवियों व मौजूद पत्रकारों को अंग वस्त्र श्री लोधेश्वर धाम का चित्र भेंट जैकेट भेंट कर सम्मानित किया गया श्री लोधेश्वर सोम सेवा के संस्थापक अनमोल मिश्रा के द्वारा इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया पत्रकारों से बातचीत के माध्यम से श्री लोधेश्वर सोम सेवा संस्थापक अनमोल जी ने कहा मेरा यह कार्यक्रम लगातार चलता आ रहा है और आगे भी चलेगा ।

## दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए बीडीओ को मिला आमंत्रण

### प्रदेश के पहले बीडीओ बने अरुण कुमार सिंह जिनको दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने का मिला है मौका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। विकासखंड पूरनपुर में तैनात खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह को आने वाली 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के मौके पर शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अरुण कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के पहले ऐसे बीडीओ हैं।जिनको गणतंत्र दिवस 75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में जाने का मौका मिला है। प्रसार भारती के अपर महानिदेशक मुकेश कुमार ने इस संबंध में पत्र भेजकर उनको आमंत्रित किया है। बताते चलें कि पड़ोसी जनपद लखीमपुर में तैनाती के दौरान खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह को केला निष्प्रयोजय तने से फाइबर निकालने के लिए समेसा गांव की स्वयं सहायता समूह महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाया था। जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह प्रदेश गुजरात से मशीन मंगवाई गई थी।महिलाओं ने उससे फाइबर तैयार किया गया था। उसकी देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रशंसा हुई थी।खुद स्वयं प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में इसका जिक्र भी किया था। खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह पहले भी दिल्ली में केंद्रीय पंचायती राज्य मंत्री,अपर मुख्य सचिव ग्राम विकास ग्राम विकास,डीएम खीरी एमबी सिंह के हाथों सम्मानित होने के साथ-साथ लखनऊ राजभवन में भी जाने का मौका मिल चुका हैं। ब्लॉक जनपद मंडल के लिए ही नहीं पूरे प्रदेश के लिए यह बड़े सौभाग्य की बात है।

## गांधी स्टेडियम में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।यूपी दिवस के अवसर पर गांधी स्टेडियम में अनेक खेल कूद प्रतियोगिताएं कराई जा रही है।बुधवार को गांधी स्टेडियम में वॉलीबॉल,क्रिकेट और कबड्डी की प्रतियोगिताएं कराई गई।प्रतियोगिताओं का उद्घाटन जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार,जिला कीड़ा अधिकारी राजकुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया । प्रतियोगिताओं में जिले के विभिन्न कालेजों और शिक्षण संस्थानों की कई टीमों ने भाग लिया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पहला मैच गांधी स्टेडियम और सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज की टीमों के बीच हुआ जिसमें 25/17, 25/19 से गांधी स्टेडियम की टीम विजेता रही।दूसरा मैच बरखेड़ा की टीम और बिठौरा कला की टीम के बीच हुआ।जिसमे बरखेड़ा ने बिठोरा कला को25/19,25/20 से हराया । दूसरे मैच में पूरनपुर ने दलेलगंज को 25/19,25/16 से हराया । सेमीफाइनल मैच में गांधी स्टेडियम की टीम ने बरखेड़ा की टीम को25/19,25/15 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में पूरनपुर की टीम ने गांधी स्टेडियम जूनियर को 25/20,25/22 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल मैच गांधी स्टेडियम और पूरनपुर की टीम के बीच हुआ। जिसमें पूरनपुर ने 5/17,29/27 मैच जीतकर विजेता बनी। कबड्डी प्रतियोगिता आठ टीमों ने भाग लिया। जिसमें फाइनल मैच गांधी स्टेडियम और बालाजी आईटीआई के बीच खेला गया हैं।जिसमे गांधी स्टेडियम ने21/0 से मैच जीत लिया है । क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ दीपक गंगवार ने किया है।मैच में एलएचएसएफ ने टॉस जीतकर क्रिकेट प्रतियोगिता में पहले गेंदबाजी की जवाब में भारती क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 80 रन बनाए । जिसमें सुमित ने 29 और कमलेश ने 28 रन का अहम योगदान दिया। एलएचएसएफ की ओर से गेंदबाजी में गगन साहिल रघुनंदन सुदेश ने एक-एक विकेट लिया है।लक्ष्य का पीछा करने में उतरी टीम ने 9/ 1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 83 रन बनाकर मैच जीता । जिसमे सोमिल ने 32 व गगन ने 20 रन अहम योगदान दिया । एल एच एस एफ किकेट क्लव जूनियर टीम ने मैच 17गेंद व 6विकेट से जीत लिया।वॉलीबॉल प्रतियोगिता के निर्णायक प्रशांत शुक्ला ,गुड्डू राणा, दक्ष और मोहम्मद आसिर रहे । कबड्डी प्रतियोगिता के निर्णायक गुरमेज सिंह, शांति स्वरूप, साक्षी सिंह ,प्रगति सिंह रहे । क्रिकेट प्रतियोगिता में निर्णायक अभिषेक शुक्ला, जगदीश सक्सेना, विपिन रहे इस मौके पर दयावती ,महेश कुमार ,अविनाश शर्मा आदि मौजूद रहे । प्रतियोगिताओं का संचालन वालीबाल संघ के सचिव राजेश शुक्ला ने किया है।

## प्रभु श्रीराम का चरित्र भारतीय संस्कृति की प्राण : गणेश केसरवानी

प्रयागराज। हमारे भारत की पहचान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से है। भगवान श्री राम का चरित्र भारतीय संस्कृति की प्राण है। हमें आने वाली पीढ़ी के लिए बच्चों द्वारा अपनी भारतीय संस्कृति और विरासत को बढ़ाने का काम करना है।

यह बातें महापौर गणेश केसरवानी ने कीडगंज स्थित अपने कैम्प कार्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता में आए बच्चों को सम्बोधित करते हुए कही। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्री राम के स्थापित होने पर बुधवार को उनके जीवन चित्रण पर चित्रकला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया। महापौर ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं निश्चित रूप से बच्चों को अपनी संस्कृति के प्रति मार्गदर्शन करती है।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर 132 बच्चों ने भाग लिया और सभी बच्चों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के जीवन चरित्र को चित्रण करने का काम किया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजक पार्षद मुकेश कसेरा रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता पदुम जायसवाल, प्रमोद मोदी, राजेश केसरवानी, संस्कार सिन्हा, दिलीप केसरवानी, त्रियुगी नारायण दीक्षित, विवेक मिश्रा, मनीष केसरवानी, कुश कुमार, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

## कराटे में बढ रही युवाओं की रुचि, दिया प्रमाणपत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवाबगंज, उन्नाव। जनपद में कराटे खेल में खिलाड़ियों की अत्यधिक रूचि देखने को मिल रही है, इस खेल ने खेलप्रेमियों को बहुआयामी लाभ प्रदान किये है, यह खेल एक ऐसा खेल है जो कि खेल श्रेणी सहित जिमनास्टिक श्रेणी का आंशिक प्रभाव रखता है, जिससे कि खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षुओं को खेल में भविष्य सहित फिटनेस व शारीरिक दक्षता को भी सुदृढ़ करने मे सहायता करता है। परंतु अब खिलाड़ियों के लिए हर्ष का विषय यह है कि अब जनपद के नगर नवाबगंज के अंकित कुमार-ब्लैक बेल्ट, डान-3 जो कि कई वर्षों से खिलाड़ियों को प्रशिक्षक के रूप में कराटे के दांव पेंच सिखा रहे हैं अब उन्हें कराटे एसोसिएशन उ0प्र0 ने प्रशिक्षण कार्य हेतु अर्ह परीक्षा में उत्तीर्ण होने के उपरांत प्रामाणिकता प्रदान कर दी है, जिससे कि उनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय, जिला स्तरीय, मंडल स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में वैधता के साथ प्रतिभाग करने का अवसर होगा एवं प्राप्त पुरूस्कारों के अनुसार प्रदेश सरकार अथवा भारत सरकार के द्वारा निकाली जाने वाली नौकरी की रिक्तियों में कराटे खेल के अंतर्गत आरक्षित पदों पर यथोचित लाभ प्राप्त हो सकेगा, प्रशिक्षक के रूप में प्रामाणिकता के साथ ही अंकित कुमार को आयोजित होने वाले कराटे खेलों में जज-बी श्रेणी की भूमिका का दायित्व निर्वहन करने हेतु भी अर्ह परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात प्रामाणिकता कराटे एसोसिएशन, उ0प्र0 द्वारा प्रदान की गयी है, उक्त श्रेणी में ही जज हेतु अंकित कुमार के ही शिष्य हिन्दूखेड़ा निवासी अंकित लोधी को प्रामाणिकता दी गयी है।

अंकित कुमार एवं अंकित लोधी ने कराटे जैसे खेल को प्रोत्साहित करते हुए एक अलग पहचान बनाकर जनपद का नाम रोशन किया है। उक्त प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम को कराटे एसोसिएशन इंडिया के महासचिव, भरत शर्मा एवं कराटे एसोसिएशन, उ0प्र0 के महासचिव जसपाल सिंह की उपस्थिति में 21 जनवरी को इक्नो, तेलीबाग, लखनऊ में आयोजित कराया गया। दोनों पदाधिकारियों ने कराटे खेल के प्रति जागरूकता लाने एवं अभ्यर्थियों को सही मार्गदर्शन देने हेतु सभी प्रशिक्षकों एवं जजों को निर्देशित किया और कहा कोई खिलाड़ी-अभ्यर्थी किसी अनाधिकृत प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण न प्राप्त करे क्योकि आपका समय, मेहनत, लगन इससे व्यर्थ हो सकती है आप पहले सही जानकारी प्राप्त करें और तभी कही पर प्रशिक्षण हेतु आवेदन करें जिससे कि आपकी मेहनत और लगन सार्थक हो और आप खेल के माध्यम से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

## शराब पीकर विवाद करने पर एक गिरफ्तार

पाटन, उन्नाव। शराब पीकर बवाल काटने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही कर जेल भेजा। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम भैया खेड़ा का निवासी मिलन पुत्र हरिशंकर शराब पीकर गांव में गाली गलौज व बवाल कर रहा था। ग्रामीणों की शिकायत पर पहुँची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा शांतिभंग की धारा में निरुद्ध कर जेल भेज दिया।

# ममता की घृणित राजनीति

राजनीति करते-करते किस सीमा तक गिरा जा सकता है, इसके अनेकों उदाहरण विपक्षी दल के नेताओं के इस समय देखे जा सकते हैं। आश्चर्य होता है कि मोदी या भाजपा के बैर ने उन्हें इतना अंधा बना दिया है कि वे सही एवं गलत में भी अंतर नहीं करना चाहते । धरने पर बैठे राहुल गांधी भगवान रामलला के भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जो बोले वह अपनी जगह है, हद तो वीरप्पा मोइली ने भी की है, किंतु इन सब के बयानों से बढ़कर यदि किसी ने इस वक्त नफरत भरी घृणित शब्दावली का प्रयोग किया है तो वह हैं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी । एक राज्य के महत्वपूर्ण संविधानिक शीर्ष पद पर बैठे किसी व्यक्ति से इस प्रकार के शब्दों के बोलने की उम्मीद कोई नहीं करता, जैसा ममता बोल गई हैं। 'जो काफिर हैं वो डरते हैं, मरते हैं'। दुख यह सोचकर होता है कि काफिर शब्द के बारे में क्या ममता जानती नहीं हैं? सदियों से यह शब्द किन के द्वारा किन्हें संबोधित करने के लिए उपयोग में लाया जाता रहा है और आज भी उसी तरह से उपयोग में लाया जा रहा है; क्या यह भी वे नहीं जानती हैं? भारतीय ज्ञान परंपरा में शब्द को ब्रह्म की संज्ञा दी गई है, प्रत्येक शब्द के पीछे गहरे निहितार्थ छिपे रहते हैं। ऐसे में काफिर शब्द जिस अर्थ में उपयोग किया जाता है, उस अर्थ में यह शब्द इस्लाम में भाषायी दृष्टि से यह अरबी से आया है। इसका उपयोग उनके लिए होता है जिनका विश्वास इस्लाम में नहीं है। यदि इसके अधिक विस्तार में जाएं तो ''वह व्यक्ति जो इस्लाम की मान्यताओं के अनुसार अल्लाह और उसके रसूल प्रोफ़ेट मोहम्मद को नहीं मानता है। फिर चाहे वह किसी भी धर्म का हो और किसी भी धर्म की मान्यता के अनुसार ईश्वर में आस्था रखता हो उसके लिए इतिहास में ''काफिर'' शब्द का प्रयोग है। आसान भाषा में उन लोगों के लिए ये शब्द है जो गैर-मुस्लिम है। जो इस्लाम में नहीं मानते हैं। काफिर को लेकर जो पर्यायवाची प्रायः मिलते हैं वे भी इसी अर्थ में यही बता रहे हैं कि ''अस्वीकार करने वाला'', ''इनकार करने वाला'', ''अविश्वास करने'', ''ढकने वाला'', जो खुदा और कुरआन को न मानता हो और जो गैर-मुसलमान है। जो इस्लाम को नहीं मानें वे काफिर या कुफ्र हैं। काफिर का मतलब 'मारने योग्य' भी होता है। भाषायी दृष्टि से जिस सीएम के नाम में 'ममता' शब्द है ममत्व एवं मातृत्व की जिसमें झलक सभी को समान रूप से दिखनी चाहिए, वह ममता नाम रखने वाली मुख्यमंत्री जब विभेद पैदा करनेवाली बातें अपनी जुबान से निकालती हैं, तो लगता है कि भारत में जब तक इस तरह के नेता रहेंगे यह देश कभी एकत्व को प्राप्त नहीं कर पाएगा। आश्चर्य होता है यह देखकर कि जिस समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत देश और दुनिया के तमाम देशों में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशियां मनाई जा रही थीं, उस समय में ममता पश्चिम बंगाल के आम लोगों को अपनी जहरीली जुबान से भड़काने का काम कर रही थीं। वह भी 'सर्व धर्म समभाव' नाम से बुलाई गई रैली में। यहां वे लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए बोली हैं कि जो बीजेपी का समर्थन करते हैं या उसे वोट देते हैं। उन्हें देखेंगे।...एक बात याद रखना, बीजेपी की मदद मत करो, बीजेपी का अगर तुम लोग मदद करोगे कोई, तो अल्लाह की कसम, आप लोगों को कोई माफ नहीं करेगा, हम तो माफ नहीं करेंगे। फिर आगे बोलीं, जो काफिर हैं, वो डरते हैं, वो मरते हैं, जो लड़ते हैं वो जिंदा रहते हैं, वो बसते हैं, वो काम करते हैं। जब सोशल मीडिया पर उनका यह विवादास्पद वीडियो आया तो लगा कि एक तरफ भारत की एकात्मता के जय घोष के स्वर अयोध्या से गुंजायमान होकर संपूर्ण विश्व को आनन्दित कर रहे हैं और दूसरी तरफ ममता जैसे लोग हैं जोकि अभी भी एक सामान्य जन में नफरत के बीज बोने में लगे हुए हैं। यहां सोचने वाली बात यह भी है कि क्या इस तरह से ममता पहली बार बोल रहीं थीं? अनेक वीडियो सोशल मीडिया में मौजूद हैं जो बता रहे हैं कि ममता बनर्जी को बहुसंख्यक हिन्दू समाज से बहुत हैं, इस संदर्भ में उनके लिए गए रामनवमी निर्णय, हिन्दू साधुओं की पिटाई मामला या फिर हिन्दू विरोधी गतिविधियों पर मूक बने रहने के रूप में देखा भी जा सकता है। हर बार उन्होंने अपने आचरण से यही बताया है कि वे मुसलमानों को खुश रखने की राजनीति करती हैं।

# मंगल भवन अमंगल हारी

भगवान के अवतारों की चर्चा की पृष्ठभूमि में अधिकांश स्थानों पर धर्म की हानि का उल्लेख मिलता है और अवतार का दायित्व विशिष्ट देश काल में धर्म की संस्थापना होती है। भारतीय काल गणना के हिसाब से श्रीराम त्रेता युग में हुए थे। अवतारों की कड़ी में मत्स्य, कूर्म और वाराह आदि से आगे चलते हुए हुए पूर्ण मनुष्य के रूप में श्रीराम पहले अवतार के रूप में प्रकट होते हैं। इसीलिए उन्हें 'नारायण' भी कहा जाता हैं। सौंदर्य, शक्ति और शील के विग्रह स्वरूप दशरथनंदन श्रीराम लोकाभिराम हैं जिन पर हर कोई मुग्ध होता है। उनकी कथा जीवन में धर्म की केंद्रिकता और ईर्ष्या-द्वेष से परे सर्वव्यापकता को सर्वोच्च मूल्य के रूप में स्थापित करती है। वे सच्चिदानंद हो कर भी देह धारण कर अनेक प्रकार की लीला करते हैं :

एक अनीह अरूप अनामा। अज सच्चिदानंद पर धामा।।
व्यापक बिस्वरूप भगवाना। तेहिं धरि देह चरित कृत नाना।।

पुरुषोत्तम श्रीराम पूरी तरह धर्ममय हैं। राम-कथा हम सब के बीच धर्म का मार्ग प्रशस्त करती है। पवित्रता और धर्म-परायणता के उत्कर्ष 'मर्यादा पुरुषोत्तम' श्रीराम ने समकालीन परिस्थितियों में धर्म के पालन में आ रही विभिन्न अड़चनों और अव्यवस्थाओं को दूर किया। सारे जीवन में अन्याय का विरोध और धर्म की स्थापना ही श्रीराम का मुख्य कार्य बना रहा। उनके राज्य-शासन की परिपाटी और आदर्श सार्वकालिक मानक के रूप में स्वीकृत और समादृत हुए । आज भी ऐसे 'राम-राज्य' की सघन स्मृति हर कोई मन में बसाए हुए है जिसमें दैहिक, दैविक और भौतिक क़िस्म के त्ताप या कष्ट न हों । राजा राम लोक की पीड़ा, क्लेश, दुःख, अन्याय तथा अत्याचार के दमन में वे सदैव जुटे रहते हैं। अपने आचरण में श्रीराम स्थितप्रज्ञ की तरह हैं। अयोध्या कांड के शुरू में श्रीराम की वंदना करते हुए गोस्वामी तुलसीदास ने एक बड़ा मार्मिक चित्र खींचा है। वे कहते हैं कि रघुनंदन श्रीराम के मुखारविंद की शोभा राज्याभिषेक की बात सुन कर न तो प्रसन्नता को प्राप्त हुई और न वनवास की आज्ञा सुन कर दुःख से मलिन हुईः

प्रसन्नतां या न गताभिषेकतस्तथा न मम्ले वनवासदुःखतः।
मुख़ाम्बुजश्री रघुनंदनस्य मे सदास्तु सा मंजुलमंगलप्रदा।।

श्रीराम की मानुषी लीला अस्तित्व के शाश्वत प्रश्नों का समाधान करती है। इसीलिए उसकी प्रासंगिकता समय बीतने के साथ भी न चुकने वाली है। वह दुनियावी संकीर्णताओं से ऊपर उठ कर एकता, सहिष्णुता, मैत्री, प्रेम और त्याग की उपयोगिता प्रमाणित करती है। सांस्कृतिक विविधता वाली हमारी दुनिया के लिए पथप्रदर्शक बनी राम-कथा उदारता, करुणा, मैत्री और न्याय का मार्ग प्रशस्त करती है। आज भारतीय समाज और संस्कृति में श्रीराम अन्याय, असत्य और हिंसा का प्रतिरोध करने वाले अनूठे व्यक्तित्व को रचते हैं जो धर्म मार्ग पर अडिग रहते हुए हर कसौटी पर खरा उतरता है। उनके लिए समष्टि का हित ऐसा लक्ष्य साबित होता है कि उसके आगे सब कुछ छोटा पड़ जाता है। आज भी भारत की जनता अपने राज नेताओं से ऐसे ही छवि ढूंढती है जो लोक कल्याण के प्रति समर्पित हो।

राम-कथा और उसके स्मारक भारत और श्रीलंका, इंडोनेशिया, मलयेशिया, चीन, जापान, लाओस, थाईलैंड, म्यांमार और कम्बोडिया, मारिशस, सूरीनाम, फीजी, त्रिनीदाद, तथा गुयाना आदि देशों आदि तक व्याप्त हैं। राम-कथा शिल्प और संगीत ऽ नृत्य की प्रस्तुतियों में भी व्याप्त है। वाल्मीकि-रामायण की मूल कथा आज तीन सौ से भी अधिक भाषाओं में विद्यमान है । हजारों साल से राम-कथा भक्ति, लोक-मंगल, मर्यादा की प्रतिष्ठा के साथ नैतिकता का पाठ पढ़ाती आ रही है। लोक-जीवन में विभिन्न उत्सवों, मांगलिक अवसरों की पूर्णता राम स्मरण से ही होती है। दीनबंधु राम बिना किसी भेद-भाव के समस्त मानवता के सखा, रक्षक और मार्गदर्शक हैं।

राम के स्मरण के साथ सरयू नदी के तट पर स्थित अयोध्या का क्षेत्र प्रेरणा का आश्रय बना हुआ है। गोस्वामी तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' की रचना अयोध्या में ही की थी । इतिहास में नगरी की जड़ें इक्ष्वाकु वंश से जुड़ती हैं पर अयोध्या और उसके रघुकुल नायक भगवान श्रीराम इतिहास से परे भारत




के जीवन में रचे बसे हैं। वे लोगों के श्वास प्रश्वास में हैं और समाज की स्मृति के अटूट हिस्से हैं । उल्लेखनीय है कि अयोध्या के पुरातात्विक उत्खनन से प्राप्त अवशेष और जानकारियां न केवल इस क्षेत्र की प्राचीनता पर ही प्रकाश डालती हैं बल्कि यह भी बताती हैं कि गहरे नीचे स्थित प्राचीन मंदिर की वास्तु-रचना को ध्वस्त कर ही बनाया गया था । इन सबसे अयोध्या की प्राचीन भारतीय परम्परा की पुष्टि होती नजर आती है । वेद, पुराण और रामायण आदि ग्रंथों में अयोध्या को मोक्षदायिनी पावन नगरी के रूप में स्मरण किया गया है। अयोध्या भारत की सामाजिक स्मृति का एक अखंड हिस्सा है ।

श्रीराम के मूल मंदिर को ध्वस्त कर विदेशी आक्रांता बाबर ने भारत की अस्मिता पर गहरे घाव किए थे। यह घटना भारत के सांस्कृतिक जीवन को खंडित किया था। कहना न होगा कि आक्रांताओं की नीति का यह खास क़िस्सा बना गया जिसके प्रमाण सोमनाथ, काशी और मथुरा में भी दिखते हैं। इन स्थानों का महत्व भारतीय परम्परा में असंदिग्ध रूप से अत्यंत प्राचीन है। अयोध्या में राम मंदिर के सदियों पुराने मामले में भारत के उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णय आने के बाद से जन-जन में एक विश्वास का संचार हुआ। इस अवसर पर सिर्फ़ राम भक्तों और संत समाज में ही नहीं बल्कि सारी जनता में प्रसन्नता की लहर फैल गई थी । न्यायिक प्रक्रिया के अनुरूप आवश्यक प्रावधानों के अंतरगत व्यवस्था करते राम जन्म भूमि ट्रस्ट बना और पूरी पारदर्शिता के साथ पूरे देश के योगदान से भव्य मंदिर का निर्माण अयोध्या में शुरू हुआ। मंदिर में श्रीराम के दिव्य विग्रह की स्थापना और प्रतिष्ठा का अविस्मरणीय आयोजन 22 जनवरी को सम्पन्न हुआ। इस विग्रह प्रभु के बाल रूप को रूपायित करता है जिसमें स्नेह से परिपूर्ण मंदस्मिति की आभा दर्शनीय है । श्याम वर्ण की शिला से निर्मित यह प्रतिमा नीलाम्बुजश्यामलकोमलांग प्रभु श्रीराम के स्मरण को साकार करती है। श्रीराम की छवि देख यही याद आता है : 'लोचन अभिरामा तनु घनस्यामा' और 'भूषन बनमाला नयन बिसाला सोभासिंधु खरारी' । इस अवसर पर पूरा देश और जनकपुर वाले नेपाल में लोगों ने उत्सव मनाया। हृदय के उत्साह का अतिरेक चतुर्दिक व्यक्त हो रहा था। प्राण प्रतिष्ठा के समारोह में पूजन के निमित्त देश के विभिन्न भागों से विविध सामग्रियां पहुंचीं।

राम-भाव की अनुभूति का सगुण रूप सुग्राह्य होता है और श्रीराम के प्रति समर्पण को पुष्ट करता है। भारतीय समाज की पीढी-दर-पीढी इस स्मृति में डुबकियां लगाती रही है कि राम का जन्म यहीं अयोध्या में हुआ था और बचपन भी यहीं बीता था । उनके जीवन से जुड़े बहुत से ठांव-ठिकाने भी हमने बना रखे हैं - 'सीता की रसोई', 'कनक भवन', 'हनुमान गढ़ी', और भी जानें क्या-क्या । पवित्र सरयू तट पर स्थित अयोध्या नगरी राम की स्मृति को जीवंततर बनाती है । अंततः स्मृति ही सत्य को प्रमाणित करती है। स्मृति के अभाव में उस व्यक्ति (या समाज) के लिए सत्य के होने न होने से कोई फर्क नहीं पड़ता। भारत के विविध भाषाओं के साहित्य में श्रीराम की सम्मानजनक उपस्थिति बनी हुई है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में सरस और सुबोध ढंग से लोक-भाषा में श्रीराम की ऐसी सर्वांगपूर्ण छवि प्रस्तुत की थी जो सबको भा गई और उसे गुनगुनाने को बाध्य कर देती है।

आज भी अयोध्या नगरी के पास श्रीराम के स्मरण के अनेक पर्याप्त प्रयोजन हैं । नाम के साथ रूप का जुड़ जाना प्रतीक को पूरी अर्थवत्ता और आकार प्रदान करता है । धर्मप्राण जनों की समवेत आकांक्षा ने, प्रेरणा और प्रयास से देश के इतिहास में एक नया अध्याय अयोध्या की पुनर्प्रतिष्ठा भारतीय जीवन में राम की तीव्र उपस्थिति को व्यक्त करती है। वह जन-जन के हृदय को आह्लादित करती हैं। राम की कथा सबकी कथा है। राम सबकी पहुंच में हैं। वे एक सतर्क और सचेत जननायक हैं जो हर सुख दुख में सबके साथ खड़े रहते हैं। उन तक बिना किसी संकोच के बेधड़क पहुंचा जा सकता है। वे सामान्यतः धीर, गम्भीर और शांत रहते हैं पर आंतरिक रूप से वे पौरुषसम्पन्न हैं। वे किसी प्रिय भक्त की पुकार पर सब कुछ छोड़-छाड़ कर पहुंच जाते हैं। किसी ऐश्वर्यशाली का यह सर्व जनसुलभ व्यवहार अद्भुत है और किसी को भी सहज में चकित कर जाता है। लोकाभिराम श्रीराम को सिर्फ प्रेम से प्यार है 'रामहिं केवल प्रेम पियारा जानि लेहु जो जाननिहारा'।

ऐसे राम की स्मृति को सजीव करने का अर्थ है उन्हें जीवन में उतारना। आज राम लला की भव्य मूर्ति के एक भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित होने को ले कर सब में उत्साह है । यह निश्चय ही देश के लिए एक शुभ लक्षण है। आम आदमी को यही लग रहा है कि कलियुग में लम्बे एक वनवास की अवधि बीतने के बाद अयोध्यापति रामचंद्र जी का अयोध्या में पधारे हैं। आज सजी-धजी अयोध्या नगरी अंतरराष्ट्रीय विमान तल, भव्य रेलवे स्टेशन और अनेकानेक त्रेता युग की सम्पन्नता का संकेत देती है। यहां दर्शन के लिए पूरे देश से और सभी वर्गों के लगातार लोग आ रहे हैं । 23 जनवरी को लगभग पांच लाख लोग रामलला का दर्शन किए। अनुमान है कि वर्ष में कई करोड़ लोग इस तीर्थ में पहुंच कर पुण्य अर्जित करेंगे। श्रद्धा और विश्वास की जीवन में बड़ी भूमिका है। भव्य मंदिर सीतारामगुणग्राम के पुण्यारण्य में विहार करने का आमंत्रण देता है। सचमुच बड़े पुण्य से आज अयोध्या फिर से पुनर्जीवित हो रही है । इसके लिए पांच सदियों के संघर्ष में बड़ी संख्या में राम भक्तों ने बलिदान किया और हताहत हुए थे । श्रीराम की और इसी के साथ यह आशा भी बलवती हो रही है कि भारत में राम-राज्य की स्थापना की दिशा में हम आगे बढ़ सकेंगे और सुशासन के अच्छे दिन का दौर आ सकेगा। यह घटना सिर्फ शुद्ध भौतिक घटना मात्र नहीं है। इसमें कहीं काल-देवता का संदेश भी निहित है कि राम हमारे पाथेय हैं और उनके आदर्श मार्ग पर चल कर ही हम आगे बढ़ सकते हैं। राम जो सारे रिश्ते निभाते हैं पर कभी न्याय-पथ से विचलित नहीं होते। आखिर जन मन के मंदिर में भगवान राम की प्रतिष्ठा तो इसी से हो सकेगी। श्रीराम के भव्य मन्दिर के साथ सभी राममय हो कर आनंदित हैं। बड़ी प्रतीक्षा के बाद इस चिर अभिलषित स्वप्न का सत्य में रूपांतरण होना जैसा है। अनेक विघ्न बाधाओं के बीच राम मन्दिर के निर्माण का अवसर उपस्थित हो सका है । राम की स्मृति राम पंचायतन से परिपुष्ट होती है जिसमें लक्ष्मण, सीता और हनुमान आदि सभी संपुंजित उपस्थित रहते हैं। ये सभी सत्य, धर्म, शौर्य, धैर्य, उत्साह, मैत्री और करुणा के समग्र बल को रूपायित करते है। यह मन्दिर इन्हीं सात्विक प्रवृत्तियों का प्रतीक है। राम-राज्य की मुख्य शर्त है स्वधर्म का पालन। अपने को निमित्त मान कर दी गई भूमिकाओं को स्वीकार कर निःस्वार्थ भाव से उनका पालन करने से ही राम-राज्य आ सकेगा। हमारी कामना है कि राम-मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ देश के जीवन में व्याप्त हो रही विषमताओं, मिथ्याचारों, क्रूर हिंसात्मक प्रवृत्तियों, अविश्वास और भेद-भाव की वृत्तियों का भी शमन होगा और समता, समरसता, समानता और न्याय के मार्ग पर चलने की शक्ति मिकेगी। श्रीराम जो तेरे, मेरे सबके हैं। वे सबका कल्याण करेंगे।

**गिरीश्वर मिश्र**

# धार्मिक पर्यटन का केंद्र है भारत

राष्ट्रीय पर्यटन दिवस/ 25 जनवरी /विशेष)

**लोकेन्द्र सिंह**

धर्म और अध्यात्म भारत की आत्मा है। यह धर्म ही है, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एकात्मता के सूत्र में बांधता है। भारत की सभ्यता और संस्कृति का अध्ययन करते हैं तो हमें साफ दिखायी देता है कि धार्मिक पर्यटन हमारी परंपरा में रचा-बसा है। तीर्थाटन के लिए हमारे पुरखों ने पैदल ही इस देश को नापा है। भारत की सभ्यता एवं संस्कृति विश्व समुदाय को भी आकर्षित करती है। हम अनेक धार्मिक स्थलों पर भारतीयता के रंग में रंगे विदेशी सैलानियों को देखते ही हैं। दरअसल, भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है। एक अनुमान के अनुसार, देशभर में पांच हजार से अधिक सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। अब उनमें एक और स्थान जुड़ गया- अयोध्याधाम। जिस प्रकार का आस्था का सैलाब प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के बाद रामलला के दर्शन को उमड़ा है, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि आनेवाले समय में भारत का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन स्थल अयोध्या धाम होगा। भारत के शहर-शहर में कई ऐसे स्थान हैं, जहां देशभर से लोग पहुंचते हैं। मथुरा, वृंदावन, अयोध्या, काशी, उज्जैन, द्वारिका, त्रिवेंद्रम, कन्याकुमारी, अमृतसर, जम्मू-कश्मीर, पुरी, केदारनाथ, बद्रीनाथ इत्यादि ऐसे स्थान हैं, जहाँ न केवल भारतीय नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं अपितु विदेशी और भारतीय मूल के नागरिक श्रद्धा के साथ आते हैं। पिछले आठ-दस वर्षों में भारत के धार्मिक पर्यटन में उत्साहजनक वृद्धि हुई है। विश्व के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल धार्मिक स्थलों को पुनर्विकसित कराया है, अपितु आगे बढ़कर धार्मिक पर्यटन का प्रचार-प्रसार भी किया है। जिसके परिणाम हमें धार्मिक पर्यटन में हो रही वृद्धि के रूप में दिखायी देते हैं। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश के कुल पर्यटन में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी धार्मिक पर्यटन की है। आज देश के पर्यटन उद्योग में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की जा रही है जबकि वैश्विक स्तर पर पर्यटन उद्योग केवल 5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज कर रहा है। भारत सरकार की पहल पर पर्यटन मंत्रालय ने कुछ वर्ष पहले धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए चरणबद्ध विकास योजना तैयार की थी। इसमें 53 धार्मिक स्थानों को वरीयता के आधार पर पहले चरण में विकसित जा रहा है। इनमें से कई धार्मिक स्थल पूर्ण रूप से विकसित हो चुके हैं। दूसरे चरण में 89 जगहों पर काम होगा। वर्तमान समय में राष्ट्रीय विचार की सरकार केंद्र में है, उसके अब तक के कार्यकाल के आधार पर अनुमान लगाया जा सकता है कि हिन्दू संस्कृति के प्रसार हेतु धार्मिक पर्यटल स्थलों को विकसित करने का यह क्रम आगे भी लगातार चलता रहेगा। देश को सात नए टूरिज्म सर्किट में भी बांटा गया है। ये सर्किट सूफी, बौद्ध, जैन, ईसाई, सिख, हिन्दू और सर्वधर्म के तौर पर विकसित किए जा रहे हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता में है। इस बात को यूँ भी समझ सकते हैं कि बड़े तीर्थस्थलों पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं भी बार-बार जा रहे हैं। केदारनाथ और सोमनाथ परिसर का उन्होंने कायाकल्प कर दिया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल लोक ने तो दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। भारत सरकार ने 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक वृद्धि अभियान' (प्रसाद) नाम से योजना शुरू की है। प्रसाद योजना का उद्देश्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के बुनियादी ढांचे एवं सुविधाओं में सुधार करना है। इसे 2015 में पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'स्वदेश दर्शन योजना' के हिस्से के रूप में प्रारंभ किया गया था। सरकार ने 1586.10 करोड़ रुपये की 45 विकास योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। भारतीय संस्कृति की गूंज दुनिया को सुनायी दे, इस मन्तव्य के साथ ही सरकार इसलिए भी धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है क्योंकि यह लोगों को वृहद स्तर पर रोजगार दे रहा है। धार्मिक पर्यटन का एक पहलू अगर धार्मिक और आध्यात्मिक सरोकार हैं तो दूसरा पहलू आर्थिक और सामाजिक विकास भी है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पर्यटन उद्योग भारत के कुल कार्यबल का लगभग 6 प्रतिशत रोजगार देता है।

## सेहत मंत्र

# जल्दी वजन घटाना है तो आज से ही पीना शुरू करें ये सूप, हफ्तेभर में चर्बी होगी गायब

वजन घटाना आज के टाइम में किसी चैलेंज से कम नहीं रह गया है। अगर आप थोड़े वजनी हैं तो लोगों की तिरछी नजरों और भद्दे कमेंट्स का सामना आपको जरूर करना पड़ता होगा। हालांकि वजन घटाना सिर्फ स्लिम दिखने के लिए ही जरूरी नहीं है बल्कि इससे आप कई बीमारियों से बचते हैं। अगर तमाम तरीके के तरीके और नियम अपनाने के बाद भी आपका वजन कम नहीं हो रहा है तो आज से ही सूप पीना शुरू कर दें। आज हम आपको कुछ ऐसे सूप के बारे में बता रहे हैं जिनके सेवन ने वाकई वजन बहुत तेजी से कम होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि अगर आप बिजी रहते हैं और वजन कम करने के लिए समय नहीं है तो ये सूप आपके लिए बहुत फायदेमंद विकल्प साबित हो सकते हैं। इनके सेवन से न आपका सिर्फ समय बचेगा, बल्कि अपके शरीर को पर्याप्त पोषण भी मिलेगा। तो चलिये जानें वजन कम करने वाले कुछ सूपों के बारे में। वाइट बीन सूप वजन कम करने वाले डाइट का अहम हिस्सा है। इसमें सुगर, फैट और सोडियम काफी कम मात्रा में पाया जाता है और यह काफी पौष्टिक होता है। साथ ही यह बेहद स्वादिष्ट होता है। इसे तैयार करना भी बहुत आसान है और इसमें बड़ी मात्रा में प्रोटीन भी पाया जाता है। हो सकता है कि आपको ब्रोकली पसंद न हो पर यह तेजी से वजन कम करने का प्रभावी सूप है। 100 ग्राम ब्रोकली सूप में करीब 1.2 ग्राम फैट पाया जाता है। साथ ही यह फाइबर और जरूरी पौष्टिक तत्वों से भरपूर होता है। लौकी का सूप लेकर आप गैरजरूरी फैट को जल्दी और आसानी से कम कर सकते हैं। इसमें फैट और सूगर कम होता है और यह प्रोटीन व फाइबर का बेहतरीन स्रोत है। वजन तेजी से कम करने वाले सूप में ब्राउन राइस के साथ मिक्स चिकन सूप न सिर्फ स्वादिष्ट होता है बल्कि इसमें सोडियम कम और प्रोटीन ज्यादा मात्रा में पाया जाता है। चिकन के साथ 100 ग्राम ब्राउन राइस सूप में सिर्फ 0.7 ग्राम फैट पाया जाता है। वजन कम करने के लिए आप हरे प्याज व आलू के सूप को अपना कर शरीर को जरूरी पौष्टिक तत्व भी उपलब्ध करा पाएंगे।

## धर्म मंत्र

# हनुमानजी को प्रसन्न करने के लिए करना चाहिए हनुमान बाहुक का पाठ

हनुमानजी को प्रसन्न करने के लिए अनेक मंत्रों, स्तुतियों और आरती आदि की रचना की गई है। उन्हीं में से एक है हनुमान बाहुक। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के अनुसार, हनुमान बाहुक का पाठ रोज विधि-विधान से किया जाए तो किसी की भी इच्छा पूरी हो सकती है और उस पर हनुमानजी की कृपा भी हमेशा बनी रहती है। रोज सुबह स्नान आदि करने के बाद साफ कपड़े पहनकर एक लाल कपड़े पर हनुमान की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। हनुमानजी को अबीर, गुलाल आदि चढ़ाएं और लाल फूल अर्पित करें। गाय के शुद्ध घी का दीपक जलाएं तो पाठ के अंत तक जलता रहे। घर में बने शुद्ध घी के चूरमे का भोग लगाएं। अगर संभव न हो तो गुड़-चने का भोग भी लगा सकते हैं। इसके बाद हनुमान बाहुक का पाठ करना शुरू करें। पाठ समाप्त होने पर हनुमानजी के कष्टों का निवारण करने के लिए प्रार्थना करें। अगर रोज पाठ करना संभव न हो तो सिर्फ मंगलवार को भी हनुमान बाहुक का पाठ कर सकते हैं। हनुमान बाहुक का पाठ करने से इच्छा शक्ति बढ़ती है, जिससे आप हर मुश्किल का सामना कर सकते हैं। जिस घर में हनुमान बाहुक का पाठ होता है, वहां नेगेटिव एनर्जी नहीं टिक पाती। धन, संतान, नौकरी, बीमारी आदि सभी समस्याओं का समाधान हनुमान बाहुक का पाठ करने से हो सकता है। हनुमान बाहुक का पाठ करने से जीवन के सभी सुख मिल सकते हैं।

पर्यटन



# भारतीयों के साथ ही विदेशियों की भी पसंदीदा सैरगाह बना लेह

जम्मू-कश्मीर का लेह भारत के ही नहीं विदेशी सैलानियों के भी फ़ेवरेट डेस्टिनेशंस में से एक है। क्योंकि पिछले साल यहां आने वाले टूरिस्टों की संख्या में तकरीबन 50 हजार बाहर से आने वाले टूरिस्ट शामिल थे। साल 2018 में 11562 फीट की ऊंचाई वाले लेह जिला में पहली बार तीन लाख पर्यटक पहुंचे जो एक रिकार्ड है। साल 2018 में लेह में 327366 पर्यटक लेह आए जिसमें से 49477 विदेशी पर्यटक शामिल थे। साल 2017 के मुकाबले में पिछले साल पचास हजार अधिक पर्यटक लेह पहुंचे। साल 2011 में 179491 पर्यटक आए थे जिसमें से 36662 विदेशी पर्यटक थे। इस साल ही लेह में बादल फटने से भारी तबाही हुई थी। साल 2014 में 1.21 लाख घरेलू पर्यटकों ने लेह की सैर की। साल 2015 में 1.46 लाख और साल 2016 में 2.33 लाख पर्यटक लेह पहुंचे थे। लद्दाख एक ठंडा रेगिस्तान है जो सर्दियों में देश के शेष भागों से कटा रहता है। श्रीनगर से लेह मार्ग की लम्बाई 434 किलोमीटर है। पिछले साल केंद्र सरकार ने एशिया की सबसे लम्बी टनल के निर्माण को मंजूरी दी है। जोजिला पास टनल पर 6089 करोड़ रूपये की लागत का अनुमान है। इसके बन जाने से श्रीनगर से लेह पूरा साल जुड़ा रहेगा। पिछले साल लेह में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक अगस्त में 13033 आए। जुलाई में 12226, सिंतबर में 7355 और सबसे कम दिसंबर में 262 विदेशी पर्यटक लेह पहुंचे थे। पर्यटन में हो रहे लगातार बढ़ोत्तरी को देखते हुए यहां के लिए डायरेक्ट ट्रेनों की आवाजाही भी शुरू होने वाली हैं। लेह में तकरीबन 3300 मीटर ऊंचाई पर दुनिया के सबसे ऊंचे रेल लाइन पर ट्रेन चलाने की तैयारियां की जा रही हैं। पहले जहां लेह का सफर तय करने में 40 घंटे का समय लगता था वहीं इस नई रेल लाइन के बन जाने से ये सफर 20 घंटे का रह जाएगा। मौसम कैसा भी हो इससे ट्रेन का सफर बाधित नहीं होगा। दिल्ली से चलने वाली ये ट्रेन सुंदरनगर, मंडी, मनाली, कोक्सर, उपशी, दरचा और केरू एन रूट जैसी कई खूबसूरत जगहों से होकर गुजरेगी। 20 रेलवे स्टेशनों से साथ इस सफर में 396 छोटे ब्रिज, 124 बड़े ब्रिज और 74 टनल्स देखने को मिलेंगे।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानों सहित अधिकारियो व कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

## सांस्कृतिक विरासत की थीम पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस

## उत्तर प्रदेश का इतिहास बहुत ही गौरवपूर्ण रहा है : सतीश चंद्र शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बाराबंकी। प्रदेश के मा. राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग श्री सतीश चंद्र शर्मा आज उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक थीम पर नगर पालिका के टाऊन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया । मा. राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र शर्मा ,माननीय सांसद श्री उपेंद्र सिंह रावत ,माननीय जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती राजरानी रावत, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री अरविन्द मौर्य तथा मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरान्त मा. जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश की विरासत से सम्बन्धित अभिलेख प्रदर्शनी, राजकीय अभिलेखागार को उत्तर प्रदेश का इतिहास, प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी, नवीन टेक्नोलॉजी एवं ए0आई0, अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत एवं रामायण परम्परा, मिशन शक्ति, रक्षा सम्बन्धी उपकरणों, प्रदेश में टूरिज्म की संभावना, आधुनिक कृषि एवं जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर मा. राज्यमंत्री द्वारा प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई एवं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी/जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ विकास परक परियोजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमारी सरकार द्वारा पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े हर पात्र व्यक्ति को किसी न किसी योजना के माध्यम से लाभांवित किया जा रहा है।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में कराये जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यों के साथ-साथ पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा दिये जाने हेतु मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं जनपद को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने वाली परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा में अपना सराहनीय कार्य करने के लिए 24 ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया । दौलतपुर ग्राम पंचायत की प्रधान श्रीमती कांति वर्मा, ग्राम पंचायत चकिया की प्रधान श्री मती रानी देवी, ग्राम पंचायत मंजीठा की प्रधान श्री मती शबाना, पंचायत धरसंडा के प्रधान श्री राकेश कुमार शामिल है। इसके साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगणों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नवीन कृषि तकनीकों पर आधारित प्रदर्शनी, केन्द्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पार आधारित प्रदर्शनी, उद्योग विभाग से संबन्धित एक जनपद एक उत्पाद की प्रदर्शनी राष्ट्रीय आजीविका मिशन से संबन्धित समूहों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की योजनाओं से आच्छादित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । इसके साथ ही विश्वकर्मा योजनान्तर्गत पांच लाभार्थियों सुनीता, प्रीति, विनीता, रुखशाना खातून,चांदनी देवी को टूलकिट वितरित किया गया।

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर बच्चों की जनपद स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता व रंगोली प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा सुमन ने प्रथम , जमील उर रहमान गर्ल्स किदवई इंटर कॉलेज की छात्रा वैष्णवी वर्मा ने द्वितीय स्थान, यंग स्ट्रीम कॉलेज का छात्र पार्थ सारथी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज का छात्र शुभकरण को प्रथम स्थान, जमील उर रहमान गर्ल्स किदवई इंटर कॉलेज की छात्रा पूनम कनौजिया को दूसरा स्थान तथा नंदिनी और अर्पिता को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। निबंध प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज का छात्र अजय कुमार को प्रथम स्थान ,जमील उर रहमान गर्ल्स किदवई इंटर कॉलेज की छात्रा कु. सदफ को दूसरा तथा राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र आदित्य तिवारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री नेहा , जिला विकास अधिकारी श्री भूषण कुमार, उप कृषि निदेशक श्री श्रवण कुमार, पीओ डूडा श्री सौरभ त्रिपाठी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण तथा भारी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

# भगवान भरोसे चल रहा पशु अस्पताल , सुविधाएं हवा हवाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बाराबंकी। विकास खंड पूरेडलई अंतर्गत कस्बा टिकैतनगर में स्थित पशु अस्पताल इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। हाल यह है कि उक्त पशु अस्पताल में न तो समय से डॉक्टर ही पहुंचाते हैं और न ही कर्मचारी ही समय से आना उचित समझते हैं। साथ ही जो इक्का-दुक्का चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी अस्पताल में मौजूद भी रहते हैं वह मीडियाकर्मियों को अपने कर्तव्यों का पालन करने में भी रुकावट पैदा करते है।बुधवार सुबह करीब 10 बजकर 10 मिनट पर कस्बा टिकैतनगर स्थित पशु अस्पताल में स्थानीय मीडियाकर्मियों ने जब पशु चिकित्सकों के समय से आने के दावों की पड़ताल करनी चाही। तो उनके समय से अस्पताल आने की बाते आसमानी दावों से अधिक कुछ न नजर आई। सुबह साढ़े दस बजे तक कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी उक्त पशु अस्पताल में उपस्थित नही था।स्वयं डॉ. भारत कुमार अपनी सीट से गायब थे। जबकि कुछ पशुपालक अपने जानवरो को लेकर बड़ी ही बेशब्री से इस कड़ाके की ठंड में पशु चिकित्सक डॉ.भारत कुमार के आने का इंतजार कर रहे थे। उक्त बदहाल व्यवस्था की कवरेज करने के दौरान पशु अस्पताल में तैनात एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी द्वारा मीडियाकर्मी को कवरेज यानी अपने कर्तव्यो का पालन करने से जबरन रोका भी जा रहा था। जो स्वयं कर्मचारियों की बेअंदाजी व उनकी बेलगामी को प्रदर्शित कर रहा था।

# योगी सरकार मे गरीबो की बेटे बेटियों के विवाह के लिए है गंभीर: सतीश शर्मा

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह मे 128 जोड़े हुए एक दूसरे के,चार मुस्लिम जोड़ो का निकाह भी सम्पन्न

## अयोध्या सांसद लल्लू सिंह भी हुए कार्यक्रम मे शामिल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



दरियाबाद बाराबंकी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत निर्धन परिवारों के 128 जोड़े दांपत्य सूत्र बंधन में बंध गए। जिसमें124 हिंदू जोड़ों की शादी वैदिक रीति से गायत्री शक्ति पीठ के पुरोहितों ने कराई। वही 04 मुस्लिम युगलों का निकाह मौलवी ने कराया।

सभी 128 नवविवाहित जोड़ों को सांसद, राज्यमंत्री, ब्लॉक प्रमुख सहित अन्य अफसरों की उपस्थिति में गृहस्थी के सामान देकर विदा किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह, राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश सरकार की अत्यंत कल्याणकारी योजना है। जिन गरीब परिवारों के बेटे-बेटियों की शादी रुपये के अभाव में नहीं हो पाती थी, उनका विवाह सरकार करा रही है। यही नहीं, शादी में आने वाले खर्च का वहन भी सरकार खुद कर रही है। इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार की जरूरत है।

राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि कहा कि योगी सरकार गरीबों व कमजोर वर्ग की बेटियों की शादी के लिए गंभीर है। सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की तर्ज पर कार्य कर रही है।सरकार बेटियों के विवाह के भारी खर्च से समाज को मुक्ति देने के लिए इस महत्वाकांक्षी योजना को शुरू किया है। इसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। भाजपा सरकार ने बिना जाति धर्म का भेद किए कन्याओं की शिक्षा से लेकर विवाह तक का भार उठा लिया है।

प्रमुख ने कहा कि इस योजना के शुरू होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को अपनी कन्याओं के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इस महत्वाकांक्षी योजना के लागू होने के बाद अब बेटियां बोझ नहीं, बल्कि परिवार का खेवनहार होंगी।सरकार की इस योजना से गरीब बेटियों के पिता के सिर से दबाव कम हुआ है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन जरूर करें। कार्यक्रम को , ब्लॉक प्रमुख दरियाबाद आकाश पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, बीडीओ एसडीएम राम आसरे वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## धोखाधड़ी के मामले में आरोपी पीड़ित को दे रहे है जान से मारने की धमकी

मसौली बाराबंकी। धोखाधड़ी करने वाले आरोपी पीड़ित को जान माल का नुकसान पहुंचाने की धमकी दे रहे हैं।मुकदमा दर्ज होने के क़रीब एक माह बाद भी आरोपियों पर कार्यवाही न होने से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं।पीड़ित के साथ जमीन ख़रीद फरोख्त के मामले में बिचौलियों ने ढाई लाख रुपए की धोखाधड़ी की है।पीड़ित डरा सहमा हुआ दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है।

सफ़दरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चन्दन पुरवा मजरे नसीरनगर निवासी पीड़ित राम मिलन पुत्र स्व.पुत्तीलाल के अनुसार सफ़दरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजस्व गांव रसौली में उन्हें जरिए वरासत दो बीघा जमीन प्राप्त हुई थी।जिसे पीड़ित ने बेचने हेतु पराइसो रियलिटी प्राकलि रियल एस्टेट कंपनी से सम्पर्क किया।जिस पर रियल एस्टेट कंपनी ने बयाना स्वरूप पीड़ित के खाते पर तथा पीड़ित के पत्नी के खाते पर अलग-अलग एक लाख रुपए व पचास हज़ार रुपए नेफ्ट के माध्यम से ट्रांसफर किए और एक लाख रुपए नगद अमित सैनी पुत्र अशोक सैनी के हाथों दिए।

## 18 वर्ष के ऊपर बालक-बालिकाओं के नाम मतदाता सूची में अंकित करवाने के लिए निकाली रैली




फतेहपुर बाराबंकी। फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महमूदाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना एनसीसी, रोवर रेंजर्स के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आम जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक करने,18 वर्ष के ऊपर के बालक-बालिकाओं के नाम मतदाता सूची में अंकित कराने हेतु एक रैली निकाली गई। रैली महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.सीमा सिंह के संरक्षण में महाविद्यालय प्रांगण से राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ.रवींद्र प्रताप सिंह, कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वतीय डॉ.ज़ेबा खान, डॉ.प्रशान्त सिंह, एनसीसी अधिकारी रोवर प्रभारी डॉ. शिशिर श्रीवास्तव के संयुक्त नेतृत्व में स्वयं सेवी छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता सम्बन्धी स्लोगन का गुंजायमान करते हुए एसबीआई तिराहा,तहसील होते हुए महाविद्यालय में रैली समाप्त हुई। रैली में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण प्रोफ़ेसर अमिय कुमार, डॉ.मो.सईद, प्रोफ़ेसर ज्योति शाह,डॉ.नीरज कुमार, डॉ.सलिल तिवारी, डॉ.लक्ष्मी देवी,डॉ.विशाल वर्मा, डॉ.योगेन्द्र कुमार, डॉ.अनिरुद्ध कुमार दिवाकर, डॉ.राजेश कुमार सोनकर,डॉ.वन्दना मिश्रा द्वारा अपनी गौरवमयी उपस्थित रहकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन भी किया गया।

## महात्मा गांधी की 30 जनवरी को 76वीं पुण्यतिथि पर होंगे विविध आयोजन

बाराबंकी। गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट की एक बैठक गांधी भवन में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बुधवार को आयोजित बैठक में श्री शर्मा ने बताया कि 30 जनवरी को प्रातः 10 बजे गांधी भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा की जाएगी। सुबह करीब 10 बजे गांधी भवन से पटेल तिराहा तक महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ी पैदल शांति मार्च निकलेंगे। उसके उपरांत गांधी भवन में बालाजी का बचपन स्कूल के बच्चों द्वारा 'रघुपति राघव राजा राम' और 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' गांधी भजन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखा जाएगा। तदोपरान्त महात्मा गांधी प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर उन्हें नमन किया जाएगा। महर्ल्यापण कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस (शहीद दिवस) पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी। जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं गांधीवादी अध्येता राहुल देव होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार शीतल पी सिंह, गोरखपुर से एमएलसी सीपी चंद, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, कानपुर के पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता गणेश दीक्षित एवं पूर्व विधायक सरवर अली उपस्थित रहेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि सायंकाल 5 बजे आलापुर स्थित रेठ नदी में महात्मा गांधी की स्मृति में दीपदान भी किया जाएगा। इस मौके पर विनय कुमार सिंह, वासिक वारसी, अताउर्रहमान 'सज्जन', मो.उमैर किदवर्द, मृत्युंजय शर्मा, पाटेश्वरी प्रसाद, साकेत संत मौर्य, सत्यवान वर्मा, अशोक जायसवाल, नीरज दूबे, विजयपाल गौतम, विनोद भारती, सभासद अश्वनी शर्मा, मो. फैसल, सलाउद्दीन किदवई, हुमायूं नईम खान, राजेश यादव आदि कई लोग मौजूद रहे।

## सपा अधिवक्ता सभा आज डीएम को सौंपेगी ज्ञापन

बाराबंकी। सपा अधिवक्ता सभा गुरुवार को मतदाता दिवस पर डीएम सत्येंद्र कुमार को एक ज्ञापन देकर ईवीएम से नही बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपेंगे।अधिवक्ता सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा ने उक्त आशय की जानकारी पत्रकारो से साझा की है।

# सफाईकर्मियों की हठधर्मिता से बजबाजा रही कस्बे की नालियां



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मसौली बाराबंकी। सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के चलते कस्बे मे सफाई व्यवस्था ठप पड़ी है। अधिकारिओ की उदासीनता के चलते महीनों बीत गये लेकिन कस्बे मे सफाई कर्मी नहीं दिखाई दिये है इससे विकास खंड रामनगर के ग्राम पंचयात त्रिलोकपुर मे जगह जगह गंदगी व कूड़े के ढेर लगे हुए है ग्रामीणों का कहना है की अधिकतर सफाई कर्मी पंचायत भवन या स्कूल के आसपास सफाई करके लौट जाते है अगर उनसे सफाई करने के लिए कहो तो कहते है मेरी ड्यूटी ब्लॉक में लगी हुई है बहाने बता के चले जाते है कर्मचारियों की मनमानी के चलते कस्बे में बीमारिया फैल सकती है कस्बे के बाजार कूड़े के ढेर से पटे हुए है कस्बे में अयाज अंसारी के घर से श्री राम कारखाना तक गन्दगी फैली हुई है। लाखों रुपए खाते से निकलने के बाद मुख्य बाजार से रानी बाजार रोड तक नाला निर्माण न होने से जल भराव जैसी समस्या उत्पन्न हो रही पूर्व में खबर प्रसारित होने पर वीडियो रामनगर के द्वारा नई नाले निर्माण के लिए धनराशि दी की गई थी सूत्रों से धनराशि छोटे नालियों पर खर्च कर दी गई यहाँ तक नालियों का घटिया सामग्री से निर्माण कार्य कराया गया है जो जांच का विषय बना हुआ है।

# जीवन के तीन दिन भावुक और गौरवशाली जो हम सभी इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हैदरगढ़ बाराबंकी । अयोध्या में ऐतिहासिक मंदिर में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में क्षेत्र के ३ युवको द्वारा सेवा देने पर क्षेत्रवासीयो द्वारा नगर के डाक बंगला में चेयरमैन आलोक तिवारी के नेतृत्व में अंग वस्त्र और माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। क्षेत्र के युवक आनंद पाण्डेय, सोमिल शुक्ला , विभोर गुप्ता द्वारा बीते दिनों विश्व हिंदू परिषद के आह्वाहन पर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व अयोध्या में अपनी उपस्थिति कार सेवक पुरम में दी जिसके बाद प्रभु कृपा से इनकी ड्यूटी सेवा मंदिर के गर्भ गृह के निकट साधु संतों की सेवा में लगायी गई। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में २० से २१ तक मंदिर में सेवा दी और प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने। हैदरगढ़ नगर के चेयरमैन आलोक तिवारी सहित भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष विकास पाण्डे, सुधीर जायसवाल, सभासद शिवा वर्मा, शिक्षक संघ के ज़िला उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता, बैजनाथ मौर्य द्वारा अंग वस्त्र और माल्यार्पणकर स्वागत किया गया और कहा गया की इस ऐतिहासिक घड़ी के सभी युवक साक्षी बने जिससे क्षेत्रवासी के प्रतिनिधि के रूप में तीनों युवकों प्रभु कृपा प्राप्त की इससे समस्त क्षेत्रबासियों के लिये ये गौरवशाली पल रहा। अपने अनुभव को बताते हुए आनंद पांडेय ने बताया की हम सभी के व हमारे पूर्वजों के प्राणों के बलिदानव परिश्रम का फल है कि हमारी वर्षों की तपस्या का फल आज हम सभी को यह अवसर मिला है

मैं अपने आप को बहुत ही परम शौभाग्यशाली समझता हूँ कि प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिस्ठा कार्यक्रम का साक्षी बनने का अवसर मिला यह हमारे पूर्वजो के आशीर्वाद व अपने पूर्व जन्म के कर्मों का फल है की हम अपने आराध्य के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का हिस्सा बन पाए। विभोर गुप्ता ने बताया की प्रभु श्री राम का अलौकिक रूप ऐसा है कि उसको शब्दो मे व्यक्त ही नही किया जा सकता उनका स्वरूप अद्भुत एवं अविस्मरणीय है ये मेरे जीवन के परम सौभाग्यशाली क्षण रहेगे। सोमिल शुक्ला ने बताया की मै सभी क्षेत्रवासियो व अपने परिवार के पुण्यो की वजह से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बना।मै सभी क्षेत्र वासियों व अपने जनपद वासियो का बहुत बहुत आभार प्रकट करता हू। इस मौक़े पर विजय पिंकु अवस्थी, दिलीप पाठक, दीपू विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# आवास के लिए बाराबंकी डीएम ऑफिस के सामने आत्मदाह का प्रयास, लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

## पंचायत सचिव किये गए निलंबित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त मिलने के बाद घोषित अपात्र को बुधवार को डीएम कार्यालय पहुंचा।डीएम से मिलने के बाद बाहर निकले युवक ने अपने परिजनों के सामने आग लगाकर आत्मदाह का प्रयास किया। इसके बाद हड़कंप मच गया।आननफानन में शिकायतकर्ता को निजी वाहन से प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी लेकर फरार हो गए।

रामनगर ब्लॉक के डीह मजरे अशोकपुर चाचू सराय का है। यहां के निवासी जाहिदा खातून पत्नी जुबेर का आरोप हैं कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की पहली किस्त के रुप में 40 हजार रुपए 29 सितंबर 2023 को मिले थे। जिससे उसके द्वारा निर्माण कार्य शुरू कराया गया। मगर जियो टैग के फ़ेर में दूसरी किस्त नही मिली। इसको लेकर पंचायत सचिव ने 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। इस पर दो अन्य लोगो के आवास का जियो टैग कर किस्त जारी कर दे गई। वही 12 जनवरी को तहसील की टीम पहुंची और उसे अपात्र घोषित कर दिया।बुधवार को जाहिदा खातून अपने पति जुबेर और बच्चो के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम से मिली।जहां से बाहर निकलते ही जुबेर ने आग लगाकर आत्मदाह का प्रयास किया। यह देख डीएम ऑफिस के सामने खड़े सुरक्षा कर्मियों ने दौड़कर आग बुझाई।उसके बाद शिकायतकर्ता को दोबारा डीएम के पास ले गए। जहां से उसे निजी वाहन से प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी कहीं लेकर फरार हो गए।सूचना पर पहुंची एंबुलेंस खड़ी पीड़ित को तलाशती रह गई।

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चन्द्रकांत त्रिपाठी ने बताया कि जुबेर को प्रधानमंत्री आवास आवंटित किया गया था। जिसकी पहली किश्त जारी की गई थी। जिससे उसने रास्ते की जमीन पर आवास बनाना शुरू कर दिया।जिस पर दूसरी किस्त रोक दी गई। इसी बात को लेकर वह आक्रोशित था।आत्मदाह जानकर तत्काल डीएम सत्येंद्र कुमार ने रिश्वतखोर पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करके उसके विरुद्ध जांच करवाने की संस्तुति कर दी है।

## डीएम साहब : सरकारी रास्ते पर पीएम आवास बना रहा है जुबेर , कैसे जारी हो जाए किस्त ?

### ऐसे आत्मदाह के प्रयास और धमकियों से सरकारी तंत्र का दबाव में आना ठीक नही ?

रामनगर बाराबंकी । सरकारी रास्ते पर अवैध निर्माण कर अपना आशियाना बनाने की नीयत रखने वाले जुबेर को आवास की दूसरी किस्त देने से सचिव ने जब इनकार कर दिया तो बेचारे जुबेर मिया अपने पूरे खानदान को लेकर डीएम साहब की चौखट पर आत्ममदाह का नाटकीय कारनामा करने पहुंच गए । इन्हे आवास चाहिए वह भी सरकारी जमीन पर ? पहले तो इन्होंने अधिकारियों को गुमराह कर पहली किस्त हथिया ली फिर जब अतिक्रमण के दौरान मामला प्रकाश में आया तो सरकारी तंत्र सतर्क हो गया । जुबेर मियां बड़े ज्ञानी आदमी है आवास सरकारी जमीन पर सरकारी पैसे से बनवाना चाहते है , फिर क्या सचिव ने अपने कर्मचारी धर्म का पालन करते हुए दूसरी किस्त रोक दी , जिसके बाद जुबेर मियां के तोते उड़ गए । फिलहाल सचिव ने सही किया सूत्रों की माने तो जुबेर कई बार ब्लाक के चक्कर लगाते दलालों के माध्यम से पैसे खर्च कर आवास की दूसरी किस्त बहाल कराना चाहते थे लेकिन सचिव इस पर सख्त हो गई किसी भी कीमत पर सरकारी रास्ते पर आवास की दूसरी किस्त बहाल करने से मना कर दिया । सूत्रों ने यह भी बताया कि सचिव ने कहा जुबेर अपनी भूमि पर बनवाए हम आवास दे देंगे लेकिन जुबेर हठधर्मिया कैसे छोड़ते उसे तो लाखो की सरकारी जमीन मुफ्त में जो हथियानी थी फिर क्या उनके आड़े आ रही थी ग्राम पंचायत की सचिव जिन्हें सबक सिखाने के लिए वह इधर उधर बाते भी करता रहा और घूस मांगने का आरोप भी लगा दिया । दरअसल ये आरोप आप किसी भी सरकारी कर्मचारी के ऊपर लगा दो तो अमूमन लोग उसे सच मान ही लेते है भले आपके पास सबूत के नाम पर केवल मुंह और स्व घोषित कागज हो जुबेर के पास भी यही ड्रामा था और इन्होंने जाकर बढ़िया नाटकीय ढंग से कलेक्टर आफिस के बाहर आत्मदाह का दिखावटी प्रयास कर दिया क्योंकि वो जानता था की आग कितनी लगाई जाए की केवल सचिव पर कार्रवाई हो जाए कही न कही जुबेर सफल भी हों गया सचिव सस्पेंड हो गई कानूनी कार्रवाई की भी तैयारी हो रही है किंतु जिम्मेदारो को यह भी सोचना चाहिए आखिर सरकारी भूमि पर आवास कैसे दे दिया जाए ? क्या कोई भी आत्मदाह का प्रयास करे या धमकी दे दे तो सरकारी तंत्र उसके दबाव में आ जाए ? फिलहाल चर्चाओं का बाजार गर्म है सचिव बीना के प्रति लोगो में सहानुभूति है ग्रामीण भी बीना द्वारा किस्त रोकने के फैसले को सही ठहरा रहे है । इस संदर्भ में सचिव बीना से वार्ता का प्रयास किया गया किंतु बात नही हो पाई ।

# राज्य के इतिहास से प्रेरित नई जर्सी के साथ उत्तर प्रदेश की भावना का जश्न मना रहा है यूपी वॉरियर्स

एजेंसी



मुंबई। विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सीजन के लिए उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। इसे देखते हुए टीमों ने कमर कस लिया है। सब यह सुनिश्चित करना चाहती हैं कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सभी महत्वपूर्ण पहलू समय रहते ठीक हो जाएं। कैपरी स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी वारियर्स टीम डब्ल्यूपीएल के लिए अपनी तैयारी में महत्वपूर्ण प्रगति कर रही है और उसने अपनी उस टीम के लिए एक नई किट लॉन्च की है, जिसमें दीप्ति शर्मा और एलिसा हीली जैसी दिग्गज शामिल हैं। खेल और सांस्कृतिक गौरव के अद्भुत संगम में, यूपी वॉरियर्स को राज्य के प्रतीक पलाश फूल से प्रेरित अपनी नई क्रिकेट जर्सी के लॉन्च की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। ''उग्र फिर भी स्त्रीत्व'' का प्रतिनिधित्व करते हुए, जर्सी स्पोर्ट्स वियर से कहीं अधिक है; यह राज्य की समृद्ध विरासत की कहानी है जो इसके ताने-बाने में बुनी गई है। नई जर्सी उत्तर प्रदेश की महिलाओं की आगे रहने की भावना के उत्सव का प्रतीक है। यह रानी लक्ष्मी बाई, सुचेता कृपलानी, अरुंधति भट्टाचार्य और दुर्जेय गुलाबी गैंग जैसी महिला आइकनों और समूहों द्वारा अपने पीछे छोड़ी गई प्रेरणा से स्रोत के रूप में लिया गया है। इन महिलाओं की बहादुरी और नेतृत्व की प्रेरक कहानियां यूपी वारियर्स एथलीटों में दिखने वाले गुण हैं, जिन्हें वे आत्मसात करने का प्रयास कर रही हैं।

जिनिशा शर्मा - निदेशक, कैपरी स्पोर्ट्स ने कहा, ''प्रतिस्पर्धी क्रिकेट एरेना में, यूपी वॉरियर्स ताकत और करुणा दोनों के लिए खड़ा है। इन आइकनों ने अपने गुणों के माध्यम से समाज में एक संतुलन बनाया है। हमारे एथलीट, इन उल्लेखनीय महिलाओं की तरह, जुनून से एकजुट होकर जबरदस्त रूप से प्रतिस्पर्धी हैं। यह जर्सी दिल के साथ शक्ति का प्रतीक है, जो यूपी की अग्रणी महिलाओं की सच्ची भावना का प्रमाण है।

जीवंत रंगों और तत्वों के साथ डिजाइन की गई जर्सी जो पलाश की दृढ़ता और मजबूत भावना को प्रदर्शित करती है, प्रतिकूल हालात के बीच अपनी धमक दिखाने की क्षमता और भावना की प्रतीक है। यह उस शक्तिशाली भावना का प्रतिनिधित्व करती है जो यूपी वारियर्स टीम और उन असाधारण महिलाओं दोनों को प्रेरित करती है, जिन्होंने कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए अपने लिए एक अलग रास्ता बनाया है। यूपी वॉरियर्स की नई जर्सी सांस्कृतिक गौरव और उत्तर प्रदेश के लोगों की अदम्य भावना का प्रतीक है। यह जर्सी वे एथलीट पहनेंगी जो इन प्रतीकों के समान उग्र लचीलापन साझा करती हैं, जिनके सम्मान में यह बनी है।एलिसा हीली के नेतृत्व में यूपी वारियर्स ने विमेंस प्रीमियर लीग के उद्घाटन सीजन में शानदार प्रदर्शन किया। यह टीम 2023 में आयोजित पहले सीजन में तीसरे स्थान पर रही। सीज़न 2 में, अपनी अभिनव नई जर्सी के साथ, वारियर्स एक बार फिर अपनी चमक दिखाने के लिए उत्सुक होंगे। यह टीम बीते सीजन की तुलना में बेहतर परिणाम देने की पुरजोर कोशिश करेगी, जिससे कि उत्तर प्रदेश में उनके फैंस और क्रिकेट परिवार को खुशी और जश्न मनाने का एक और कारण मिल सकेगा।

# रोहन बोपन्ना ने रचा इतिहास, टेनिस इतिहास में सबसे उम्रदराज नंबर 1 खिलाड़ी बने

एजेंसी



मेलबर्न। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के पुरुष युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। बोपन्ना और उनके साथी मैथ्यू एबडेन बुधवार को मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की जोड़ी के खिलाफ सीधे सेटों में 6-4, 7-6 (5) से शानदार जीत दर्ज की। कोर्ट 3 पर जीत के साथ, मेलबर्न पार्क में अपना लगातार 17वां टूर्नामेंट खेल रहे बोपन्ना ने पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। बोपन्ना मास्टर्स 1000 इवेंट में पुरुष युगल खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने पिछले साल 43 साल की उम्र में एबडेन के साथ प्रतिष्ठित इंडियन वेल्स टूर्नामेंट जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी। ऑस्ट्रेलियन ओपन में क्वार्टर फाइनल जीत के साथ ही, बोपन्ना 43 साल की उम्र में दुनिया के नंबर 1 पुरुष युगल खिलाड़ी बन गए हैं। भारतीय टेनिस स्टार ने संयुक्त राज्य अमेरिका के राजीव राम को पछाड़कर नया रिकॉर्ड बनाया, जो अक्टूबर 2022 में 38 साल की उम्र में अपने करियर में पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे। उपलब्धि बोपन्ना के ओपन युग में ग्रैंड स्लैम फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बनने के एक साल से भी कम समय बाद आई है, जब वह और उनके साथी एबडेन यूएस ओपन 2023 का फाइनल हार गए थे। बोपन्ना ने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग नंबर 3 के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन में प्रवेश किया। साल के पहले ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, अनुभवी भारतीय अगले सप्ताह रैंकिंग अपडेट होने पर शीर्ष पर होंगे, जबकि उनके पुरुष युगल जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन का पुरुष युगल रैंकिंग में नंबर 2 स्थान सुनिश्चित है। दूसरी वरीयता प्राप्त इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी सेमीफाइनल में गैरवरीयता प्राप्त थॉमस मचाक और झिझेन झांग से भिड़ेगी। बोपन्ना ने 2017 में कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ फ्रेंच ओपन में मिश्रित युगल खिताब जीता था। वह 2010 में पाकिस्तान के ऐसाम-उल-हक कुरैशी के साथ और 2023 में एबडेन के साथ यूएस ओपन में दो बार उपविजेता रहे। दरअसल, पिछले साल यूएस ओपन में बोपन्ना की उपलब्धि ने उन्हें सबसे उम्रदराज ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट बना दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### आइस हॉकी : महिला वर्ग में आईटीवीपी और पुरूष वर्ग में यूटी लद्दाख रही विजेता

कुल्लू। आईस हॉकी एसोसियेशन आफ इंडिया, आईस हॉकी आफ लाहुल स्पिति एंव स्पिति प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान से 19 जनवरी से 24 जनवरी तक महिला वर्ग की 11वीं एंव पुरूष वर्ग की 13वीं राष्ट्रीय आईस हॉकी चैम्पियनशिप 2024 का समापन बुधवार का आईस हॉकी रिंक में हुआ। पुरूष वर्ग में फाइनल मैच यूटी लदाख और आईटीबीपी के मध्य खेला गया जिसमें यूटी लदाख ने जीत हासिल की। यूटी लदाख ने चार गोल और आईटीवीपी की टीम ने एक गोल किया। वहीं महिला वर्ग में फाईनल मैच यूटी लदाख और आईटीबीपी के मध्य खेला गया जिसमें आईटीबीपी की टीम ने जीत हासिल की है। आईटीवीपी की टीम ने तीन गोल और यूटी लदाख ने 2 गोल किए। महिला वर्ग में गोल्ड मैडल आईटीवीपी की टीम को, सिल्वर मैडल यूटी लदाख की टीम को और ब्रांज मैडल हिमाचल प्रदेश की टीम को दिया गया। वहीं पुरूष वर्ग में गोल्ड मैडल यूटी लदाख और सिल्वर मैडल आईटीवीपी की टीम को दिया गया। जबकि ब्रांज मैडल आर्मी टीम को दिया गया। कोच अमित बेलबाल को एसडीएम ने सम्मानित किया। वहीं डीपीई सोनम, छेरिंग, केसंग, नवांग, छेरिंग आंगदुई, छुल्डिम, नोरबू, केसंग पदमा, छेरिंग दोरजे, सन्नी और नोरसंग को संजीवन ने सम्मानित किया। इसके अलावा रिंक मैनटेंस टीम के सदस्यों को कुंगा ने सम्मानित किया। समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि जिलाधीश तोरूल एस रवीश ने शिरकत की। इसके साथ ही आईस हॉकी एसोसियेशन आफ इंडिया के महासचिव हरजिंद्र जींदी, सीओ आईटीबीपी बंसत कुमार नोगल, अध्यक्ष आईस हॉकी एसोसियेशन हिप्र अभय डोगरा और तहसीलदार डा कंचन ने बतौर विशष्ठि अतिथि शिरकत की।

### प्राइजमनी हाकी प्रतियोगिता शुक्रवार से, विभिन्न प्रदेशों की 16 टीमें लेंगी हिस्सा

लखनऊ, 24 जनवरी (हि.स.)। के.डी. सिंह बाबू मेमोरियल सोसाइटी द्वारा सब जूनियर प्राइजमनी हाकी प्रतियोगिता की शुरूआत 26 जनवरी से हो रही है। दो फरवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की 16 टीमें हिस्सा लेंगी। इस संबंध में आयोजक कुंवर धीरेंद्र सिंह (के.डी. सिंह के पुत्र) ने बुधवार को बताया कि इस आयोजन में मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी, गोल्ड मेडलिस्ट राजेन्द्र सिंह होंगे। इसकी शुरुआत वे 26 जनवरी को तीन बजे करेंगे। इस प्रतियोगिता में कुल पांच रुपये पुरस्कार राशि दी जाएगी। प्रथम स्थान पाने वाली टीम को दो लाख रुपये मिलेंगे। इस प्रतियोगिता में यूपी ग्रेस, भिलवाड़ा हॉकी राजस्थान, एमएमएस स्पोर्ट्स हरियाणा, हॉकी आंध्रा प्रदेश, ग्रास रूट हॉकी कोलकाता, रायल हॉकी एकेडमी पंजाब, नीलगिरी हॉकी एकेडमी तमिलनाडु, नावेल टाटा हॉकी एकेडमी भुवनेश्वर, ध्यानचंद्र हॉकी आंध्रप्रदेश, राउंड हॉकी मोहाली पंजाब आदि शामिल हो रही हैं।
आयोजन समिति के महामंत्री सुजीत कुमार का कहना है कि बच्चों का खेल कराने के लिए आयोजकों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसके प्रायोजक नहीं मिलते। इसके लिए सरकार को आगे आना चाहिए, क्योंकि जब बच्चों के खेल में निखार नहीं आयेगा, तो फिर उच्च स्तरीय खिलाड़ी कैसे निखर पाएंगे। सरकार को कम से कम हर वर्ष खिलाड़ियों के लिए किट की व्यवस्था करनी चाहिए, क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी गरीब परिवारों से होते हैं और पैसे के अभाव में प्रतिभाएं दब जाती हैं। खुर्शीद अहमद ने बताया कि इसका फाइनल मैच दो फरवरी को खेला जाएगा।

### सर्राफा बाजार में मामूली कमजोरी, सोना-चांदी में गिरावट

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोने के भाव में आज 50 से 100 रुपये प्रति 10 ग्राम तक कमजोरी दर्ज की गई है। हालांकि चेन्नई सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में 100 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी में भी आज गिरावट दर्ज की गई है, जिसके कारण दिल्ली के सर्राफा बाजार में आज चांदी 200 रुपये की गिरावट के साथ 75,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# सावन की धुआंधार बल्लेबाजी से रेप्ल ने जीता मैच, एनईआर को यूथ क्लब ने हराया

एजेंसी



लखनऊ, 24 जनवरी (हि.स.)। शुबोध मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में यूथ क्रिकेट क्लब ने नार्थ इस्टर्न रेलवे की टीम को चार विकेट से हरा दिया। इस मैच में यूथ के विनायक निगम ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 68 बाल पर 92 रन बनाये। वहीं लीग के दूसरे मैच में रेप्ल क्रसडर्स क्लब ने यूपी टीम्बर क्रिकेट क्लब को 174 रन से मात दे दी।

रेप्ल क्रसडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में दो विकेट खोकर 321 रन बनाये। सावन कुमार सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 14 चौका और पांच छक्का की मदद से मात्र 83 बाल पर 141 रन बनाये और अंत तक क्रीज पर जमे रहे। वहीं आदित्य अनय ने 14 चौका और दो छक्का की मदद से 94 बाल पर 127 रन का योगदान दिया। वहीं सलामी बल्लेबाज शाश्वत पांडेय ने 40 रन बनाया। 321 रन का लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी टिम्बर की टीम 147 रन ही बना सकी और रेप्ल ने 174 रन से मैच को जीत लिया।

दूसरे मैच में एनईआर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर के मैच में पांच विकेट गवांकर 160 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज अन्नु ने 20 रन का योगदान दिया। वहीं अवनीश सिंह ने अपने टीम में सर्वाधिक 57 रन बनाये। सौरभ दुबे ने 38 रन का योगदान दिया। वहीं यूथ क्लब ने छह विकेट गवांकर 165 रन बना लिये और मैच को चार विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज सार्थक दीक्षित ने 49 रन का योगदान दिया। वहीं विनायक निगम ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए आठ चौका और तीन छक्का की मदद से 68 बाल पर 92 रन बनाये।

## मां की दुर्घटना से आहत लम्बी कूद के खिलाड़ी तौसिफ फिर की खेल में वापसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ के रहने वाले लांग जम्पर अपनी मां की दुर्घटना के बाद प्रेक्टिस छोड़ चुके मोहम्मद तौसीफ पुनः अपने कैरियर को पटरी पर ला रहे हैं। मंगलवार की रात, तौसीफ ने चेन्नई में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कांस्य पदक जीतने के लिए 7.06 मीटर की दूरी तय की और इसके बाद वह अपने प्रदर्शन से काफी खुश नज़र आए। उनकी लांग जंप में वापसी से प्रदेश के खिलाड़ियों में खुशी है। घर वापस आकर, तौसीफ़ के पास प्रशिक्षण के लिए कोई सुविधा नहीं थी और उन्होंने मैदान पर वापस आने की सारी उम्मीदें खो दी थीं। एक बार जब उनकी मां ठीक हो गईं, तो उन्होंने लगभग एक साल के बाद धीरे-धीरे अपने मूल स्थान पर प्रशिक्षण फिर से शुरू कर दिया। तौसीफ ने कहा कि मैं वहां (एसएआई केंद्र) केवल एक सप्ताह या 10 दिनों के लिए था जब मुझे अपनी मां की दुर्घटना की खबर मिली।

# एसएईएल ने अपने नवीकरणीय ऊर्ज़ा पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाने के लिए 1 अरब डॉलर जुटाए

एजेंसी

नई दिल्ली। सौर और अपशिष्ट-से-ऊर्ज़ा परियोजनाओं में विशेषज्ञता वाली प्रमुख भारतीय नवीकरणीय ऊर्ज़ा कंपनी, एसएईएल ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में साझेदारी के सफल गठन और कुल 1 अरब डॉलर तक की पूंजी जुटाने की घोषणा की। नॉर्वे के माननीय राजदूत, मिशन के उप प्रमुख, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस आयोजन में शामिल हुए। नॉरफंड, डीएफसी, एडीबी, टाटा क्लीनटेक व अन्य वित्तीय संस्थान पूंजी जुटाने में प्रमुख भागीदार हैं। 1 अरब डॉलर की साझेदारी की घोषणा के अलावा, एसएईएल की वित्त वर्ष 25 में 15,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय को पूरा करने और अगले 4 वर्षों में 10 गीगावाट के अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हर साल 2-2.5 गीगावाट नवीकरणीय क्षमता निष्पादित करने की योजना है। इस पर्याप्त निवेश का उपयोग कंपनी की सौर और बायोमास परियोजनाओं का विस्तार करने, अनुकूल बाजार क्षमता और नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षेत्र में सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किया जाएगा। इस दौरान, एसएईएल ने 2.7 गीगावाट का पोर्टफोलियो बनाकर अद्वितीय विकास का प्रदर्शन किया है, जो टिकाऊ ऊर्ज़ा समाधानों के लिए कंपनी की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है। 1 अरब डॉलर की साझेदारी न केवल प्रतिष्ठित निवेशकों और संस्थानों द्वारा एसएईएल को दिए गए वित्तीय विश्वास को दर्शाती है, बल्कि बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्ज़ा की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक समर्पण को भी रेखांकित करती है। इस अवसर पर बोलते हुए, नॉरफंड के सीईओ श्री टेललेफ़ थोरलीफसन ने कहा, ल्लहम एसएईएल के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं, और हम नॉर्वेजियन क्लाइमेट इन्वेस्टमेंट फंड के प्रबंधन के लिए नॉरफंड के जनादेश के अनुरूप, अपनी नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता को बढ़ाने के लिए अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए कंपनी के प्रयासों को और वित्तपोषित करने में सक्षम होने से खुश हैं।

# रियल सोसिदाद ने सेल्टा को हराकर कोपा डेल रे के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

एजेंसी



मैड्रिड। रियल सोसिदाद ने मंगलवार को सेल्टा विगो को 2-1 से हराकर कोपा डेल रे के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इसी के साथ रियल सोसिदाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। वहीं, सेल्टा विगो ने अपने कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने की कीमत चुकाई। सेल्टा के कोच राफ़ेल बेनिटेज़ ने कार्ल्स पेरेज़, उनाई नुनेज़, इयागो एस्पास, ऑस्कर मिंगुएज़ा और जोर्गेन स्ट्रैंड लार्सन जैसे कई नियमित खिलाड़ियों को आराम दिया था। परिवर्तनों ने स्पष्ट रूप से सेल्टा को कमजोर कर दिया, और समन्वय की कमी के कारण रियल सोसिदाद ने दो मिनट के बाद ही बढ़त ले ली, जब मिकेल ओयारज़ाबल ने हेडर के जरिये गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। मध्यांतर तक सोसिदाद ने पनी 1-0 की बढ़त बरकरार रखी।

ब्रेक के बाद सेल्टा ने प्रतिक्रिया देने की कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। शेराल्डो बेकर ने 66वें मिनट में गोल कर रियल सोसिदाद को 2-0 से आगे कर दिया।

92वें मिनट में लुका डे ला टोरे ने गोल कर सेल्टा का खाता खोला और स्कोर 2-1 हो गया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ ही रियल सोसिदाद ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया।

# सेलेरिटीएक्स का नेटएक्स हुआ लाइव : अयोध्या से वीडियो के लिए कनेक्टिविटी को बनाएगा सक्षम

एजेंसी

नई दिल्ली। केबल एवं सैटेलाइट, ब्रॉडबैंड, एंटरप्राइज़ सेवाओं, ओटीटी एग्रीगेशन और कंटेंट सिंडिकेशन के ज़रिये डिजिटल टेलीविजन क्षेत्र में उपस्थित प्रौद्योगिकी-आधारित ग्राहक अनुभव कंपनी, हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस लिमिटेड (एचजीएस) के उद्यम व्यवसाय, सेलेरिटीएक्स ने नेटएक्स के लॉन्च की घोषणा की है। नेटएक्स 22 जनवरी, 2024 को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम मंदिर के बहुप्रतीक्षित उद्घाटन समारोह में कनेक्टिविटी को सक्षम बनाएगा। इस समाधान ने स्थानीय ऑपरेटरों की खोज (डिस्कवरी) को दुनिया भर के विभिन्न प्रसारकों के ''लाइव'' मीडिया ट्रांसमिशन के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने में सक्षम बनाया है। नेटएक्स टीम ने इस समारोह की अवधि के दौरान संपूर्ण प्रोजेक्ट-एज़-ए-सर्विस (पीएमएएएस) और लिंक मॉनिटरिंग के लिए एक प्रभावी इंटरफ़ेस प्रदान किया है। नेटएक्स भारत का अपनी तरह का पहला प्लेटफॉर्म है, जो प्लेटफॉर्म के एक तरफ उद्यमों को दूसरी तरफ इंटरनेट सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है ताकि देश भर के सुदूर हिस्सों में कनेक्टिविटी मिल सके। नेटएक्स सभी आकार के उद्यमों को कहीं भी नेटवर्क कनेक्टिविटी तक पहुंचने, अलग-अलग अवधि और बैंडविड्थ की ज़रूरतों को आसानी से स्थानीय ऑपरेटरों से जोड़कर सशक्त बनाता है। यह उद्यमों को सेवा प्रदर्शन, ऑपरेटरों के बीच पारदर्शी तरीके से मूल्य की तुलना, परियोजना प्रबंधन और एक ही मंच पर सभी प्रदाताओं के लिए समस्या की पहचान से लेकर निवारण तक का काम करने (ट्रबल टिकटिंग) की क्षमता के आधार पर लिंक के लिए रेटिंग भी प्रदान करता है। ऐतिहासिक श्री राम मंदिर उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनने के बारे में, सेलेरिटीएक्स के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, समीर कंासे ने कहा, ल्लनए दौर के डिजिटल भारत में, व्यवसाय से उपभोक्ता (बी2सी) के साथ-साथ व्यवसाय से व्यवसाय (बी2बी) दोनों पहले लगभग हर चीज़ को ऑनलाइन ढूंढ और खरीद सकती हैं। सरकार भी ओएनडीसी जैसे प्लेटफॉर्म लॉन्च कर सादगी को बढ़ावा दे रही है। नेटएक्स पूरे भारत में 18,000 से अधिक स्थानीय आईएसपी के साथ उद्यमों को जोड़ने के लिए इस डिजिटल सक्षमता (एनेबलमेंट) का विस्तार कर रहा है और हम दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए श्री राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर अयोध्या में बनने वाले इतिहास का अंग बनने के लिए उत्साहित हैं।

# शुरुआती कमजोरी के बाद शेयर बाजार में शानदार तेजी, खरीदारी के सपोर्ट से झूमे सेंसेक्स-निफ्टी

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार ने आज शुरुआती कमजोरी के बाद शानदार प्रदर्शन किया। हेवीवेट शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी के कारण शेयर बाजार आज एक प्रतिशत चढ़ कर बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के तुरंत बाद बिकवाली के दबाव के कारण ये गिरावट और बढ़ती नजर आई लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर शेयर बाजार की रफ्तार तेज कर दी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.98 प्रतिशत और निफ्टी 1.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान बीएसई के ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। आईटी, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, कैपिटल गुड्स, ऑयल एंड गैस, मेटल और पावर इंडेक्स 1 से लेकर 2 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर रियल्टी इंडेक्स में आज गिरावट दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.72 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 371.19 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 365.98 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.21 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,884 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,451 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,343 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 90 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,142 शेयरों में एक्टिै ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,532 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 610 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर बढ़त के साथ और 5 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 41 शेयर हरे निशान में और 9 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# वैश्विक अविश्वास को दूर करने में भारत की भूमिका नेतृत्वकारी हो : डेनिस फ्रांसिस

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करते हुए आज कहा कि शांतिदूत महात्मा गांधी का देश होने के नाते भारत संयुक्त राष्ट्र में मौजूदा अविश्वास को दूर करने में और दुनिया में शांति, समृद्धि, प्रगति एवं स्थायित्व स्थापित करने में नेतृत्वकारी भूमिका निभा सकता है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर के निमंत्रण पर भारत की पांच दिन की यात्रा पर आये त्रिनिदाद एवं टुबैगो के पूर्व राजनयिक श्री फ्रांसिस ने यहां संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में यह कहा। उन्होंने साफ शब्दों में यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को मौजूदा भूराजनीतिक वास्तविकताओं को परिलक्षित नहीं करता है। संयुक्त राष्ट्र सुधारों की पुरज़ोर वकालत करते हुए कहा कि बड़े देश वीटो के माध्यम से भू राजनीतिक गतिशीलता को बाधित करके इसे सही निर्णय लेने में असमर्थ बना रहे हैं। उन्होंने भारत के ग्लोबल साउथ (वैश्विक दक्षिण) की आवाज़ उठाने और अफ्रीका के साथ सहयोग की भी सराहना की।

श्री फ्रांसिस ने कहा कि भारत का बीते दिनों में परावर्तन हुआ है और वैश्विक दक्षिण को लेकर अंतरराष्ट्रीय पटल पर एक मानक स्थापित किया है। संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता को लेकर अविश्वास का वातावरण बना है। भारत विश्वास की इस कमी को दूर करने के प्रयासों का नेतृत्व कर सकता है क्योंकि यह महात्मा गांधी की धरती है। उन्होंने कहा कि यह याद रखने की जरूरत है कि संयुक्त राष्ट्र किसी देश या सरकारों का नहीं विश्व के लोगों का प्रतिनिधित्व



करता है और इसीलिए मीडिया को समाज में संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता को लेकर जागरूकता फैलानी चाहिए। अपनी जयपुर यात्रा का उल्लेख करते हुए भारत की सांस्कृतिक विविधता की प्रशंसा की। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर से भी मुलाकात की। श्री फ्रांसिस कल मुंबई जाएंगे। उन्होंने कहा, ल्लसंयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष के रूप में अपनी पहली यात्रा पर भारत आकर मुझे खुशी हो रही है...मैं आपके काम और आपकी निरंतर रुचि के लिए ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं। मैं विदेश मंत्री के निमंत्रण पर यहां भारत आया हूं। मेरी यात्रा का प्राथमिक फोकस संयुक्त राष्ट्र महासभा में शांति, समृद्धि, प्रगति और स्थिरता के प्रति मेरी अध्यक्षता की प्राथमिकताओं के लिए भारत का निरंतर समर्थन प्राप्त करना है। नई दिल्ली में मेरा पहला कार्यक्रम महात्मा गांधी के प्रति सम्मान व्यक्त करना था... उनके ये शब्द कि शांति के अलावा कोई रास्ता नहीं है, शांति ही रास्ता है, मेरा मानना है कि इस कठिन समय में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। सुरक्षा परिषद के सुधारों के बारे में श्री फ्रांसिस ने कहा, संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद जिस रूप में वर्तमान में अस्तित्व में है वह विश्व इतिहास के उस काल की याद दिलाती है जो अब अस्तित्व में नहीं है। इसका गठन 1945 के तुरंत बाद के युग में किया गया था। तब से, दुनिया मौलिक रूप से बदल गई है। आज की भू-राजनीतिक वास्तविकताएँ परिषद में प्रतिबिंबित नहीं होती हैं। सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों में से तीन एक ही क्षेत्र से आते हैं। और ऐसे लोग भी हैं जो दावा करते हैं कि परिषद को लोकतंत्रीकरण की तत्काल आवश्यकता है। यह वास्तविकता है कि परिषद, हाल के वर्षों में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को मजबूत करने में सहायता और समर्थन करने के लिए आवश्यक निर्णय लेने में उत्तरोत्तर असमर्थ रही है। मुख्यतः भू-राजनीतिक कारणों से हमेशा एक या दूसरे पक्ष द्वारा वीटो का उपयोग किया जाता है और इसके परिणामस्वरूप भू-राजनीति, भू-राजनीति की वैश्विक गतिशीलता को परिषद में बाधित किया जाता है। इससे बड़ी हताशा होती है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र में इसके परे भी बहुत सारी चीज़ें हैं।

## मोदी उत्तर प्रदेश में करेंगे करीब 19 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को उत्तर प्रदेश में बुलन्दशहर 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

श्री मोदी अपराह्न लगभग पौने दो बजे बुलंदशहर में रेल, सड़क, तेल एवं गैस और शहरी विकास एवं आवास जैसे अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री शाम करीब साढ़े पांच बजे जयपुर में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का स्वागत करेंगे। वह श्री मैक्रों के साथ शहर में जंतर मंतर, हवा महल और अल्बर्ट हॉल संग्रहालय सहित सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के विभिन्न स्थानों का दौरा करेंगे। बुलंदशहर में प्रधानमंत्री रेलवे के समर्पित मालवहन गलियारे (डीएफसी) पर न्यू खुर्जा-न्यू रेवाड़ी के बीच 173 किलोमीटर लंबे दोहरे विद्युतीकृत खंड लोकार्पण करेंगे। वह दोनों स्टेशनों से मालगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह नया डीएफसी खंड महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पश्चिमी और पूर्वी डीएफसी के बीच महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी स्थापित करता है। इसके अलावा, यह खंड इंजीनियरिंग की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए भी जाना जाता है। इसमें 'ऊंचाई पर विद्युतीकरण के साथ एक किलोमीटर लंबी डबल लाइन रेल सुरंग' है, जो दुनिया में अपनी तरह की पहली सुरंग है। इस सुरंग को डबल-स्टैक कंटेनर ट्रेनों को निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह नया डीएफसी खंड डीएफसी ट्रैक पर मालगाड़ियों के स्थानांतरण के कारण यात्री ट्रेनों के संचालन को बेहतर बनाने में मदद करेगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मथुरा-पलवल खंड और चिपियाना बुजुर्ग-दादरी खंड को जोड़ने वाली चौथी लाइन भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। ये नई लाइनें राष्ट्रीय राजधानी की दक्षिणी पश्चिमी और पूर्वी भारत तक रेल कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी। श्री मोदी कई सड़क विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री इंडियन ऑयल की टूंडला-गवारिया पाइपलाइन का भी उद्घाटन करेंगे। करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह 255 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन परियोजना तय समय से काफी पहले पूरी हो गई है।

# मीनाक्षी लेखी ने किया 'सहज गीता' का विमोचन

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति को अनूठा बताया है और कहा है कि आनंदमय और सरल जीवन के लिये गीता के मूल सिद्धांत को अपनाया जा सकता है।

श्रीमती लेखी ने यहां एक समारोह में श्री भगवद्गीता के सरल अनुवाद की पुस्तक सहज गीता का विमोचन करते हुये कहा कि आम जनमानस में गीता को उसको वास्तविक अर्थों में पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक इस उद्देश्य की पूर्ति करती है। इस अवसर पर राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश और पुस्तक के लेखक अविनाश कुमार उपस्थित रहे। पुस्तक का विमोचन कल देर शाम किया गया। श्रीमती लेखी ने कहा कि गीता भारतीय जनमानस में रची



बसी है और आनंदमय और सरल जीवन के लिये गीता के मूल सिद्धांत को अपनाया जा सकता है। सहज गीता में संपूर्ण भगवद्गीता को सरल हिंदी काव्यात्मक शैली में लिखा गया है, जिसके रचनाकार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर और भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु के पूर्व छात्र अविनाश कुमार हैं। यह पुस्तक भगवद्गीता का हिंदी काव्यात्मक शैली में सरल अनुवाद और लयबद्ध लिपि होने के अलावा, रोजमर्रा के जीवन के उदाहरण प्रस्तुत करती है। इस पुस्तक का प्रकाशन प्रभात प्रकाशन ने किया है।

# ममता के बिना इंडिया गठबंधन की कल्पना नहीं : कांग्रेस

**एजेंसी**

नयी दिल्ली/गुवाहटी। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन का अहम हिस्सा हैं और उनके बिना इस गठबंधन का कोई महत्व नहीं है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने असम के गुवाहाटी में आज संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, ल्लममता ने कहा कि हम भाजपा को हराना चाहते हैं। भाजपा को हराने के लिए कोई कदम पीछे नहीं छोड़ेगे और उनकी इसी भावना के साथ राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर रही है। सुश्री ममता के भारत जोड़ो न्याय यात्रा संबंध एक बयान पर उन्होंने कहा, कुछ अवरोध आते रहते हैं उनको पार किया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन की बहुत बड़ी नेता हैं और उनके बिना इंडिया गठबंधन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, सुश्री बनर्जी से बातचीत चल रही है और इसमें जो बाधाएं हैं उनका समाधान निकल आएगा। खुद सुश्री ममता ने कहा है कि भाजपा को हराना उनका कर्तव्य है, प्राथमिकता है और इसके लिए जो कुछ भी करना पड़े उसे करेंगे। इसी भावना के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा बंगाल में प्रवेश कर रही है। गठबंधन में जो भी अड़चनें हैं उनको बातचीत से दूर किया जाएगा और इंडिया गठबंधन पूरे देश में मिलकर काम करेगा। श्री रमेश ने कहा, हम विचारधारा की लड़ाई लड़ रहे हैं और आने वाले आम चुनाव में कांग्रेस का उद्देश्य सिर्फ भाजपा को हराना है। हिमंत बिस्व सरमा उस विचारधारा के प्रतीक हैं जिसने समाज के विभिन्न वर्गों के साथ अन्याय किया है। यहां बिस्व सरमा के नेतृत्व में भ्रष्टाचार चरम पर है इसलिए मुख्यमंत्री के खिलाफ श्री गांधी बोल रहे हैं। मैं असम के मुख्यमंत्री का धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने हमारी यात्रा को अपनी धमकियों से पब्लिसिटी दी। हम डरने वाले नहीं हैं। हम पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा,कल 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पश्चिम बंगाल पहुंचेगी और 26-27 जनवरी को आराम करने के बाद 28 जनवरी को पश्चिम बंगाल में यात्रा शुरू होगी। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 20 मार्च तक समाप्त होने की संभावना है और 20 से 23 मार्च के बीच 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मुंबई पहुंचेगी और उसके बाद हमारा संगठन चुनावी प्रक्रिया में लग जाएगा। कल राहुल गांधी जी ने चुनाव का शंखनाद बजा दिया है, जो 5 न्याय पर आधारित है। इस बीच कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने नयी दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय स्थापित करने के लिए ही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' हो रही है। देश को मौजूदा हालात में युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिक न्याय की जरूरत है। उनका कहना था कि देश की बहुसंख्यक आबादी आज भी न्याय की सम्पूर्ण स्थापना से बाहर है। देश में 45 वर्षों में आज सबसे ज्यादा बेरोजगारी है इसलिए युवा न्याय का मतलब है युवाओं को रोजगार मिले। लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करनी है इसलिए भागीदारी का न्याय चाहिए। नारी न्याय से महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और स्वतंत्र समाज का निर्माण करना है,किसान न्याय से किसानों को उनकी फसल के उचित दाम देना है और श्रमिक न्याय से श्रमिकों को उचित मूल्य नहीं मिल रहा है कांग्रेस सरकार उनको उचित मूल्य दिलाएगी। उन्होंने कहा, भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान सरकार ने कोई बाधा उत्पन्न नहीं की थी लेकिन इस बार न्याय की इस लड़ाई में अन्यायी शक्तियां बाधा पैदा कर रही हैं। जिस कांग्रेस पार्टी ने अंग्रेजों को हरा दिया जो उनकी तोप से नहीं डरी-वे बैरिकेड से क्या डरेंगे। हम न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं और जो बाधा पैदा कर रहे हैं- वो न्याय द्रोही हैं।

## डीआरडीओ की महत्वपूर्ण रक्षा प्रणालियों की झलक दिखाई देगी परेड में

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित कई महत्वपूर्ण प्रणालियों तथा प्रौद्योगिकीयों को 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर 75 वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान प्रदर्शित किया जाएगा।

डीआरडीओ की महिला वैज्ञानिकों का 'आत्मनिर्भरता' के प्रवर्तक के रूप में रक्षा अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान रहा है। डीआरडीओ की इस वर्ष की झांकी 'पृथ्वी, वायु, समुद्र, साइबर और अंतरिक्ष जैसे पांचों आयामों में रक्षा कवच प्रदान करके राष्ट्र की सुरक्षा करने में महिला शक्ति' विषय पर आधारित है। इस झांकी में रक्षा अनुसंधान एवं विकास में महिलाओं की भागीदारी को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। प्रसिद्ध वैज्ञानिक सुनीता देवी जेना दस्ते की कमांडर होंगी। झांकी में मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल(एमपीएटीजीएम), एंटी-सैटेलाइट (एएसएटी) मिसाइल, और अग्नि-5, सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल।

## परीक्षा पे चर्चा के लिए 2.26 करोड़ पंजीकरण, चित्रकला प्रतियोगिता में 60,000 शामिल

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। परीक्षा पे चर्चा 2024 कार्यक्रम से पहले, छात्रों के बीच परीक्षा के तनाव से निपटने के लिए अनूठी पहल, राष्ट्रव्यापी चित्रकला प्रतियोगिता में देश भर से 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

यह जानकारी शिक्षा मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी।

परीक्षा पे चर्चा का सातवां संस्करण इस बार 29 जनवरी को रखा गया है। इसके लिए 2.26 करोड़ लोगों ने सरकारी पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी को पराक्रम दिवस पर आयोजित यह चित्रकला प्रतियोगिता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लिखित पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स 'के परीक्षा विषयक मंत्रों पर केंद्रित थी। इस प्रतियोगिता को देश भर के 774 विद्यालयों के 657 केंद्रीय विद्यालयों और 122 नवोदय विद्यालयों (एनवीएस) में आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को नेताजी के जीवन के बारे में प्रेरित करना और उनमें देशभक्ति की भावना पैदा करना था। छात्र-छाताओं, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ श्री मोदी का सातवां ''परीक्षा पे चर्चा 2024'' कार्यक्रम 29 जनवरी को आयोजित किया गया है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इसके लिए मायगॉव पोर्टल पर 2.26 करोड़ लोगों का पंजीकरण दर्ज किया है। यह इस कार्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों में व्यापक उत्साह को दर्शाता है।

कार्यक्रम सुबह 11 बजे से नयी दिल्ली के भारत मंडपम, में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में लगभग 3000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। मुख्य कार्यक्रम के लिए प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों तथा एक शिक्षक और कला उत्सव के विजेताओं को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत के बाद पहली बार देश के विभिन्न हिस्सों से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के सौ (100) छात्र परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# राम, कृष्ण, बुद्ध के लघुचित्रों वाली संविधान की मूल प्रति उपलब्ध करायी जाये: धनखड़

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संविधान को मूल रूप में उपलब्ध कराने का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि आपातकाल भारतीय संवैधानिक यात्रा का सबसे काला और शर्मनाक समय है।

उपराष्ट्रपति ने यहां गणतंत्र के रूप में भारत के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में हमारा संविधान हमारा सम्मान अभियान का उद्घाटन करते हुए कहा, संविधान सभा के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित संविधान की प्रति हमारे बच्चों को नहीं मिल पाती है। यह बहुत दुख की बात है। संविधान की मूल प्रति में 22 लघु चित्र हैं, जिन्हें संविधान के प्रत्येक भाग से पहले सोच-समझकर रखा गया है। इन लघुचित्रों के माध्यम से, संविधान के संस्थापकों ने हमारी पांच हजार साल पुरानी संस्कृति का सार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि इन चित्रों को आम जनता नहीं देख पा रही है क्योंकि ये संविधान की प्रचलित प्रतियों का हिस्सा नहीं है। उन्होंने केंद्रीय कानून मंत्री से यह सुनिश्चित करने के लिए पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, देश को उसके प्रामाणिक रूप में संविधान उपलब्ध कराया जाए, जैसा कि हमारे संस्थापकों ने हमें दिया था। संविधान के मौलिक अधिकारों के भाग में श्री राम, सीता और लक्ष्मण के अयोध्या लौटने का लघु चित्र है। उपराष्ट्रपति ने मौलिक अधिकारों को लोकतंत्र की सर्वोत्कृष्टता और लोकतांत्रिक मूल्यों का एक अभिन्न पहलू बताया और कहा कि यदि कोई मौलिक अधिकारों का आनंद नहीं लेता है तो वह लोकतंत्र में रहने का दावा नहीं कर सकता है। अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान समारोह को एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए श्री धनखड़ ने कहा, ल्ल नियति के साथ साक्षात्कार और आधुनिकता के साथ साक्षात्कार के बाद, हमने 22 जनवरी, 2024 को देवत्व के साथ साक्षात्कार किया।ङ्क उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण एक बहुत लंबी और दर्दनाक प्रक्रिया थी लेकिन इसे कानून के अनुसार हासिल किया गया और यह दर्शाता है कि देश कानून के शासन में विश्वास करता है। आपातकाल की घोषणा को संवैधानिक यात्रा का सबसे काला और शर्मनाक काल बताते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि इसने लाखों लोगों को जेल में डालकर उनके मौलिक अधिकारों से वंचित कर दिया। उन्होंने कहा, ल्लहमें उम्मीद थी कि न्यायपालिका इस अवसर पर आगे आएगी, दुर्भाग्य से न्यायपालिका के लिए भी, यह सबसे अंधकारमय अवधि में से एक है। मौलिक कर्तव्यों को संविधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए, उपराष्ट्रपति ने सभी से मौलिक कर्तव्यों का पालन करने की अपील की और कहा,ल्ल यह हमें अच्छा नागरिक बनाता है।

# पेज एक का शेष

### अयोध्या में 10...

विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है और इसी के क्रियान्वयन के जरिए अयोध्या में इस रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण का रास्ता साफ हुआ है। कार्ययोजना के अनुसार, 'बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ओवरब्रिज के वास्तुशिल्प व संरचनात्मक डिजाइन की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। सभी आवश्यक सेवाओं के डिजाइन, काम शुरू करने के लिए आवश्यक स्थानीय निकायों-प्राधिकरणों से अनिवार्य अनुमोदन प्राप्त किए जा रहे हैं। साथ ही काम और सेवाओं के निष्पादन और संपत्तियों को सभी पहलुओं में रहने योग्य बनाने के बाद सौंपने की प्रक्रिया को लेकर कार्ययोजना को क्रियानवित किया जा रहा है। कार्ययोजना के अनुसार, आईआईटी, एनआईटी द्वारा प्रूफ जांच सहित सभी घटकों के डिजाइन, ड्राइंग के साथ 2/4-लेन का सर्वेक्षण, भू-तकनीकी जांच और डिजाइनिंग जैसी प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। इन कार्यों को पूरा करने के लिए प्राधिकरण से अनुमोदन भी प्राप्त किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सेतु निर्माण निगम लिमिटेड की ओर से कार्य प्राप्त करने वाले कॉन्ट्रैक्टर्स फाउंडेशन, उप संरचना, सुपर स्ट्रक्चर, फिनिशिंग कार्य जैसे कोटिंग, क्रैश बैरियर मेकिंग, रेलिंग फॉर्मेशन व रोड साइनेज इंस्टॉलेशन जैसी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। रोड सेफ्टी पैरामीटर्स जैसे थर्मोप्लास्टिक्स मार्किंग, ब्लिंकिंग कैट आइज़, संरचना की एंटी-कार्बोनेशन पेंटिंग और व्यू कटर समेत सभी आवश्यक घटकों के साथ परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर बाराबंकी-अकबरपुर रेल रूट पर कनेक्टिविटी में इजाफा होगा और रेल आवागमन सुलभ हो जाएगा।

### वीआईपी यात्री...

की धार्मिक भावनाओं का अपमान अथवा तिरस्कार न हो। यदि कोई विद्वेष फैलाने वाले ऐसे प्रयास करता हुआ पाया जाए तो उनके विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप कठोरतम कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जो श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर चुके हों, उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन के पर्याप्त साधन उपलब्ध हों। परिवहन निगम की बसों की व्यवस्था हो। विभिन्न नगरों से अयोध्या आने के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन अभी स्थगित रखें। दर्शन के बाद जिस रूट के श्रद्धालु अधिक हों, उस ओर बसों को लगाकर श्रद्धालुओं को गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था हो। ऐसे रूट चिन्हित कर जरूरत के अनुसार रेलवे से कोऑर्डिनेट करते हुए ट्रेनों के संचालन के प्रयास होने चाहिए। परिवहन मंत्री स्वयं इस व्यवस्था को सुनिश्चित कराएं।

### ज्ञानवापी के...

सार्वजनिक करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 24 जनवरी तक के लिए टाल दी थी। बताया जाता है कि चार हिस्सों में एएसआई ने करीब दो हजार पन्नों की यह रिपोर्ट अदालत में सील बंद लिफ़ाफ़े में दाखिल की है।

### पोस्टमार्टम में लापरवाही...

बाद जब परिजनों ने लाश का बैग खोला तो पूजा की दोनों आंखें गायब थीं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मामले में जांच के आदेश दिए थे। उनके निर्देश पर दोनों डॉक्टरों को निलंबित करते हुए अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यालय, बरेली से संबद्ध कर दिया है। इस प्रकरण में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रदीप वार्ष्णेय को पहले ही निलंबित कर स्वास्थ्य महानिदेशालय में संबद्ध किया जा चुका है। ड्यूटी के दौरान सहकर्मियों से अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकी देना महोबा के खरेला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर को भारी पड़ा। शिकायत के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आरोपी डा. राजेश कुमार वर्मा के खिलाफ अभियोजन चलाने की स्वीकृति दी है। डा. राजेश पर जैतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनाती के दौरान कई गलत कार्यों में संलिप्त रहने के आरोप हैं। साथ ही सहकर्मी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए फोन पर दुर्व्यवहार एवं धमकी देने का भी आरोप है। पीड़ित कार्मिक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद जांच हुई। विभाग की जांच में समस्त आरोप सत्य पाये गए। डिप्टी सीएम ने डा. वर्मा के विरुद्ध अभियोजन चलाये जाने की स्वीकृति दी है।

### मुसीबत में 'इंडिया'...

इस बयान पर राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ममता बनर्जी को जब कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने अहंकारी और बेईमान कहा था, तभी इंडिया गठबंधन के दरकने की स्क्रिप्ट लिखी गई थी। अब ममता बनर्जी के इस बयान से विपक्षी गठबंधन, मुसीबत में फंसता नजर आ रहा है। श्री मान ने आज संवाददाताओं से कहा, पंजाब में हमारा कांग्रेस से कुछ नही है।'आप' पंजाब में सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतेगी।देश में पंजाब बनेगा हीरो। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि यह उनका काम है।उन्होंने कहा कि हो सकता है कि पश्चिम बंगाल में सीटों के बंटवारे को लेकर सुश्री बनर्जी की कोई बात चल रही हो लेकिन पंजाब में 'आप' अकेले चुनाव लड़ेगी। सुश्री बनर्जी के लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद 'आप' नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बंगाल में सीट बंटवारा जटिल है लेकिन सुलझा लिया जाएगा। वहीं पंजाब कांग्रेस भी आप के साथ गठबंधन को लेकर सहज नहीं है। पार्टी ने चंडीगढ़ स्थित पंजाब कांग्रेस भवन में वार रूम और राज्यस्तरीय कमेटी का गठन कर दिया है, जो राज्यभर में बूथ लेवल तक के नेताओं से सीधे तालमेल बनाकर हलकावार चुनाव रणनीति तैयार करेगी। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस ने 13 हलकों में लोकसभा को-ऑर्डिनेटरों की तैनाती कर दी थी, जिन्हें लोकसभा हलका स्तर पर स्थानीय नेताओं और वर्करों के साथ समन्वय कायम करने का जिम्मा सौंपा गया है। पंजाब कांग्रेस के नवगठित वार रूम में पार्टी ने रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी एचएस किंगरा, राजवंत राय शर्मा, यूथ कांग्रेस के महासचिव अमन स्लैच, कुलजीत सिंह बेदी और जंगप्रीत सिंह को नियुक्त किया है। वार रूम के डिजीटलाइजेशन का काम भी शुरू कर दिया गया है, जिसके तहत डाटा इंटेलिजेंस यूनिट, पॉलिटिकल इंटेलिजेंस यूनिट, ग्राउंड कैंपेन टीम, फ़ील्ड मैनेजमेंट टीम, सोशल मीडिया प्रबंधन टीमों का गठन किया जाएगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में मामूली रूप से घायल हो गयीं।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री आज बर्धमान से कोलकाता लौट रही थीं। इस दौरान धुंध के कारण उनके काफिले के सामने अचानक एक कार आ गयी जिससे उनके ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगाया। इस दौरान सुश्री बनर्जी को सिर में मामूली चोट लग गयी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, सुश्री ममता बनर्जी को बुधवार को पूर्व बर्धमान जिले में एक बैठक से लौटते समय सिर में मामूली चोट लग गई।राजमार्ग पर खराब दृश्यता के कारण उनके काफिले की कार अचानक रुकने से उन्हें चोट लग गई। सुश्री बनर्जी एक प्रशासनिक बैठक के लिए जिला मुख्यालय बर्धमान गई थीं। उनका हेलीकॉप्टर से लौटने का कार्यक्रम था, जो बूंदाबांदी और कोहरे के कारण खराब दृश्यता के कारण उड़ान नहीं भर सका।

### ओडीओपी ने दिलायी...

लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही बुंदेलखंड, अवध, पूर्वांचल एवं ब्रज क्षेत्र के कलाकारों ने राम पर लोक गायन प्रस्तुत किया। इसके अलावा श्रीरामोत्सव-2024 के तहत भक्ति संगीत भी आयोजित हुआ।

संबोधन से पहले सीएम योगी ने दीप प्रज्वलित कर उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर शिल्प मेला एवं विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाए उद्यमियों से बातचीत की और उनका हाल जाना। साथ ही उन्होंने राज्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम पुरस्कार, विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार, संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार, उत्तर प्रदेश संस्कृति उत्सव के विजेता और पर्यटन पुरस्कार के तहत कई लोगों को पुरस्कृत किया। इसके अलावा सीएम योगी ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान के अंतर्गत टूलकिट और ओडीओपी टूलकिट का भी वितरण किया। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने मेधावी बालिकाओं को किया प्रोत्साहित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 'मेधावी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन' कार्यक्रम के तहत मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया। जनपद स्तर पर इंटरमीडिएट और हाईस्कूल में प्रत्येक जनपद से प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं और विकासखण्ड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मार्ट फोन देकर पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वर्ष 2022 और 2023 की टॉपर 318 बालिकाओं को पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग का 'परिवर्तन पोर्टल' लॉन्च किया और बालिका निकेतन, देहरादून की बालिकाओं को चन्द्रयान की अनुकृति भी भेंट की।

मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश की सभी बेटियों को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश की अपनी सभी बेटियों की सुरक्षा के लिए सरकार पूरी तरह से कटिबद्ध हैं। हमारी बेटियों के साथ अन्याय करने वालों की उत्तराखण्ड और हमारे समाज में कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का मुख्य सेवक होने के नाते प्रदेश की किसी भी बेटी का अपमान उनका अपमान है। ऐसा करने वालों के खिलाफ वे कठोरतम कार्रवाई करने से कभी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां हमारी शान, मान और अभिमान हैं। महान वीरांगना तीलू रौतेली से प्रारंभ होने वाली हमारे प्रदेश की वीर नारियों की सूची में टिंचरी माई, गौरा देवी, चन्द्रप्रभा ऐतवाल, गंगोत्री गर्ब्याल और बछेंद्री पाल जी तक ऐसे अनेकों नाम हैं, जिन्होंने हर चुनौती को छोटा साबित करते हुए कुप्रथाओं को तोड़ने और आत्म सम्मान से जीवन जीने की राह समाज को दिखाई है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज हमारी बेटियों ने हर क्षेत्र में अपना एक अलग मुकाम बनाया है और प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार की प्रारंभ की गई विभिन्न योजनाएं हमारी बेटियों को और अधिक आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में सहयोग प्रदान कर रही हैं। राज्य सरकार ने हाल ही में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लिया है। पहले पहाड़ में बेटियों के जीवन का दूसरा नाम ही संघर्ष था, लेकिन अब दृश्य बदल रहा है और हमारे सीमान्त गांवों की बेटियां भी अपने सपनों को साकार कर रही हैं।

आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के मूलमंत्र को लेकर राज्य सरकार ने भी बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास तक के लिए विभिन्न योजनाएं प्रारंभ की हैं जिनमें महालक्ष्मी किट योजना, खुशियों की सवारी योजना, नंदा गौरा योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना, मुख्यमंत्री महिला पोषण जैसी योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तराखंड की हर बेटी सशक्त हो, सबल हो और प्रदेश के समग्र विकास में बराबर की भागीदार हो। उन्होंने कहा कि वे एक अभिभावक की तरह हमेशा प्रदेश की बेटियों के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में बेटियां नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लोहाघाट में गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज खोला जा रहा है। इस अवसर पर सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास हरि चन्द्र सेमवाल, निदेशक महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास प्रशांत आर्य, मुख्य परिवीक्षा अधिकारी मोहित चौधरी एवं मेधावी बालिकाओं के अभिभावक उपस्थित थे।

## उत्तराखंड : सीमांत के 35 सरपंच बनेंगे गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी

देहरादून। भारत सरकार ने गणतंत्र दिवस के इस खास मौके पर प्रदेश के सीमांत क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए चलाई जा रही वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत आने वाले गांवों के 35 सरपंचों को भी कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड पर विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। उत्तराखंड के सीमांत जिले चमोली, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ के 35 सरपंचों को उनके पति और पत्नी के साथ कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड पर विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। इसके अलावा इन जिलों के 23 उप सरपंचों को भी कर्तव्य पथ पर आमंत्रित किया है। सीमांत जिले चमोली के नीति गांव की सरपंच हेमलता राणा गणतंत्र दिवस की परेड के आमंत्रण पर खासी उत्साहित हैं। इस आमंत्रण के लिए उन्होंने व उनके पति मुकेश राणा ने भारत सरकार का आभार जताया है।

चमोली के माणा गांव के आमंत्रित सरपंच पीताम्बर सिंह भी इस आमंत्रण पर पसन्नता जताते हुए कहा कि वह अपनी पत्नी गायत्री देवी के साथ 26 जनवरी की परेड व कार्यक्रम देखने जा रहे हैं। देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है जब देश के सीमांत जिलों के गांवों के सरपंचों और उपसरपंचों को गणतंत्र दिवस परेड के कार्यक्रम देखने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेज स्कीम से सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार बेहतरीन प्रयास कर रही है। उत्तरकाशी जिले के मुखवा गांव की सरपंच शिवकला देवी अपने पति संजय सिंह के साथ कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड पर विशेष तौर पर आमंत्रित हैं। धराली गांव की सरपंच प्रभा देवी और उनके पति प्रदीप सिंह भी परेड के देखने के लिए आमंत्रित हैं। प्रदीप ने कहा कि वह परेड के दौरान भारत की विभिन्न संस्कृतियों, विकास और शौर्य को साक्षात रूप से देख पाएंगे। इसके लिए वह भारत सरकार का आभार जता रहे हैं। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के गुंजी गांव के सरपंच सुरेश सिंह ने कहा कि सरकार सुंदर गांव के सरपंचों को भी आमंत्रित कर रही है

# संक्षिप्त समाचार

## फुल ड्रेस रिहर्सल का एसएसपी ने किया निरीक्षण

देहरादून। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून ने आगामी गणतन्त्र दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाली रैतिक परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण किया गया। बुधवार को इस निरीक्षण के बाद सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दृष्टिगत एसएसपी देहरादून ने उपस्थित अधिकारियों को अन्य सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समय से सारी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अथितिगणों और महानुभावों के सम्मिलित होने के दृष्टिगत सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही समारोह में आने वाले अथितिगणों, व्यक्तियों के वाहनों की पार्किंग पूर्व में चिन्हित किये गए पार्किंग स्थलों में ही कराने के निर्देश दिए गए। इस वर्ष गणतन्त्र दिवस की परेड में 10 प्लाटून प्रतिभाग कर रही हैं, जिसमें एक प्लाटून आर्मी, एक प्लाटून आईटीबीपी, एक प्लाटून सीआरपीएफ, एक प्लाटून उप्र पुलिस, एक प्लाटून 40वीं वाहिनी पीएसी, एक प्लाटून महिला 40 वी वाहिनी पीएसी, एक प्लाटून पीआरडी, एक प्लाटून होमगार्ड और एक प्लाटून एनसीसी गर्ल्स तथा एक प्लाटून एनसीसी बॉयज का है। इसके अतिरिक्त घुड़सवार पुलिस, दंगा नियंत्रण दल, दूरसंचार, फायर सर्विस, सीपीयू दल की डेमोस्ट्रेशन टीम द्वारा भी रैतिक परेड में प्रतिभाग करेंगे।

## शिक्षा को बढ़ावा देने में समस्त मीडिया का अहम रोल : स्वदेश कुमार सिंह

देहरादून। देश के विकास में शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत एवं दृढ़ संकल्प के साथ काम करने वाली दिल्ली एनसीआर के ग्रेटर नोएडा में स्थित प्रतिष्ठित संस्था जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन के समूह चेयरमैन डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा कि इस प्रगतिशील भारतीय अर्थव्यवस्था एवं प्रजातंत्र में मीडिया अपनी भूमिका बहुत ही दृढ़ता से निभा रहा है। वे बुधवार को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित एक निजी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। समूह चेयरमैन डॉ.गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में दृढ़ता का ही परिणाम है कि आज ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान, एवं राजनीति ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जो मीडिया एवं उनके प्रभावों से अछूता रह गया है। मीडिया अपनी भूमिका समाज सेवा के भाव से इस प्रति प्रतिपादित कर रहा है की, जिसकी प्रशंसा अतुलनीय एवं सराहनीय है। जनता की बातों को समाज, देश एवं विश्व के पटल पर सत्यता से साझा करना, निडर और निर्भीक पत्रकारिता करना कोई आसान बात नहीं है। डॉ. राजेश गुप्ता ने जीएनआईओटी एजुकेशनल समूह के विगत 22 वर्षों में किस भांति एक छोटे से संस्थान से प्रारंभ किए गए एक प्रयास को आज देश के टॉप संस्थाओं के प्रारूप के तौर पर देखा जा सकता है। इस पूरी जीवन प्रक्रिया को उन्होंने मीडिया बंधु से साक्षात्कार के दौरान रखा और यह बात स्थापित करने की प्रयास किया कि उनके पूजनीय पिताजी के सोचे गए एक सपने को कैसे एक मूर्त रूप प्रदान किया गया। संस्थान के सीईओ स्वदेश कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षा जगत में मीडिया के निभाए जा रहे अहम रोल की विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया की आज देश की हर छोटी से बड़ी बात मीडिया के माध्यम से कैसे विद्यार्थियों तक आसानी से निशुल्क घर बैठे पहुंचाई जाती है, जिससे विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं। प्रेस वार्ता में चेयरमैन और सीईओ के अलावा वाइस प्रेसिडेंट प्रोफ़ेशनल इंगेजमेंट एवं आउटरीच चंद्रकांत सिंह, ग्रुप आउटरीच हेड पंकज कुमार के अलावा संस्था के विमल सिंह, रूपेश राव, अमित रंजन, आशीष तोमर, अभिनय राज, गिरीश नागर, मनसा बत्रा, सुमन धामी सहित बड़ी संख्या में विभिन्न शहरों के शिक्षाविद शामिल हुए।

## फुल ड्रेस रिहर्सल का एसएसपी ने किया निरीक्षण

देहरादून। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून ने आगामी गणतन्त्र दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाली रैतिक परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण किया गया। बुधवार को इस निरीक्षण के बाद सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दृष्टिगत एसएसपी देहरादून ने उपस्थित अधिकारियों को अन्य सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समय से सारी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अथितिगणों और महानुभावों के सम्मिलित होने के दृष्टिगत सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही समारोह में आने वाले अथितिगणों, व्यक्तियों के वाहनों की पार्किंग पूर्व में चिन्हित किये गए पार्किंग स्थलों में ही कराने के निर्देश दिए गए। इस वर्ष गणतन्त्र दिवस की परेड में 10 प्लाटून प्रतिभाग कर रही हैं, जिसमें एक प्लाटून आर्मी, एक प्लाटून आईटीबीपी, एक प्लाटून सीआरपीएफ, एक प्लाटून उप्र पुलिस, एक प्लाटून 40वीं वाहिनी पीएसी, एक प्लाटून महिला 40 वी वाहिनी पीएसी, एक प्लाटून पीआरडी, एक प्लाटून होमगार्ड और एक प्लाटून एनसीसी गर्ल्स तथा एक प्लाटून एनसीसी बॉयज का है। इसके अतिरिक्त घुड़सवार पुलिस, दंगा नियंत्रण दल, दूरसंचार, फायर सर्विस, सीपीयू दल की डेमोस्ट्रेशन टीम द्वारा भी रैतिक परेड में प्रतिभाग करेंगे।

## शिक्षा को बढ़ावा देने में समस्त मीडिया का अहम रोल : स्वदेश कुमार सिंह

देहरादून। देश के विकास में शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत एवं दृढ़ संकल्प के साथ काम करने वाली दिल्ली एनसीआर के ग्रेटर नोएडा में स्थित प्रतिष्ठित संस्था जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन के समूह चेयरमैन डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा कि इस प्रगतिशील भारतीय अर्थव्यवस्था एवं प्रजातंत्र में मीडिया अपनी भूमिका बहुत ही दृढ़ता से निभा रहा है। वे बुधवार को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित एक निजी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। समूह चेयरमैन डॉ.गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में दृढ़ता का ही परिणाम है कि आज ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान, एवं राजनीति ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जो मीडिया एवं उनके प्रभावों से अछूता रह गया है। मीडिया अपनी भूमिका समाज सेवा के भाव से इस प्रति प्रतिपादित कर रहा है की, जिसकी प्रशंसा अतुलनीय एवं सराहनीय है। जनता की बातों को समाज, देश एवं विश्व के पटल पर सत्यता से साझा करना, निडर और निर्भीक पत्रकारिता करना कोई आसान बात नहीं है। डॉ. राजेश गुप्ता ने जीएनआईओटी एजुकेशनल समूह के विगत 22 वर्षों में किस भांति एक छोटे से संस्थान से प्रारंभ किए गए एक प्रयास को आज देश के टॉप संस्थाओं के प्रारूप के तौर पर देखा जा सकता है।

# धामी मंत्रिमंडल की खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में 4 प्रतिशत आरक्षण

## चाइल्ड केयर लीव,गन्ना मूल्य में वृद्धि सहित कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर मुहर



देहरादून, 24 जनवरी (हि.स.)। धामी मंत्रिमंडल ने खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में 4 प्रतिशत आरक्षण बिल विधानसभा में लाने, चाइल्ड केयर लीव के दौरान दो साल तक शत प्रतिशत वेतन भत्ते देने और कर्मचारियों के वाहन भत्ते देने,खनन सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुहर लगायी।

बुधवार को राज्य सचिवालय के विश्वकर्मा भवन में स्थित वीर चन्द्रसिंह गढ़वाली 'सभागार' (पंचम तल) पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल बैठक हुई। बैठक समाप्ति के बाद मुख्य सचिव एसएस संधू ने मंत्रिमंडल की ब्रीफिंग की। मंत्रिमंडल ने श्री राम जन्म भूमि में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रधानमंत्री को बधाई और सभी को शुभकामनाएं दी गईं। सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों के चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का मामला आगामी सत्र में लाया जाएगा। वित्त विभाग से सभी सहायक अभियंताओं को वहां भर अनुमन्य किया गया है। पहले 200 सौ से 2700 सौ था अब 1200 सौ से 4000 का वाहन भत्ता मिलेगा। चाइल्ड केयर लीव के मामले में अब 2 साल के लिए 100 फीसद वेतन देने को मंजूरी दी गई है। व्यक्तिगत सहायक की प्रमोशन में संशोधन किया गया है। वित्त विभाग के अंतर्गत व्यक्तिक सहायकों का 4800 पे स्केल का नया पद सृजित। खनन नियमावली में संशोधन किया गया है। नदियों में ज्यादा माइनिंग को नियंत्रित के लिए मॉनिटरिंग की जाएगी। खनन के ढांचे 7 अतिरिक्त पदों की मंजूरी मिली है। 07 जिला अफसर और 01 डीजी पद के पीएस का स्वीकृत किया गया है। बार एसोसिएशन को पुरानी जेल परिसर में 5 बीघा जमीन 30 साल के लिए 1 रुपये लीज पर देने पर सहमति।

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत मिनिस्ट्री आफ रोड एंड हाइवे को कार्यालय के लिए रिंग रोड पर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। पशु चिकित्सा अधिकारियों के ग्रेड में परिवर्तन। मत्स्य विभाग में जलाशयों की नीलामी अब 5 साल के बजाय 10 साल के लिए की जाएगी।

उत्तर प्रदेश और हिमाचल में यह व्यवस्था पहले से है। खेल विभाग के अंतर्गत खिलाड़ी को 4 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का विधानसभा में आएगा। साहसिक खेल में विषय विशेषज्ञों के आहर्ता को शिथलीकरण किया गया है। सरकार उत्तरकाशी के जादुंग गांव में होम स्टे को प्रोत्साहन देगी। 100 प्रतिशत तक सब्सिडी को स्वीकृति दी गई है।

## गुरुकुल में तीन दिवसीय स्किल डेवलपमेन्ट कार्यशाला का शुभारम्भ

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के मैकेनिकल इन्जीनियरिंग विभाग ने विश्वविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए वेल्डिंग विषय पर तीन दिवसीय स्किल डेवलपमेन्ट कार्यशाला का आयोजन किया। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. विपुल शर्मा ने कहा कि आम जीवन में छोटे-बड़े कार्य करने के लिए वेल्डिंग का काफी महत्व है। कर्मचारी वेल्डिंग सीखकर अपना स्किल डेवलपमेन्ट कर सकेंगे। क्योंकि जीवन में वेल्डिंग की काफी उपयोगिता है। इस अवसर पर वेल्डिंग एक्सपर्ट के रूप में चन्द्रपाल, आर्टिजन (वेल्डर) बीएचईएल हरिद्वार ने वेल्डिंग की उपयोगिता एवं टेक्निकल विषय पर अपने विचारों से अवगत कराया। विश्वविद्यालय, हरिद्वार के सह परीक्षा नियंत्रक एवं कम्प्यूटर साइंस इन्जीनियरिंग के अध्यक्ष प्रो. मयंक अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं के आयोजन से कर्मचारियों की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। मैकेनिकल इंजी. विभाग के प्रभारी डा. संजीव कुमार लाम्भा ने बताया कि सभी को स्किल की जानकारी होना आवश्यक है।

# नि:संतान दम्पतियों के लिये वरदान साबित हो रही एआरटी सुविधा,1938 दंपतियों ने उठाया लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। प्रदेश में निःसंतान दम्पतियों के चेहरों पर मुस्कान लौट रही है। उनके सूने आंगन बच्चों की खिलखिलाहट से गूंज रहे हैं। एआरटी अधिनियम-2021 एवं सरोगेसी एक्ट-2021 के सुखद परिणाम देखने को मिल रहे हैं। दोनों एक्टों के लागू होने के उपरांत राज्य में 1938 दंपतियों ने सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (एआरटी) के विकल्प का लाभ सफलतापूर्वक उठाया है। राज्य में संतान सुख पाने में असमर्थ विवाहित दंपति एवं महिलाओं की कुछ श्रेणियों (एकल और अविवाहित) के लिये एआरटी वरदान साबित हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सरोगेसी एक्ट एवं एआरटी एक्ट-2021 लागू होने के उपरांत लाभार्थियों की मांगी गई रिपोर्ट के क्रम में विगत दो वर्षों के आंकड़े भारत सरकार को भेज दिये हैं। यह सब एआरटी अधिनियम-2021 व सरोगेसी एक्ट-2021 के लागू होने और इसके ठोस क्रियान्वयन से सम्भव हो पाया है। वर्ष 2021 में देश के साथ-साथ प्रदेश में एआरटी व सरोगेसी एक्ट लागू हुआ, जिसके अंतर्गत प्रदेश में पंजीकृत 22 एआरटी क्लीनिकों के माध्यम से सूबे के 1938 दम्पतियों ने सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (एआरटी) के विकल्प का लाभ सफलतापूर्वक उठाया है। इसमें सर्वाधिक 726 दम्पतियों ने इंदिरा आईवीएफ में एआरटी का लाभ लिया। इसके अलावा नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी में 168, केयर आईवीएफ यूनिट में 165, फुटेला फर्टिलिटी सेंटर 137, उत्तरांचल टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर 103, जेनेसिस आईवीएफ 83, मॉर्फिअस प्रसाद इंटरनेशनल आईवीएफ सेंटर 68, सुभारती हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर 66, वृंदा फ़ेमिकेयर फर्टिलिटी एलएलपी 57, वैश्य नर्सिंग होम एआरटी क्लीनिक में 54, महंत इंद्रेश हॉस्पिटल आईवीएफ सेंटर 53, निदान फर्टिलिटी क्लीनिक 45, ऑली हास्पिटल फर्टिलिटी रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक सेंटर 42, आशीर्वाद हेल्थकेयर एवं फर्टिलिटी सेंटर 41, आईवीएफ सेंटर एम्स ऋषिकेश 28, लूथरा नर्सिंग होम 24, रेवती नर्सिंग होम 22, काला फर्टिलिटी 03 एवं मदर केयर सेंटर में 02 दम्पतियों ने एआरटी का लाभ लिया।

# ज्वेलरी खरीदने गई महिला के बैग से उड़ाए 2 लाख, आरोपित महिला गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। ज्वेलरी खरीदने आई महिला के बैग से 2 लाख रुपये उड़ाने वाली टप्पेबाज महिला को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपित महिला के कब्जे से चुराई गई रकम भी पुलिस ने बरामद कर ली। आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

बुधवार को एक महिला ज्वालापुर सर्राफा बाजार में खरीदारी करने आई। महिला जैसे ही एक ज्वेलरी शॉप में पहुंची तभी वहां पहुंची एक अन्य महिला ने उसके बैग से 2 लाख की नकदी उड़ा दी और रफूचक्कर हो गई। अपने साथ हुई इस घटना का खुलासा होते ही महिला के होश उड़ गए। जैसे तैसे महिला घर पहुंची और अपने पति के साथ ज्वालापुर थाने में अज्ञात के खिलाफ लिखित तहरीर दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चौक करते हुए पुलिस आरोपी महिला तक पहुंचने में कामयाब हुई। आरोपित महिला मुन्नी पत्नी अल्लादिया निवासी आदिल नगर निकट भुतेषी मंदिर थाना सिटी कोतवाली जनपद बुलंदशहर उत्तर प्रदेश को पुलिस ने महिला कांस्टेबल की मदद से मोहल्ला मेहतान ज्वालापुर से धर दबोचा। आरोपित महिला के कब्जे से चुराई गई 2 लाख की रकम भी पुलिस ने बरामद कर ली। आरोपित महिला का धारा 380 के तहत चालान कर दिया गया है।

## पंजाबी सिंगर बी प्राक ने लिया स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज से आशीर्वाद

हरिद्वार। पंजाबी सिंगर, कंपोजर और म्यूजिक डायरेक्टर बी प्राक ने सिद्धपीठ श्री दक्षिण काली मन्दिर पहुंचकर माई का दर्शन पूजन किया और निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज से आशीर्वाद लिया। बी प्राक ने स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज से धार्मिक विषयों पर चर्चा की और भजन भी सुनाए। साथ ही मंदिर में भजन संध्या आयोजित करने के विषय में भी चर्चा की। स्वामी ने रुद्राक्ष की माला, माई की चुनरी, नारियल और शॉल ओढ़ाकर उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि मां श्री दक्षिण काली की कृपा से बी प्राक संगीत की दुनिया में उच्चतम मुकाम हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सनातन धर्म संस्कृति का स्वर्णिम काल है। पूरे विश्व में सनातन का परचम लहरा रहा है। अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजमान हुए भगवान राम लला की कृपा से विश्व में शांति और सौहार्द का वातावरण बनेगा। प्रत्येक व्यक्ति का जीवन मंगलमय होगा। बी प्राक ने कहा कि धर्मनगरी हरिद्वार और मां गंगा उन्हें हमेशा लुभाते हैं।

# गणतंत्र दिवस पर रेलगाड़ियों के लिए डेढ़ घंटे बंद रहेगा तिलक ब्रिज, कई रेलगाड़ियां रद्द तो कई का मार्ग बदला




नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड समारोह के मद्देनजर 26 जनवरी को नई दिल्ली में तिलक ब्रिज पर रेल यातायात सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक अस्थायी रूप से निलंबित रहेगा। उत्तर रेलवे ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि तिलक ब्रिज पर रेल यातायात बंद होने कारण कुछ रेलगाड़ियां अस्थायी रूप से रद्द रहेंगी तो कुछ परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। इसी तरह कुछ रेलगाड़ियां रोक कर चलाई जाएंगी। इनमें राजधानी, दुरंतो और जनशताब्दी रेलगाड़ियां भी शामिल हैं।

रेलगाड़ियां रद्दः रेलगाड़ी संख्या 04952 नई दिल्ली-गाजियाबाद स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04913/04912 पलवल-गाजियाबाद-पलवल स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04965 पलवल-नई दिल्ली स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04947 गाजियाबाद-नई दिल्ली स्पेशल 26 जनवरी को रद्द रहेगी।

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन : रेलगाड़ी संख्या 04444 नई दिल्ली-गाजियाबाद ईएमयू एक्सप्रेस स्पेशल को नई दिल्ली-दिल्ली-दिल्ली शाहदरा-साहिबाबाद के रास्ते चलाया जाएगा। रेलगाड़ी संख्या 04408 शकूरबस्ती-पलवल ईएमयू एक्सप्रेस स्पेशल को पटेल नगर-दिल्ली सफदरजंग-हजरत निजामुद्दीन के रास्ते चलाया जाएगा। रेलगाड़ी संख्या 04956 दिल्ली-गाजियाबाद स्पेशल (वाया तिलक ब्रिज) को जरूरत पड़ने पर दिल्ली-दिल्ली शाहदरा-साहिबाबाद के रास्ते चलाया जाएगा।

रेलगाड़ी संख्या 14315 बरेली-नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस को जरूरत पड़ने पर वाया साहिबाबाद-दिल्ली शाहदरा-दिल्ली जं.-नई दिल्ली के रास्ते चलाया जाएगा। रेलगाड़ी संख्या 12423 डिब्रूगढ़ टाउन-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को जरूरत पड़ने पर साहिबाबाद-दिल्ली शाहदरा-दिल्ली-नई दिल्ली के रास्ते चलाया जाएगा। रेलगाड़ी संख्या 12313 सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को यदि आवश्यक हुआ तो साहिबाबाद-दिल्ली शाहदरा-दिल्ली जं.-नई दिल्ली के रास्ते चलाया जाएगा। रेलगाड़ी संख्या 12441 बिलासपुर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को यदि आवश्यक हुआ तो साहिबाबाद-दिल्ली शाहदरा-दिल्ली जं.-नई दिल्ली के रास्ते चलाया जाएगा। रेलगाड़ी संख्या 12259 सियालदह-बीकानेर दुरंतो एक्सप्रेस को जरूरत पड़ने पर साहिबाबाद-दिल्ली शाहदरा-दिल्ली-नई दिल्ली के रास्ते चलाया जाएगा। रेलगाड़ी संख्या 12056 देहरादून-नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस को साहिबाबाद-दिल्ली शाहदरा-दिल्ली-नई दिल्ली के रास्ते चलाया जाएगा।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय    कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063